YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-297 ❑ सोमवार, 01 दिसम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भारत निर्वाचन आयोग ने अहर्ता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे एसआईआर की तिथियों में संशोधन करते हुए अवधि एक सप्ताह बढ़ा दी है। नई तिथियों के अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक घर-घर गणना और मतदाताओं का सत्यापन कार्य किया जाएगा। नवदीप रिणवा

कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में फंसाने का झूठा आरोप लगा रही है : भाजपा 11

टिहरी झील बनेगी अंतरराष्ट्रीय एडवेंचर स्पोर्ट्स हबः मुख्यमंत्री 12

# रोमांचक मुकाबले में भारत की शानदार जीत

एजेंसी

रांची। रांची के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) स्टेडियम में खेले गए भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में टीम इंडिया ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मुकाबले में विराट कोहली की शानदार शतकीय पारी, रोहित शर्मा का विश्व रिकॉर्ड और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी भारत की जीत के मुख्य आधार रहे।

टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने विराट कोहली के 135 रनों की लाजवाब पारी, रोहित शर्मा के 57 और केएल राहुल के 60 रनों की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में 349 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के



सामने 350 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन पूरी टीम 332 रनों पर सिमट गई। भारत की

- ❑ साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया
- कोहली का ऐतिहासिक 83वां शतक
- रोहित ने बनाया छक्कों का वर्ल्ड रिकॉर्ड
- कुलदीप के 4 विकेट से भारत ने वनडे सीरीज में ली 1-0 की बढ़त

ओर से कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। इस मैच में विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अपना 83वां शतक जड़ा। यह उनका वनडे क्रिकेट में 52वां शतक रहा। इसी के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर के एक प्रारूप में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कोहली ने अपना शतक 102 गेंदों में 7 चौकों और 6 छक्कों की मदद से पूरा किया। वह रांची में तीन शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए।

● विस्तृत खबर पेज 10 पर


# आज पूरे प्रदेश में लागू होगी बिजली बिल राहत योजना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक दिसंबर से प्रारंभ हो रही बिजली बिल राहत योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का वह महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कदम माना जा रहा है, जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों और छोटे बिजली उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के घरेलू और छोटे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बिजली बिल के बोझ से राहत देना और उन्हें एक सरल, सम्मानजनक समाधान प्रदान करना है। इस योजना का लाभ उपभोक्ता एक दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक उठा सकेंगे।

इस योजना के अंतर्गत पहली बार 100 प्रतिशत ब्याज और सरचार्ज माफी और मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है। 2 किलो वाट तक छोटे घरेलू उपभोक्ता तथा एक किलोवाट तक के कनेक्शन वाले व्यावसायिक ग्राहकों

- ❑ योगी सरकार की बिजली बिल राहत योजना से मिलेगी उपभोक्ताओं को बड़ी सहूलियत
- ❑ आसान किस्तें व औसत खपत के आधार पर बिल का कैंपों में होगा समायोजन



को विशेष लाभ मिलेगा। इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का विजन स्पष्ट होता है कि बिजली उपभोक्ताओं के साथ सहानुभूतिपूर्ण और सहयोगात्मक व्यवहार स्थापित किया जाए। यूपीपीसीएल के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने समीक्षा बैठक में कहा कि आम जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए सरकार बकाया बिलों के समाधान के लिए यह व्यापक राहत योजना लेकर आयी है। आसान किस्तों की सुविधा और बढ़े हुए बिलों को औसत खपत के आधार पर स्वचालित रूप से समायोजित करने की व्यवस्था से उपभोक्ताओं को वास्तविक आर्थिक राहत मिलेगी। विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए यह योजना बड़ी राहत का माध्यम बनेगी जो पूर्व में अनाधिकृत विद्युत उपयोग से जुड़े प्रकरणों में उलझे थे। इस योजना के अंतर्गत ऐसे प्रकरणों में चल रहे मुकदमों का निस्तारण कराया जाएगा, जिससे प्रभावित परिवारों को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से छुटकारा मिलेगा। इस योजना में पंजीकरण सरल प्रक्रिया से होगा, जिसे www. uppcl.org के माध्यम से ऑनलाइन या अपने स्थानीय बिजली खंड कार्यालय में जाकर पूरा किया जा सकता है। उपभोक्ताओं को विस्तृत सूचना उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें नोटिस, पंपलेट, सूचना पत्र और गांव तथा शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह योजना गरीब परिवारों, छोटे दुकानदारों, किसान उपभोक्ताओं और ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र बिजली ग्राहकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी। ब्याज माफी और मूलधन में छूट तत्काल राहत देती है, वहीं आसान किस्तों का विकल्प मासिक आर्थिक दबाव कम करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह प्रयास न केवल उपभोक्ताओं को राहत देगा बल्कि राज्य की विद्युत व्यवस्था में अनुशासन और विश्वास की नई नींव भी स्थापित करेगा। सरकार का संकल्प स्पष्ट है कि हर उपभोक्ता को न्यायपूर्ण, सुलभ और सरल ऊर्जा व्यवस्था मिले, जिससे प्रदेश के नागरिक ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक राहत का लाभ समान रूप से प्राप्त कर सकें।

## संक्षेप

### दंतेवाड़ा में 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**दंतेवाड़ा/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में रविवार को 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें 27 नक्सलियों पर 65 लाख रुपये का इनाम घोषित था। दंतेवाड़ा जिले की पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आत्म समर्पण करने वाले नक्सली, पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ों में शामिल रहे हैं, कुछ नक्सली ग्राम मिनपा के जंगलों में हुए मुठभेड़ में शामिल थे, यह मुठभेड़ मार्च 2020 में हुई थी, मुठभेड़ में 26 जवानों की शहादत हुई थी तथा 20 जवान घायल हुए थे। इसी तरह मार्च 2020 की नक्सल हिंसा में भी इन नक्सलियों की सक्रिय भूमिका थी। साल 2024 ग्राम - ग्राम- थूलथूली के मुठभेड़ों में भी ये नक्सली शामिल रहे हैं। कुमली उर्फ अनीता, गीता उर्फ लखमी, रंजन उर्फ सोमा मंडावी, भीमा उर्फ जहाज कमलू पर आठ-आठ लाख रुपयों का इनाम घोषित था। नक्सलियों में इंद्रावती/आमदई/भैरमगढ़ और मलांगेर एरिया कमेटी के सदस्यों के साथ ही आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों की सूची में नाम उनका भी है,जो लोग पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के सदस्य रहे हैं।

### यूपीएफसी की ईपीएफओ परीक्षा संपन्न

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ईपीएफओ भर्ती परीक्षा 30 नवंबर को प्रयागराज के 58 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गयी। एनफोर्समेंट ऑफिसर (ईओ), एकाउंट ऑफिसर्स (एओ) और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (एपीएफसी) पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गयी। प्रयागराज में कुल 22831 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बताया, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 58 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी। केंद्रों पर कड़ी तलाशी के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी गयी। 230 पदों के लिए हो रही परीक्षा 25 नवंबर को ही यूपीएससी ने ईपीएफओ भर्ती परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया था। 230 पदों के लिए परीक्षा कराई गयी है, जिसमें ईओ और एओ के 156 और एपीएफसी के 74 पद हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बताया कि परीक्षा में किसी तरह की सेंधमारी न होने पाए, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी।

### कफ सीरप तस्करी का मास्टरमाइंड भोला कोलकाता से गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले की पुलिस टीम ने कोलकाता से कफ सीरप तस्करी के मास्टरमाइंड वाराणसी जिले के आदमपुर प्रहलाद घाट स्थित कायस्थ टोला निवासी भोला प्रसाद जायसवाल पुत्र रामदयाल को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। वह विदेश भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कोलकाता में ट्रांजिट रिमांड के लिए न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। कोर्ट से मंजूरी के बाद आरोपित को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया जाएगा।

# संसद सत्र आज से टकराव के आसार

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार, एक दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेगा। सत्र की शुरुआत से पहले ही सियासी माहौल गरमा गया है और इस बार संसद में तीखे टकराव के पूरे आसार दिखाई दे रहे हैं। एक ओर जहां सरकार सुधारों से जुड़े अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने की तैयारी में है, वहीं विपक्ष विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को लेकर सरकार पर हमला बोलने की रणनीति बना चुका है। इसके अलावा जमीयत उलमा-ए-हिंद के एक नेता के बयान से जुड़े 'जिहाद' विवाद को लेकर भी सरकार आक्रामक रुख अपना सकती है।

इस सत्र के दौरान सरकार कुल 10 अहम विधेयकों को पेश करने की तैयारी में है, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण 'परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025' शामिल है। इस विधेयक के जरिए असैन्य परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 'भारतीय उच्च शिक्षा आयोग विधेयक', राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2025, प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक (एसएमसी), 2025 और मध्यस्थता व सुलह अधिनियम में संशोधन से जुड़े प्रस्ताव भी सरकार के एजेंडे में शामिल हैं। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, इस सत्र में वर्ष का पहला अनुपूरक बजट भी पेश किया जा सकता है। इस सत्र के लिए कुल 15 बैठकें निर्धारित की गई हैं। सरकार की मंशा उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक स्वायत्त और



- ❑ सरकार जहां परमाणु ऊर्जा समेत 10 अहम विधेयकों के साथ सुधार एजेंडे को आगे बढ़ाएगी
- ❑ वहीं विपक्ष एसआईआर और हालिया बयानों को लेकर सदन के भीतर-बाहर सरकार को घेरेगा

पारदर्शी बनाने के लिए उच्च शिक्षा आयोग की स्थापना करने की है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग (संशोधन) विधेयक का लक्ष्य भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और विवादमुक्त बनाना है। कॉरपोरेट कानून संशोधन का उद्देश्य 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और मजबूत करना है। प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक के जरिए सेबी अधिनियम, डिपॉजिटरी अधिनियम और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम को एकीकृत किया जाएगा। वहीं विपक्ष इस पूरे सत्र में एसआईआर को मुख्य मुद्दा बनाने के मूड में है। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद हुए बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को शानदार जीत मिली है, जबकि विपक्षी महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद से ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव लगातार एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर हमलावर हैं। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस भी एसआईआर को लेकर केंद्र और चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोले हुए है। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के जरिए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। विपक्षी दलों ने साफ कर दिया है कि वे इस मुद्दे को संसद के भीतर और बाहर दोनों जगह मजबूती से उठाएंगे। सत्र के दौरान संसद परिसर में प्रदर्शन और हंगामे की पूरी संभावना है। इसी कारण इस बार संसद की कार्यवाही के सुचारु संचालन को लेकर सरकार भी सतर्क है। शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। सत्ता पक्ष की ओर से इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, भाजपा अध्यक्ष ● शेष पेज 11 पर

# लव जेहाद और नशा समाज के लिए खतरा : योगी

## संतों से संगठित जनजागरण की अपील, सनातन एकता पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी

लखनऊ/झज्जर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत जब-जब स्वर्णयुग की ओर बढ़ा है, तब-तब विदेशियों ने विभिन्न माध्यमों से प्रहार करने की कोशिश की है। आज भी धर्मांतरण, लव जेहाद और नशे के जरिए समाज को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, जिनसे सजग रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के झज्जर जनपद के कबलाना गांव स्थित बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ मान



के भव्य भंडारे में शामिल होकर समाज और संत समुदाय को सतर्क रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा अनिवार्य है। जब हम बंटे, तब-तब हमें नुकसान हुआ। इसलिए न जाति के नाम पर बंटना है, न क्षेत्र और न ही भाषा के आधार पर। उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर परिसर में फहराए गए भगवा धर्मध्वज का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां सनातन की ● शेष पेज 11 पर

## चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया को एक सप्ताह बढ़ाया

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों में जारी मतदाता सूची को अपडेट करने से जुड़ी प्रक्रिया एसआईआर की तिथियों में बदलाव करते हुए इन्हें एक सप्ताह आगे बढ़ाया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अब मसौदा मतदाता सूची 9 के बजाय 16 दिसंबर और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी की बजाय 14 फरवरी को प्रकाशित होगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन आयोग ने सभी गतिविधियों की समय-सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। नए कार्यक्रम के तहत गणना अवधि और मतदान केंद्रों के पुनर्गठन की प्रक्रिया अब 11 ● शेष पेज 11 पर

# सोनिया और राहुल के खिलाफ नयी प्राथमिकी, भड़की कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज नयी प्राथमिकी को लेकर कांग्रेस ने कहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न और बदले की राजनीति जारी रखे हुए है तथा नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह फर्जी है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को बयान जारी कर कहा ''मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और बदले की अपनी शरारती राजनीति जारी रखे हुए है।



जो लोग धमकी दे रहे हैं, वे खुद असुरक्षित और भयभीत हैं। उन्होंने आगे कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह से फर्जी है। अंततः न्याय की जीत होगी। सत्यमेव जयते। गौरतलब है कि इस प्राथमिकी में श्री गांधी और पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गांधी के साथ छह अन्य लोगों और तीन कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि कांग्रेस से ● शेष पेज 11 पर

## वोकल फॉर लोकल से लेकर खेल, युवा और किसान तकः 'मन की बात' में पीएम मोदी का राष्ट्रव्यापी संदेश

# नए साल की खरीदारी में वोकल फॉर लोकल अपनाएं

एजेंसी

नयी दिल्ली वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों को कई अहम विषयों पर संबोधित किया। उन्होंने जहां आगामी क्रिसमस और नये वर्ष के अवसर पर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की, वहीं भारतीय खेलों की शानदार उपलब्धियों, युवाओं की वैज्ञानिक सोच और किसानों की बढ़ती आय का भी विस्तार से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री का संदेश आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत और सामूहिक प्रयास की भावना से जुड़ा रहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि 'वोकल फॉर लोकल' अब देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष त्योहारों की खरीदारी में यह साफ दिखाई दिया कि लोग विदेशी उत्पादों की बजाय भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### पीएम बोले

- ❑ खेलों में ऐतिहासिक उपलब्धियों पर गर्व, युवाओं की लगन को बताया विकसित भारत की शक्ति और शहद उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी का उल्लेख
- ❑ कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलना शानदार, नवंबर खेलों के लिए शानदार रहा

छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े बाजार तक इस बदलाव को महसूस किया गया। युवाओं ने भी इस अभियान को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में क्रिसमस और नये साल पर खरीदारी का नया दौर शुरू होगा और उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे स्वदेशी उत्पाद ही खरीदें। प्रधानमंत्री ने कहा, खरीदें वही जो देश में बना हो, बेचें वही जिसमें किसी देशवासी की मेहनत लगी हो। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि हाल ही में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जब विश्व नेताओं



को उपहार देने का अवसर आया, तो उन्होंने पूरी तरह स्वदेशी उत्पादों को ही चुना। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को तमिलनाडु के तंजावुर की चोलकालीन धरोहर से जुड़ी नटराज की कांस्य प्रतिमा भेंट की गई। कनाडा के प्रधानमंत्री को राजस्थान के उदयपुर की प्रसिद्ध शिल्पकला को दर्शाती चांदी के अश्व की प्रतिकृति दी गई। जापान के प्रधानमंत्री को तेलंगाना और करीमनगर के कारीगरों द्वारा तैयार की गई चांदी की बुद्ध प्रतिमा भेंट की गई। इटली की प्रधानमंत्री को करीमनगर की धातु शिल्पकला से बना चांदी का दर्पण दिया गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को केरल के मन्नार का प्रसिद्ध तांबे का 'उरली' भेंट किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका उद्देश्य था कि दुनिया भारतीय कला, शिल्प और कारीगरों की प्रतिभा से परिचित हो। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि खेलों के लिहाज से यह महीना भारत के लिए सुपरहिट रहा है। उन्होंने बताया कि इस महीने की शुरुआत भारत की महिला टीम द्वारा आईसीसी महिला विश्व कप जीतने से हुई और समापन ब्लाइंड ● शेष पेज 11 पर

### काशी- तमिल संगमम जैसे आयोजनों से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना होती है मजबूत : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व की सबसे पुरानी भाषा तमिल और विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक शहर काशी के संगम को अद्भुत बताते हुए कहा है कि काशी तमिल संगमम जैसे आयोजनों से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत होती है। श्री मोदी ने रविवार को यहां अपने मासिक रेड़ियो कार्यक्रम ' मन की बात' में कहा कि दो दिसंबर से काशी के नमो घाट पर चौथा काशी-तमिल संगमम शुरू हो रहा है। इस बार के काशी-तमिल संगमम की थीम, 'तमिल सीखो' बहुत ही रोचक है। उन्होंने कहा कि काशी-तमिल संगमम उन सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है जिन्हें तमिल भाषा से लगाव है। काशी के लोगों से जब भी बात होती है तो वो हमेशा बताते हैं कि काशी-तमिल संगमम का हिस्सा बनना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। यहां उन्हें कुछ नया सीखने और नए-नए लोगों से मिलने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा,'' इस बार भी काशीवासी पूरे जोश और उत्साह के साथ तमिलनाडु से आने वाले अपने भाई-बहनों का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि आप काशी-तमिल संगमम का हिस्सा जरूर बनें। इसके साथ ही ऐसे और भी मंचों के बारे में सोचें, जिनसे 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना मजबूत हो।

## ए 320 परिवार के विमानों पर अनिवार्य सॉफ्टवेयर अपडेट का काम पूरा

नयी दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता) ए320 परिवार के विमानों पर फ्लाइट कंट्रोल की समस्या से संबंधित सॉफ्टवेयर अपडेट का काम सभी एयरलाइंस ने पूरा कर लिया है।

जेटब्लू की उड़ान 1230 में 30 अक्टूबर को हुई घटना के बाद एयरबस ने दुनिया भर में ए320 परिवार (ए319, ए320 और ए321) के कई संस्करणों के लिए अनिवार्य अपडेट संबंधी मशविरा जारी किया है। यह समस्या विमान के फ्लाइट कंट्रोल से संबंधित है। इसके बाद पहले यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) और फिर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस के लिए निर्देश जारी किये थे। भारत में तीन विमान सेवा कंपनियों इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास ए320 परिवार के विमान हैं। इनमें जिन 338 विमानों पर अपडेट की जरूरत थी। उनमें 200 विमान इंडिगो के पास, 113 एयर इंडिया के पास और 25 एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास हैं। डीजीसीए के अपडेट में बताया गया है कि इंडिगो ने सभी 200 विमानों पर अपडेट ● शेष पेज 11 पर

# विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक सम्पन्न

**सभापति अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। सभापति अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में रविवार को संगम सभागार में विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रयागराज, कौशाम्बी एवं फतेहपुर जनपद के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने सभापति एवं विधान परिषद सदस्यों का अंगवस्त्र व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, माध्यमिक शिक्षा, नगर विकास, ग्राम विकास, पंचायती राज, ऊर्जा विभाग सहित कई विभागों से जुड़े मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभापति ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता है और सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।बिजली बिल राहत योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश समिति ने ऊर्जा विभाग से बिजली बिल राहत योजना 2025 को सरकार की प्रमुख योजना बताते हुए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने को कहा।

निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक लोगों तक जानकारी पहुँचाने हेतु कैंप लगाए जाएँ। पात्र लाभार्थियों को शीघ्रता से लाभ उपलब्ध कराया जाए। जिन मजरों में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, वहाँ जनप्रतिनिधियों की सलाह से कार्य कराए जाएँ।? प्रयागराज के ऐसे बेसिक स्कूलों की सूची व सत्यापन कर विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए जहाँ अभी आपूर्ति नहीं है।

## नगर निगम कार्यों पर समिति ने जताया संतोष

नगर निगम से संबंधित निर्माण कार्य, पार्क सौंदर्यीकरण आदि पर नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा से जानकारी ली गई। समिति ने नगर निगम कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।साथ ही संबंधित विभागों को अंतर्विभागीय समन्वय बेहतर कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया।

## फोटो ग्राफ्स व स्पष्ट प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश

समिति ने कहा कि सभी प्रकरणों के निस्तारण से संबंधित फोटोग्राफ्स एवं स्पष्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।लंबित प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र कर समिति को अवगत कराने को कहा गया। सभापति ने दोहराया कि सभी याचिकाएं जनता से जुड़ी होती हैं और उनके निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।बैठक के अंत में जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आश्वस्त किया कि समिति के निर्देशों का अनुपालन प्राथमिकता से कराया जाएगा। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, के0पी0 श्रीवास्तव, अनु सचिव रविन्द्र भाई पटेल, तीनों जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीड़ बढ़ने पर स्नान पर्वों में नहीं बिकेगा प्लेटफॉर्म टिकट

प्रयागराज। मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्नान पर्वों के दौरान प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री रोकने का निर्णय लिया गया है। रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। यात्रियों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन और आपात स्थिति में सुगम संचालन के लिए यह व्यवस्था लागू रहेगी। रेलवे ने यात्रियों को अनावश्यक भीड़भाड़ से बचने की अपील की है।

## माघ मेला: सबसे पहले दंडी स्वामियों को आवंटित होगी भूमि

प्रयागराज। माघ मेले में भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने को है और इस क्रम में सबसे पहले भूमि दंडी स्वामियों को प्रदान की जाएगी। गंगा पूजन के उपरांत भूमि आवंटन औपचारिक रूप से शुरू होगा। प्रशासन के अनुसार संतों और अखाड़ों के आवागमन, आवास और व्यवस्था हेतु विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सुरक्षा व मार्ग योजना पर भी कार्य जारी है।

## प्रयागराज से रोडवेज बसें अब बदले हुए स्थान से चलेंगी

प्रयागराज। रोडवेज बस संचालन में परिवर्तन करते हुए अब बसें नए निर्धारित स्थान से संचालित की जाएंगी। यह बदलाव यात्रियों की सुविधा और परिवहन व्यवस्था को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से लागू किया गया है। परिवहन विभाग ने यात्रियों से नए रूट व स्टॉपेज के अनुसार यात्रा करने का आग्रह किया है। नई व्यवस्था की जानकारी स्टेशनों पर प्रदर्शित की जा रही है।

## प्रयागराज में राष्ट्रीय शिल्प मेला आज से शुरू

प्रयागराज। राष्ट्रीय शिल्प मेला आज से प्रारंभ हो रहा है जिसमें विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प, घरेलू उत्पाद, कला प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले में बड़ी संख्या में शिल्पकार शामिल होंगे और स्थानीय व पारंपरिक कला को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए विशेष प्लान बनाया है। पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है।

## माघ मेला ट्रैफिक प्लानिंग का ब्लूप्रिंट तैयार

प्रयागराज। माघ मेला क्षेत्र के लिए ट्रैफिक प्रबंधन का ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया गया है। जनपद पुलिस और ट्रैफिक विभाग ने भीड़, पार्किंग, एंट्री-एग्जिट मार्गों और आपात संचालन पर आधारित विस्तृत योजना तैयार की है। मेला क्षेत्र में सुचारू वाहन संचालन, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के मद्देनजर यह रणनीति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। योजना को अंतिम स्वीकृति के बाद लागू किया जाएगा।

## माघ मेला 2026 – सुरक्षा को अभेद बनाने की तैयारी शुरू

प्रयागराज। माघ मेला 2026 के लिए सुरक्षा व्यवस्था को अभेद बनाने की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। प्रशासन ने सुरक्षा घेरा, निगरानी व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल सिस्टम और पुलिस तैनाती में विस्तार की रूपरेखा पर काम शुरू कर दिया है। उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों के साथ भीड़ नियंत्रण और आपात प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी। मेला क्षेत्र में सुरक्षा गश्त और निगरानी तंत्र मजबूत करने की दिशा में प्रारंभिक अभ्यास भी शुरू है।

## ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत हुए पवन सोनकर



कोराव, प्रयागराज । समाजवादी पार्टी ने पवन सोनकर को कोरांव ब्लाक अध्यक्ष का प्रभार सौंपा है। इस मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सपा नेता पवन सोनकर को पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज, विधान परिषद सदस्य डॉ मान सिंह यादव और मेजा विधायक संदीप पटेल ने प्रमाण पत्र देकर बधाई दी। पवन सोनकर ने कहा कि इस महत्वपूर्ण पद पर दलित समाज के बेटे को नियुक्त कर पार्टी ने दलित समाज का मान सम्मान बढ़ाया है और संगठन को मजबूती प्रदान की है।

## 100 करोड़ की ठगी मामले में पटाखा माफिया कादिर पर चार्जशीट की तैयारी तेज

प्रयागराज। कुख्यात पटाखा कारोबारी कादिर के खिलाफ आर्थिक ठगी के मामले में कार्रवाई का दायरा और सख्त किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, लगभग 100 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़े प्रकरण में पुलिस जल्द ही चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई और तेज होने की संभावना है।आरोप है कि कादिर ने लोगों को रकम दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की थी। इसी सिलसिले में शाहगंज थाने में FIR दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई। आर्थिक अपराध शाखा और स्थानीय पुलिस ने विभिन्न पीड़ितों के बयान व साक्ष्य जुटाकर कानूनी प्रक्रिया को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है।वर्तमान में आरोपी नैनी सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में बंद है। चार्जशीट दाखिल होने के बाद उसके खिलाफ कुर्की और अन्य कार्रवाई की संभावनाएं भी प्रबल मानी जा रही हैं।

## अतीक अहमद गैंग के सदस्य के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर तीन आरोपी नामजद

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के नेटवर्क पर लगातार हो रही कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने उसके गुर्गे जेपी दुबे सहित तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत क्क्ष्ट दर्ज की है। यह मुकदमा एयरपोर्ट थाने में पंजीकृत किया गया है।नामजद आरोपियों में जेपी दुबे, भईयालाल और विकास पासी शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, तीनों पर जबरन कब्जा, रंगदारी व मारपीट जैसे गंभीर अपराधों के आरोप हैं, तथा इन पर पहले भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई को माफिया तंत्र को कमजोर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।गैंगस्टर एक्ट लगने के बाद आरोपियों की संपत्ति व गतिविधियों पर निगरानी और सख्त की जाएगी। पुलिस टीम आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए गैंग की गतिविधियों के नेटवर्क की जांच में जुटी है।

## चेयरमैन के इकलौते पुत्र की छत से गिरकर मौत, महाराष्ट्र में हादसा

प्रयागराज। जनपद में शोक की लहर उस समय दौड़ गई जब चेयरमैन के इकलौते पुत्र की महाराष्ट्र के भिवंडी में छत से गिरकर मौत हो गई। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी पुष्टि आधिकारिक रूप से नहीं हो सकी है, परिजनों ने घटना को गहरी क्षति बताया है। सूचना मिलते ही परिजनों, मित्रों और समर्थकों में शोक व्याप्त है। शव को पोस्टमार्टम के बाद प्रयागराज लाए जाने की तैयारी है। स्थानीय प्रशासन ने मामले में औपचारिक प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं।

## मतांतरण के आरोप पर विहिप कार्यकर्ताओं का हंगामा

प्रयागराज। शहर में मतांतरण के आरोप को लेकर विश्व हिंदू परिषद (ठ्ठक्क) कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और विरोध जताया। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बन गई, हालांकि पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति नियंत्रित कर ली। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तथ्य और साक्ष्यों के आधार पर जांच की जाएगी, फिलहाल मामले में पूछताछ की प्रक्रिया चल रही है।

## हाईकोर्ट गेट नंबर 3 के पास संदिग्ध व्यक्ति से 19 कारतूस बरामद

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट गेट नंबर 3 पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक संदिग्ध व्यक्ति के पास से सुरक्षा जांच में 19 कारतूस बरामद हुए। सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोर्ट परिसर जैसी संवेदनशील जगह पर कारतूस मिलने से सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और व्यक्ति के उद्देश्यों व नेटवर्क की जांच जारी है।

## दूरबीन तकनीक से 70 वर्षीय मरीज के गुर्दे का अवरोध हटाने में सफलता

प्रयागराज। चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि दर्ज करते हुए डॉक्टरों की टीम ने दूरबीन विधि से 70 वर्षीय मरीज के गुर्दे में जमा अवरोध को हटाकर सफल ऑपरेशन किया। डॉक्टरों के अनुसार यह प्रक्रिया सामान्य ऑपरेशन की तुलना में कम दर्दनाक और कम जोखिम वाली होती है। मरीज की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। चिकित्सा संस्थान ने इसे वरिष्ठ नागरिकों के उपचार में तकनीकी प्रगति का उदाहरण बताया है।

## प्रयागराज के किशन कुमार एशिया कप में बिहार के वैभव सूर्यवंशी के साथ दिखाएंगे दम

प्रयागराज। जिले के युवा खिलाड़ी किशन कुमार एशिया कप में भाग लेकर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। किशन कुमार बिहार के वैभव सूर्यवंशी के साथ प्रतियोगिता में जलवा बिखेरेंगे। खेल प्रेमियों में उत्साह चरम पर है और स्थानीय खेल संगठनों ने युवक को शुभकामनाएं दी हैं। चयन को क्षेत्र में प्रतिभा और मेहनत का परिणाम माना जा रहा है।

# डॉ. नाज़ फात्मा ने जन्मदिन पर की बड़ी सामाजिक पहल, गरीब कन्याओं के विवाह का उठाया जिम्मा

**26 जागरूकता रैलियों में 12,700 बच्चों की भागीदारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। फात्मा वेलफ़ेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नाज़ फात्मा ने अपने जन्मदिन को समाजसेवा के नाम समर्पित कर एक मिसाल पेश की। उन्होंने केक काटकर जन्मदिन मनाया और इसके साथ ही झोपड़पट्टी व वंचित बस्तियों में रहने वाले लोगों को भोजन पैकेट, कंबल, गर्म वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया।

बच्चों को जीन्स-शर्ट और बच्चियों को फ्रॉक तथा चॉकलेट भी भेंट की गईं।डॉ. फात्मा खुद टीम के साथ करैली चौराहा, करैली 60 फिट रोड, सिविल लाइंस गिरजाघर आसपास के इलाकों में घूमकर जरूरतमंदों को सामग्री उपलब्ध कराती रहीं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि फात्मा हॉस्पिटल के स्थापना दिवस पर 5 से 6 गरीब कन्याओं का विवाह धूमधाम से कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि धर्म या जाति कोई भी हो, जरूरतमंद परिवार रिश्ता तय होने के बाद संपर्क करें। सभी आवश्यक औपचारिकताओं के बाद विवाह संपन्न कराया जाएगा।डॉ. नाज़ फात्मा ने स्पष्ट कहा कि वे दहेज प्रथा को गलत मानती हैं, लेकिन गरीब परिवार की बेटियों की शादी सम्मानपूर्वक एवं वैभवपूर्ण तरीके से की जाएगी, जैसे सम्पन्न परिवार अपनी बेटियों की विदाई करते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख व्यक्तिः डॉ. सैय्यद नाज़िम, डायरेक्टर अमित यादव, डॉ. जमशेद अली, डॉ. नावेद शेख, डॉ. तारिक़ आलम, मोहम्मद परवेज़, डॉ. सारा, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, शिवम यादव सहित कई शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## एसआईआर प्रक्रिया के अब कुछ दिन ही शेष, सक्रियता जुटे रहें पार्टी के कार्यकर्ता : संजय गुप्ता

प्रयागराज । मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। बीएलओ 2 को लेकर बीजेपी कार्यकर्ता सक्रियता से कार्य में लगे रहें। यह बात रविवार को महानगर क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण के बाद भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कही।उन्होंने कहा कि बीएलए 2 छूटे हुए नामों को जोड़ने का काम करेगा इसलिए कार्यकर्ता सक्रियता पहले की भांति सक्रियता बरकरार रखें। लोगों को एसआईआर फार्म भरने हेतु जागरूक करते रहें और सहयोग करने में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मुट्ठीगंज, तिलकनगर, अल्लापुर हैजा अस्पताल, ज्वाला देवी विद्या मंदिर, जीएचएस, बीएचएस आदि विभिन्न बूथों पर निरीक्षण कर एसआईआर को लेकर जनता को जागरूक किया साथ ही बीएलए 2 से संपर्क कर उन्हें पूरी सक्रियता से 4 दिसंबर तक लगने का आह्वाहन किया है। इस दौरान जिन लोगों को फार्म भरने में कठिनाई हो रही थी उनकी मदद भी की गई।

# जिलाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में तेजी लाने पर ज़ोर – बूथ लेवल एजेंट सक्रिय करने की अपील**

**डीएम ने जोर देते हुए कहा– ''एसआईआर कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे निर्धारित समय में प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना आवश्यक है।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने रविवार को संगम सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति को लेकर बैठक की।

उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 56 प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा संग्रहित कर डिजिटाइज किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि शेष समय में बूथ लेवल एजेंटों को सक्रिय करते हुए एसआईआर फॉर्म जमा कराने में सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों–शहर उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी– में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां डिजिटाइजेशन बढ़ाने के लिए अतिरिक्त नोडल अधिकारी, जोनल टीमें व नगर निगम कर्मी तैनात कर दिए गए हैं।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यदि एसआईआर की प्रक्रिया में कोई समस्या उत्पन्न हो रही है, तो दलों के प्रतिनिधि तत्काल अवगत कराएं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जा सके।

## मतदाताओं से जिलाधिकारी की अपील , अंतिम पांच दिन अत्यंत महत्वपूर्ण

जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान के अंतिम पांच दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर तथा निर्धारित बूथों पर बैठकर फॉर्म स्वीकार करेंगे।जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है, वे शीघ्र बीएलओ से संपर्क कर प्रपत्र उपलब्ध कराएँ।उन्होंने कहा कि–? कठिनाई होने पर मतदाता कॉल सेंटर नंबर 1950 व 0532-2644024 पर संपर्क कर सकते हैं।? इच्छुक नागरिक ऑनलाइन भी प्थप्द्न्प.द्गदद्ब.द्दथ्फ.द्बद्ब के माध्यम से फॉर्म जमा कर सकते हैं। व्यापार संगठन, उद्योग मंडल, एनजीओ, सिविल डिफेंस एवं नगर निगम के सहयोग से डिजिटाइजेशन प्रक्रिया को गति दी जा रही है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जिन नागरिकों के गणना प्रपत्र जमा होंगे, उन्हीं के नाम ड्राफ्ट सूची में प्रकाशित किए जाएंगे। यदि किसी कारण नाम छूट जाए तो फॉर्म-6 भरकर नाम जोड़ा जा सकेगा।उन्होंने जनपदवासियों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में योगदान देने की अपील की और कहा कि–''हर पात्र मतदाता की भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है।''बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूजा मिश्रा, राष्ट्रीय व राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन से जुड़े विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की परखी प्रगति

**महबूब अली इंटर कॉलेज, द्वारिका प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित कई बूथों पर निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्रयागराज।** रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ द्वारा किए जा रहे ठ्ठक्र फॉर्म के वितरण, कलेक्शन एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महबूब अली इंटर कॉलेज, द्वारिका प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित अन्य केंद्रों पर जाकर कार्य की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदाताओं से समय पर फॉर्म उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा लगातार संपर्क किए जाने के बावजूद यदि कोई मतदाता फॉर्म जमा नहीं करता है, तो उसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सकेगा। इसलिए सभी योग्य मतदाता शीघ्रता से अपना फॉर्म भरकर उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भी जमा किया जा सकता है, ऐसे में यदि कोई व्यक्ति घर से बाहर है तो वह ऑनलाइन पंजीकरण कर फॉर्म सबमिट कर सकता है। बीएलओ द्वारा सत्यापन उपरांत आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।निरीक्षण के अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे

# प्रयागराज में यातायात माह–2025 का समापन

**26 जागरूकता रैलियों में 12,700 बच्चों की भागीदारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । कमीश्नरेट प्रयागराज में यातायात माह-2025 (1S30 नवंबर) का समापन समारोह रविवार को रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त जोगेन्दर कुमार रहे। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया तथा यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी दिखाते हुए हस्ताक्षर-पट पर सभी उपस्थितों ने हस्ताक्षर कर अभियान के समर्थन का संदेश दिया।

इस एक महीने के जागरूकता अभियान में जनपद के सभी तहसीलों, ब्लॉकों, सरकारी कर्मचारियों, आम नागरिकों सहित इंटर एवं डिग्री कॉलेज के 12,700 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यातायात जागरूकता बिंदुओं के आधार पर बच्चों से शपथ-पत्र भी भरवाए गए। जिले के 265 विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 26 रैलियां विशेष रूप से शामिल रहीं। नगर, गंगानगर एवं यमुनानगर जोन में विद्यालय प्रबंधन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

## इस वर्ष यातायात माह–2025 का थीम

सुरक्षित यातायात के साथ मिशन शक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता। अभियान के प्रमुख कार्यक्रम त्योहार स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम
165 संगोष्ठी/ परिसंवाद,
138 नुक्कड़ नाटक, 130 , निबंध प्रतियोगिता 140 चित्रकला प्रतियोगिता
128 क्विज प्रतियोगिता ,112

## प्रवर्तन कार्यवाही

अभियान अवधि में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई तथा कुल 57,156 चालान किए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य दंडित करना नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।ल्लजीवन अमूल्य है, सड़क पर जिम्मेदारी ही सुरक्षा का आधार है – सुरक्षित यातायात केवल पुलिस की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है।ङ्कल्लसड़क सुरक्षा तभी सार्थक होगी जब नागरिक नियमों को आदत बनाएं और दूसरों को प्रेरित करें।ङ्ककार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एन. कोलांची, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था अजय पाल शर्मा, तथा विभिन्न जोन के पुलिस उपायुक्तगण मौजूद रहे।

इस अवसर पर यूपी अपराध निरोधक समिति, सिविल डिफेंस, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों, टैक्सी/टैम्पो यूनियन, महिला संगठन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों व वालंटियर्स ने यातायात सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट, यातायात पुलिस, नागरिक पुलिस, होमगार्ड एवं वालंटियर्स की सक्रिय उपस्थिति रही।

## शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर बीएलओ मनोज साहू को एसडीएम ने किया सम्मानित

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद के घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र बूथ संख्या 188 के बीएलओ मनोज साहू को एसआईआर अभियान में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर सम्मानित किया गया। यह जानकारी रविवार को उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह ने दी।उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह ने बताया कि मनोज साहू ने अपने बूथ के 784 मतदाताओं से संबंधित सभी गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। मनोज साहू गांधी विद्यापीठ इंटर कॉलेज, घाटमपुर में कार्यरत नलकूप चालक हैं।उन्होंने कहा कि उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए मेरे द्वारा सम्मानित किया गया हैं । उन्होंने कहा कि बीएलओ की सक्रियता और प्रतिबद्धता से एसआईआर अभियान को गति मिली है।इस मौके पर तहसीलदार व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी घाटमपुर भी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की तारीख बढ़ाई, नई संशोधित तिथियां जारी , कहा दबाव में न आएं बीएलओ

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधन तिथियां के अनुसार 11 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अहर्ता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषित तिथियां को एक सप्ताह बढ़ाते हुए संशोधित तिथियां जारी कर दी गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संशोधन तिथियां के अनुसार 11 दिसम्बर 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। मतदेय स्थलों का संभाजन भी 11 दिसम्बर, 2025 तक किया जाएगा। 12 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2025 तक कंट्रोल टेबल का अद्यतनीकरण एवं आलेख्य नामावली की तैयारी की जाएगी।उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर, 2025 को निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन होगा। 16 दिसम्बर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 16 दिसंबर, 2025 से 07 फरवरी, 2026 तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे और आपत्तियों का निस्तारण ईआरओ द्वारा किया जाएगा। 10 फरवरी, 2026 को आयोग से अंतिम प्रकाशन की अनुमति प्राप्त करना है। प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी, 2026 को किया जाएगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 10.75 करोड़ से अधिक यानी 70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हो चुका है। साथ ही अब तक 9177 मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि चूंकि एक सप्ताह की अवधि और मिल गई है, इसलिए उनके अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों ख़ासकर बीएलओ को अनावश्यक मानसिक दबाव में आने की आवश्यकता नहीं है। पर्याप्त समय है जिसमें सारा कार्य पूर्ण हो सकता है। ऐसे बीएलओ जो किसी भी वजह से कार्य में पिछड़ गए हैं और जिनको सहयोग की आवश्यकता उनको यथा आवश्यक सहयोग दिलाया जाए।उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व हर पोलिंग बूथ पर बीएलओ और राजनैतिक दलों द्वारा तैनात बूथ लेवल एजेंट (उखइप) की बैठक होगी। जिसमें बीएलओ द्वारा ऐसे मतदाताओं की सूची बीएलओ को उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनका नाम ड्राफ़्ट मतदाता सूची में किन्हीं कारणों की वजह से नहीं आ रहा है।

# धन्य है वो मां-बाप जिनके बच्चे सेना में हैं: अरुण राय

**शहीद शशांक सिंह को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी के चिनहट क्षेत्र अंतर्गत सराय शेख ग्राम सभा स्थित शिवनगर कॉलोनी में देश की आन बान और सम्मान की रक्षा में शहीद हुए भारतीय सेना के अमर शहीद जवान शशांक सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तथा साथ ही कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

स्थानीय पार्षद अरुण कुमार राय ने कार्यक्रम में कहा की देश की सेना ही सबसे ज्यादा ईमानदार है साथ ही उन्होंने सेना के सैनिकों को देश का सच्चा हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि देश की सीमा पर 24 घंटे अपनी जान की बाजी लगाकर हमारे वीर सैनिक डटे रहते हैं तब हम चैन से सोते हैं। उन्होंने कहा की धन्य है वह मां-बाप जिनके बच्चे भारतीय सेना में हैं। और हमें ऐसे सैनिक परिवारों की समय-समय पर मिलकर उनका हाल-चाल लेना चाहिए तथा उत्साह बढ़ाना चाहिए।

कार्यक्रम के आयोजक भूतपूर्व सैनिक एवं शहीद शशांक सिंह के भाई हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि यह श्रद्धांजलि समारोह का नवम वर्ष है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद अरुण कुमार राय मंडल अध्यक्ष कमल पांडे अनिल सोनी प्रदीप विश्वकर्मा, कार्यक्रम में कवि डॉक्टर विद्यासागर मिश्रा, प्रेम शंकर शास्त्री बेताब, ओजकवि मुकेशानंद, मनीष मगन, डॉ सरिता सदाबहार, आयुष यादव, मेजर दीक्षित, विशाल पांडे तथा रमेश पांडे अरूण सिंह, रिजेश वाजपेई, संतोष कुमार सिंह, अनिल सिंह, सोनू पाण्डे, देवराज , प्रदीप वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# टी.एच. एस. इंटरनेशनल स्कूल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । कुर्सी रोड स्थित टी.एच. एस. इंटरनेशनल स्कूल में 29 और 30 नवंबर को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एक्टर रजित कपूर एवं आशीष कपूर रहे।

जिन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन रविवार को मंच पर भारतीय संस्कृति, इतिहास, पौराणिकता और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यालय के जूनियर तथा सीनियर विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट तालमेल, अभिनय और नृत्य कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण वरिष्ठ वर्ग की प्रस्तुतियाँ, चारों युगों पर आधारित 'रही गंगा अवतरण' नृत्य-नाटिका रही। तो वहीं छात्रों ने सत्ययुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग की संदर्भित घटनाओं को मंच पर जीवंत किया। कलयुग नृत्य आधुनिक युग की चुनौतियों, तकनीक के प्रभाव और मानव मूल्यों के महत्व को रचनात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या ने कहा कि इन प्रस्तुतियों से छात्रों में नेतृत्व, सहकार्य, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना का समग्र विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका रूपा खन्ना, रश्मिता खन्ना, निदेशक हर्ष खन्ना, ऋषि खन्ना, तथा प्रधानाचार्या प्रिया नंदा व उप प्रधानाचार्या चारु गोयल, प्रियंका मौर्या सदस्य राज्य महिला आयोग मौजूद रही।

# काकोरी क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित, वस्त्र व पेन देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी। दुबग्गा हरदोई रोड स्थिति तीन दशक से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले एग्जान मांटेसरी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद हारून आजमी द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह 2025 में, पत्रकारों को समाज में सत्य की खोज करने और उसे जनता तक पहुंचाने के लिए वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया।

वहीँ विद्यालय के अध्यापक ने पत्रकारों को संगठित और निर्भीक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सम्मान समारोह में प्रबंधक ने कहा कि पत्रकारिता करना कोई आसान काम नही है क्योंकि हर परिस्थिति में सत्य की खोज कर उसे जनता तक पहुंचाने और समाज को सही राह दिखाने का काम पत्रकार सिर्फ सच्चा व निर्भीक पत्रकार ही करते हैं। लोकतंत्र के ये प्रहरी न केवल सूचनाएं देते हैं, बल्कि जनहित के लिए अपनी कलम को हथियार की तरह इस्तेमाल भी करते हैं। उन्होंने पत्रकारों को संगठित, निर्भीक और सशक्त होकर आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए भरोसा दिलाया 'हमारा सहयोग हमेशा आपके साथ रहेगा।'वही उपस्थिति पत्रकारों ने सम्मान पाकर प्रबंधक से कहा कि पत्रकारिता को सम्मान देकर हम सब आप के ऋणी हो गए हैं और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए आशा करते हैं कि समाज के अन्य लोगों द्वारा पत्रकार का सम्मान करेंगे और ईमानदारी से पत्रकारिता करने वाले लोगों के प्रति अपना नजरिया बदलकर सम्मान व सहयोग भी करते रहेंगे । इस मौके पर आलोक कश्यप, अरुण पांडे, राजेश रावत, पंकज विश्वकर्मा, ज्ञान सिंह यादव ,रेहान अहमद,विनय कौशिक ,नवाब अहमद,.फ़ाजिल सहित अन्य समाज सेवी उपस्थित रहे।

## बीजेपी कार्यकर्ताओ ने सुनीं प्रधानमंत्री की मन की बात



लखनऊ । विधानसभा बक्शी का तालाब के मण्डल चिनहट ग्रामीण बूथ संख्या 452 सेमरा पर कमलेश मिश्रा अध्यक्ष अवध क्षेत्र भाजपा ने 128 व प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम सुना..इस अवसर पर अरविन्द यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अक्षय मौर्य मण्डल अध्यक्ष चिनहट, मनु सिंह मनीष, प्रतिभा सिंह, दिनेश यादव, सोनू सिंह गुरुशरण मौर्या, सहित बूथ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर लखनऊ में तीन दिवसीय भव्य राज्य स्तरीय समारोह



लखनऊ । प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने रविवार को बताया कि योगी सरकार दिव्यांगजन के समग्र विकास, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसी उद्देश्य के तहत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसम्बर) पर जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में भव्य राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।मंत्री कश्यप ने बताया कि समारोह में दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 30 व्यक्तियों, संस्थाओं, नियोक्ताओं एवं सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह सम्मान सामाजिक संवेदनशीलता और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 500 दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में अधिक सुविधा और आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी। इसके साथ ही विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।मंत्री कश्यप ने कहा कि 03 से 05 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली प्रदर्शनी दिव्यांगजन की कलात्मक, तकनीकी, व्यावसायिक एवं उद्यमशील क्षमताओं पर आधारित होगी। इस अवसर पर दिव्यांग कलाकारों एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जो समाज को समावेशी दृष्टिकोण की प्रेरणा देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव में दिव्यांगजन कल्याण को बढ़ावा देने के लिए 28 बहुराष्ट्रीय कंपनियां आमंत्रित की गई हैं। कॉन्क्लेव में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत दिव्यांगजन के पुनर्वास, प्रशिक्षण, रोजगार और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी।मंत्री कश्यप ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य कर रही है। प्रदेश में दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शी चयन प्रक्रिया और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## उप्र के छह जिलों में छापेमारी, कोडीन कफ सिरप और नार्कोटिक्स दवाओं के अवैध व्यापार पर एफआईआर दर्ज

लखनऊ। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश ने कोडीनयुक्त कफ सिरप और नार्कोटिक श्रेणी की दवाओं के अवैध भंडारण, बिक्री और काले बाज़ार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छह जिलों में 27 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा और भारत सरकार की नीति के अनुरूप अवैध दवा नेटवर्क पर नकेल कसने के तहत की गई।औषधि आयुक्त डॉ. अंजनी कुमार सिंह के निर्देश पर चले अभियान में अवैध भंडारण, बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की बिक्री, फॉर्म-6 व स्टॉक रजिस्टर के अभाव तथा अनियमित रिकॉर्ड जैसी गंभीर कमियाँ पाई गईं। विभाग ने इन्हें ख्रअवैध करार देते हुए दंडात्मक कार्रवाई की गई।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की तरफ से जिन जिलों के मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई हुई है, उनमें जौनपुर में बाबा फार्मेसी, आकांक्षा मेडिकल स्टोर सहित कई प्रतिष्ठान, भदोही में श्रीराम मेडिकल स्टोर, साईं मेडिकल स्टोर, कानपुर नगर में श्री रुद्र फार्मा, शिवा केयर, लखनऊ में दीप मेडिकल स्टोर, शिवा मेडिकल स्टोर आदि, उन्नाव में आशा मेडिकल स्टोर, प्रयागराज में अंकित मेडिकल स्टोर सहित अन्य शामिल है। इन प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस उल्लंघन, अवैध स्टॉक, और बिलिंग में अनियमितताओं की पुष्टि की गई।वहीं अवैध व्यापार पाए जाने पर विभाग ने कई जिलों में एफआईआर भी दर्ज कराई है। जिनमे वाराणसी में 28, जौनपुर में 16, कानपुर नगर में 08, लखीमपुर खीरी में 04 व अन्य जिलों में 39 एफआईआर दर्ज की गई है। कुल मिलाकर दर्जनों प्रतिष्ठानों के खिलाफ बीएनएस एवं एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई है।

## हत्या में 43 साल पहले सजायाफ्ता को उच्च न्यायालय ने किया बरी

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने फैजाबाद जिले में वर्ष 1980 में हुई गैरइरादतन हत्या मामले में पांच साल की सजा पाए एकमात्र जीवित व्यक्ति राम जियावन की अपील मंजूर करके बरी कर दिया।रामजियावन को 1982 में सत्र अदालत ने पांच अन्य आरोपियों के साथ पांच साल की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। मामले में बाकी पांच आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने यह फैसला एक मात्र सजायाफ्ता राम जियावन की अपील पर दिया। अपील में फैजाबाद की सत्र अदालत से अपीलकर्ता को सुनाई गई सजा के फैसले को चुनौती दी गई थी।अपीलकर्ता के अधिवक्ता राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि फैजाबाद के महाराजगंज थानाक्षेत्र में 27 नवंबर 1980 को जमीन के विवाद में राम अवतार की लाठी, डंडे व फरसे से हत्या हुई थी। अधिवक्ता का कहना था कि मामले में ट्रायल कोर्ट ने साक्ष्यों का उचित मूल्यांकन नहीं किया। ऐसे में अपीलकर्ता के खिलाफ पर्याप्त सबूत न होने की वजह से वह दोषमुक्त किए जाने योग्य है। उधर, सरकारी वकील ने अपील का विरोध किया। हाईकोर्ट ने अपीलकर्ता को दी गई सजा के सत्र अदालत के फैसले को निरस्त करके अपीलकर्ता को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

# नगर निगम लखनऊ का व्यापक अभियान: कई इलाकों से अतिक्रमण हटे, 83,800 रुपये शमन शुल्क वसूला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण, गंदगी और यातायात अवरोधों के खिलाफ नगर निगम लखनऊ ने रविवार को एक बड़े पैमाने पर सघन अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई, जिसका उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

निगम की विभिन्न जोन टीमों ने शहर के कई इलाकों में एक साथ उतरकर अतिक्रमण हटाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने की दिशा में कड़े कदम उठाए।जोन 1 में रविवार को जगत नारायण रोड और नवीउल्लाह रोड पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में गंदगी, पॉलिथीन और अवैध अतिक्रमण पाए गए, जिन पर तत्काल कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक तथा गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 66,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व जोन 1 के जोनल अधिकारी श्री ओ.पी. सिंह ने किया। उनके साथ जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री कुलदीपक सिंह, एसएफआई श्री सतीश यादव और राजस्व निरीक्षक श्री राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।इसी प्रकार, जोन 6 में बालागंज चौराहे से जलनिगम रोड तक अतिक्रमण और गंदगी हटाने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई दुकानों के सामने किए गए अवैध कब्जे हटाए गए तथा सड़कों और फुटपाथों को साफ कराया गया। यहां गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर कुल 17,800 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। जोन 6 के जोनल अधिकारी श्री अमरजीत सिंह के नेतृत्व में चले इस अभियान में जोनल सेनेटरी ऑफिसर श्री राजेश, एसएफआई श्री रामचंद्र, श्री रामजीत पाण्डेय तथा 296 टीम के सदस्य शामिल थे।नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर को अतिक्रमण और पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# देश का भविष्य नौनिहालों में, शिक्षा ही विकसित भारत की आधारशिला: मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के नौनिहाल ही भारत का वास्तविक भविष्य हैं, और इन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण तथा व्यापक अवसर उपलब्ध कराना हम सबका कर्तव्य है।उपमुख्यमंत्री रविवार को आईआईएम रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर के 41वें वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से भारत विकास के स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर चुका है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश शिक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान, तकनीक और अर्थव्यवस्था सहित सभी क्षेत्रों में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और हमारा ग्रोथ रेट आठ प्रतिशत से अधिक है, जो भारत की मजबूती का स्पष्ट संकेत है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प तभी पूरा होगा जब देश के बच्चे और युवा कठोर परिश्रम, अनुशासन, सकारात्मक सोच और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह 'चाबी' है जो हर ताले को खोलती है और व्यक्ति की सोच, समझ तथा दृष्टिकोण को परिष्कृत करती है। शिक्षा ही रोजगार, नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी क्षमता को विकसित करती है।छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होने कहा कि परीक्षा हो या कोई चुनौती डर और दबाव से मुक्त होकर प्रयास करें। सफलता निश्चित रूप से मिलती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 'परीक्षा पर चर्चा' जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का संदेश देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री 24 घंटे में से 18 घंटे देश की तरक्की और युवाओं के भविष्य के लिए कार्य करते हैं, जो सभी के लिए प्रेरणादायक है।

# माघ मेले में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए संकल्पित है योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । वर्ष 2025 में योगी सरकार के प्रयास से संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित दिव्य, भव्य और स्वच्छ कुंभ के सफल आयोजन को पूरी दुनिया ने सराहा। यूनेस्को से 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता भी मिली है। आयोजन की भव्य सफलता के बाद अब संगम नगरी महाकुंभ के बात माघ मेला 2026 का इंतजार कर रही है।

3 जनवरी 2026 में आयोजित होने जा रहे आस्था के इस महा समागम में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुमान को देखते हुए पर्यटन विभाग भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।महाकुंभ 2025 के दिव्य और भव्य आयोजन के बाद प्रयागराज को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। पर्यटकों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी इसका संकेत दे रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि वर्ष 2020 में प्रयागराज में पर्यटकों की संख्या 31,93,3758 थी, जो 2021 में 11,21,3496, वर्ष 2022 में 26,04,7166, वर्ष 2023 में 50,67,1622 , वर्ष 2024 में 5,12,6,2806 और 2025 जनवरी से सितंबर तक 68,21,50806 तक पहुंच गई। संगम नगरी में पर्यटकों की आई इस सूनामी से पर्यटन विभाग उत्साहित है। इस बार 3 जनवरी 2026 से शुरू होकर 44 दिन तक होने जा रहे माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम नगरी पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए माघ मेले में 4 अस्थाई सूचना पर्यटन केंद्र बनाए जा रहे हैं।पर्यटन सूचना केंद्रों में मिलेंगी ये सुविधाएंउत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की तरफ से स्थापित जा रहे इन पर्यटन सूचना केंद्रों में प्रयागराज के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों की जानकारी की पुस्तिका हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। डिजिटल फॉर्मेट में भी इसे उपलब्ध कराया जायेगा। सूचना केंद्र में एक गाइड बुक भी होगी।

# 19 वीं राष्ट्रीय जंबूरी में फूड वेस्ट से बनी प्राकृतिक खाद का वितरण, 500 पैकेट नगर निगम को सौंपे गए

**कार्यक्रम को मिला 'जीरो वेस्ट इवेंट' का स्वरूप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । लखनऊ के वृंदावन स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में बीते सात दिनों से आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का समापन रविवार को खाद वितरण कार्यक्रम के साथ किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस भव्य आयोजन में देशऽविदेश से हजारों स्काउट एंड गाइड के युवा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता मिशन और सतत विकास को प्रमुखता देते हुए अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। समारोह में देश की महामहिम राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी, माननीय राज्यपाल आदरणीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय श्री योगी आदित्यनाथ जी, माननीय उपमुख्यमंत्री आदरणीय श्री केशव प्रसाद मौर्य जी, आदरणीय श्री बृजेश पाठक जी, माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी सहित कई माननीय मंत्री एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।29 नवंबर को जंबूरी का औपचारिक समापन हुआ, जिसके बाद 30 नवंबर 2025 को 'स्वच्छ, हरित और सतत भारत' के संदेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम के दौरान एकत्रित फूड वेस्ट से बनाई गई प्राकृतिक खाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन से कुल 10,500 किलो गीला कचरा एकत्र किया गया था, जिसे कार्यक्रम स्थल पर स्थापित वेस्ट कंपोस्टिंग प्लांट में प्रोसेस कर जैविक खाद तैयार की गई।विशेष रूप से तैयार की गई इस जैविक खाद को 500 पैकेटों में नगर निगम लखनऊ को सौंपा गया है, जिसका उपयोग आगामी दिनों में राजधानी के विभिन्न पार्कों और हरित क्षेत्रों में किया जाएगा। यह पहल न केवल कचरे के पुनर्प्रयोग को बढ़ावा देती है बल्कि शहर की हरियाली को भी सुदृढ़ करेगी।सफाई व्यवस्था के लिहाज से भी यह जंबूरी एक आदर्श मॉडल साबित हुई। नगर निगम की टीम ने पूरे आयोजन की सफाई व्यवस्था संभालते हुए 1,40,000 प्लास्टिक बोतलें तथा 30,000 से अधिक प्लास्टिक रैपर एकत्र किए। सभी प्लास्टिक कचरे को रीसायकलिंग के लिए भेजा जाएगा, ताकि इस पूरे इवेंट को 'जीरो वेस्ट' बनाया जा सके।

# आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिली अहम जिम्मेदारी, टीकाकरण कवरेज बढ़ाने की तैयारी

**दिसंबर में पूरे महीने सीतापुर में मनाया जाएगा 'टीका उत्सव'छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण पर रहेगा फोकसआशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की विशेष जिम्मेदारी तय**




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जनपद में स्वास्थ्य विभाग एक से 31 दिसंबर तक 'टीका उत्सव' आयोजित करेगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक टीके लगवाना है। टीका उत्सव के दौरान जनजागरूकता बढ़ाने और अभिभावकों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने आमजन से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में भाग लें और अपने बच्चों को टीकाकरण कराकर उन्हें गंभीर और जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि आसपास ऐसे बच्चों को पहचानें जो किसी कारणवश टीकाकरण से छूट गए हों और उनके अभिभावकों को प्रेरित करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. इमरान अली ने बताया कि टीका उत्सव के दौरान हेपेटाइटिस-बी, पेंटा-1, 2, 3, एमआर-1, एमआर-2, जेई, डीपीटी बूस्टर सहित आवश्यक टीके लगाए जाएंगे। जिन बच्चों का टीका तो लगा है लेकिन पोर्टल पर दर्ज नहीं हुआ है, उनकी जानकारी आशा कार्यकर्ता द्वारा लेकर 'यू-विन' पोर्टल पर अपडेट की जाएगी। अभियान के तहत सभी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में छूटे हुए बच्चों की विशेष सूची तैयार करेंगी। सत्र से एक दिन पहले बुलावा पर्ची भेजकर बच्चों को टीकाकरण सत्र स्थल पर लाया जाएगा। इसके साथ ही महिला आरोग्य समिति की बैठकें भी आयोजित होंगी, जिनमें माताओं और अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के लाभ बताए जाएंगे और उन्हें अपने बच्चों का टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। टीका उत्सव के जरिए स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले का टीकाकरण कवरेज बढ़े और कोई भी बच्चा प्रतिरक्षण से वंचित न रह जाए।

# वाराणसी ने रचा फिर नया इतिहास, देश में सबसे अधिक एन्क्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयों वाला बना जिला

**जिले में 172 स्वास्थ्य इकाइयां एन्क्वास प्रमाणित,आरोग्य मंदिर का डाटा सक्षम पोर्टल पर अपलोड**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी (वाराणसी)ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वाराणसी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत सर्वाधिक स्वास्थ्य इकाइयों को प्रमाणित कराने वाला यह देश का पहला जनपद बन गया है। वर्तमान में जिले की 172 स्वास्थ्य इकाइयाँ एन्क्वास प्रमाणित हो चुकी हैं। रविवार को जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि प्रमाणन प्राप्त इकाइयों में 159 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 9 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 2 जिला स्तरीय चिकित्सालय शामिल हैं। डॉ चौधरी के अनुसार 19 और इकाइयों के परिणाम आना शेष हैं, जबकि 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन 15 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच भारत सरकार द्वारा नामित टीमों द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 4 सीएचसी, 3 पीएचसी एवं 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का डाटा सक्षम पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है, जिनका मूल्यांकन शीघ्र कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन सभी इकाइयों ने ढांचागत सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, संक्रमण नियंत्रण, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा रोगी संतुष्टि जैसे मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग की टीमों, समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों तथा अन्य कर्मियों के समन्वित प्रयास का परिणाम है।सीएमओ ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एन्क्वास एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं, जैसे कि जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी की गुणवत्ता में सुधार करना और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रमाणित करना है। इनके मानक में सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, सहायक सेवाएँ, नैदानिक ??देखभाल, संक्रमण नियंत्रण, गुणवत्ता प्रबंधन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आगामी मूल्यांकन में भी वाराणसी की बची इकाइयाँ प्रमाणन हासिल कर देश के लिए आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित होंगी।

# सांसद ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण मिली अव्यवस्थाएं, सुधार के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। सांसद अरुण कुमार सागर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद को मेडिकल कॉलेज में तमाम अव्यवस्थाएं और गंदगी मिली। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को सुधार करने के निर्देश दिए।

वहीं, उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और बेहतर इलाज के लिए सम्बन्धित डाक्टरों को आदेशित किया।दरअसल, राजकीय मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों और स्टाफ पर आएदिन मरीजों और तीमारदारों से अभद्रता करने, बाहर की दवाईयां लिखने, उपचार के नाम पर रूपए मांगने, बेहतर उपचार न मिलने अथवा उपचार में लापरवाही बरतने से कई मरीजों की जान चले जाने के आरोप लगते रहते हैं। इस मामले में तीमारदारों द्वारा कई बार मेडिकल कॉलेज में हंगामा भी काटा और दोषी डाक्टरों और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन आज तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। सांसद अरुण कुमार सागर से भी मेडिकल कॉलेज की यही शिकायतें की गईं। इसी के दृष्टिगत आज अरूण कुमार सागर ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों और तीमारदारों की समस्याओं को सुना। इस दौरान मरीजों और तीमारदारों ने मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों और स्टाफ की तमाम शिकायतें बताई। जिस पर सांसद ने नाराजगी जताई और तत्काल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार से फोन पर बात की और व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। कहा कि स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार बहुत अच्छे काम कर रही है, लेकिन यहां मरीजों की शिकायतें सुनकर बहुत लापरवाही सामने आ रही है। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि तत्काल व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए, अगली बार निरीक्षण में अव्यवस्थाएं नहीं मिलनी चाहिए। मरीजों का बेहतर इलाज देना हमारी और आपकी प्राथमिकता है। इस दौरान सांसद ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में कई अव्यवस्थाएं मिली हैं और मरीजों ने भी कई शिकायतें बताई हैं। इनको लेकर वह मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को पत्र लिखेंगे।

# स्वतंत्रता सेनानियों के मंत्र 'वंदे मातरम' का अपमान बर्दाश्त नहीं : केशव प्रसाद मौर्य

**देश के बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम के लिए बहुत योगदान दिया है: केशव**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कानपुर । मदनी और अन्य लोग अपनी दुकानें चलाने के लिए देश विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं। अब उनकी दुकानें चलने वाली नहीं है। वंदे मातरम एक राष्ट्रीय मंत्र है। इसके उच्चारण मात्र से ही एक अलग प्रकार की ऊर्जा का संचार होता है। वंदे मातरम की गूंज की भय से अंग्रेज ने भारत छोड़ कर भाग गए।

देश के बलिदानियों और स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम के लिए बहुत योगदान दिया है। यह बातें रविवार को कानपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर एमएलसी अरुण पाठक के भाई के निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने उनके साकेत नगर स्थित आवास पर पहुंचे। डिप्टी सीएम ने अरुण पाठक के भाई के बड़े भाई स्व अरविंद पाठक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित का भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अरुण पाठक की मां स्नेहलता पाठक सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर सभी को सांत्वना दी।इसके बाद डिप्टी सीएम ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति विनय पाठक के बेटे की शादी में पहुंच कर वर वधू को आशीर्वाद दिया। यहां से वह मंधना के ईटरनिटी होटल पहुंचे।

यहां उन्होंने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई के बेटे की शादी में वर वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल के पोखरपुर स्थित आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके बेटे गौरव सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद डिप्टी सीएम भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व गोपाल अवस्थी के रेल बाजार स्थित आवास पर पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि देश विरोधी बातें करके मदनी जानबूझ कर देश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। जब कि हर देशवासी चाहता है कि उसका नाम मतदाता सूची में एक जगह एक हो। मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर अभियान (एसआईआर) में अगर कोई घुसबैठिया का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो गया है उनके नाम हटाए जाएंगे और 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का काम जारी है। एसआईआर का विरोध करने वाली पार्टियों को जनता 2027 विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएगी।

# मतदाता गणना प्रपत्र भरकर जमा करें 4 दिसम्बर का इंतजार न करें: डीएम

**उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से ही पूरा होगा। सभी लोग अविलंब अपना गणना प्रपत्र को भरकर हस्ताक्षर कर अपने बीएलओ या मतदान बूथ पर अनिवार्य रूप से जमा करे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में मतदाता सूची से सम्बन्धित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य चल रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि गणना प्रपत्र स्पष्ट रूप से भरकर बीएलओ के पास तत्काल जमा करें, जिससे मतदाता सूची में नाम शामिल किया जा सके।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने का लक्ष्य सामूहिक प्रयासों से ही पूरा होगा। सभी लोग अविलंब अपना गणना प्रपत्र को भरकर हस्ताक्षर कर अपने बीएलओ या मतदान बूथ पर अनिवार्य रूप से जमा करें। मतदाता शुद्ध निर्वाचक नामावली-मजबूत लोकतंत्र अभियान के प्रति उत्साह दिखाएं। अंतिम तिथि 4 दिसंबर का इंतजार ना करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। सभी मतदाता सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए अपनी प्रविष्टियों को सही-सही भरें, जिससे शुद्ध निर्वाचक नामावली बनाई जा सके।

# आठ दिन बाद खेत में मिला बाबूराम पासी का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



निघासन खीरी। नगर पालिका परिषद निघासन के वार्ड नंबर 10 नानक नगर (छीटन पुरवा) में उस वक्त सनसनी फैल गई जब स्थानीय निवासी बाबूराम पासी का शव आठ दिन बाद एक खेत में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।मृतक के परिजनों ने बाबूराम की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि बाबूराम पिछले कई दिनों से लापता थे और काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका था। आठवें दिन खेत में शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है। वहीं परिजनों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

## 50 लीटर कच्ची शराब व उपकरणों समेत एक गिरफ्तार, 5 फरार



शाहजहांपुर। जनपद में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में थाना खुटार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम दिउरिया जसवंतपुर के जंगल में झुकना नदी किनारे संचालित अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कच्ची शराब बनाते हुए क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी रंजीत सिंह पुत्र हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया और मौके से 50 लीटर कच्ची शराब, 400 लीटर लहन, पांच किलो यूरिया खाद सहित तमाम शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। इस दौरान मौके से खुटार क्षेत्र के गांव मैनिया निवासी चमन सिंह, कश्मीर सिंह, सुरजीत सिंह उर्फ छैनी, गांव सुजानपुर का बलजीत सिंह उर्फ बल्ली और गांव मंडनपुर का गुरमीत सिंह उर्फ बब्बू फरार हो गए। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रंजीत सिंह को जेल भेज दिया है और फरार पांचों अभियुक्तों की तलाश में है। पुलिस के अनुसार, फरार अभियुक्तों के खिलाफ थाना खुटार पर दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुटार के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार रावत के साथ उपनिरीक्षक अनुज चौधरी, का.सिकन्दर सिंह मलिक, हरिओम सिंह, विशाल, मनोज कुमार, फिरोज हसन आदि मौजूद रहे।

## केक काटकर मनाया केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का जन्मदिन



तिलहर/ शाहजहांपुर। नगर में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर खिलाया और केंद्रीय मंत्री के दीर्घायु की कामना की। इस दौरान युवा ग्रामीण आर्मी संगठन के संस्थापक डॉ केके राय, शैलेन्द्र मोहन मिश्रा एडवोकेट, अमुक सक्सेना, अनुराग शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला सचिव नरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता अभिषेक शर्मा, अटल बिहारी बाजपेई, आजाद बाजपेई, शिव शंकर सक्सेना उर्फ डब्बू, गौरव शर्मा, पार्थ मिश्रा, अथर्व मिश्रा आदि कई लोग मौजूद रहे।

## विपक्ष अपनी संभावित हार से डरकर भ्रम फैला रहा: बृजेश पाठक



उन्नाव । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज उन्नाव प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के आवास पर सांसद साक्षी महराज, विधायक सदर पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के साथ बूथ संख्या 174 पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के परिवार से भेंट कर बेटी के विवाह हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की और बेटी - दामाद को आशीर्वाद प्रदान किया।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी संभावित हार से डरकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है। पाठक ने कहा एसआईआर की जो चर्चा विपक्ष कर रहा है, वह अपनी संभावित हार को आते देख घबरा गया है। बिहार में जिस तरह राजग गठबंधन ने विपक्ष के गुंडाराज और जंगलराज को समाप्त किया, उसकी हवाएं अब उत्तर प्रदेश में चल रही हैं। अखिलेश यादव इसी का दर्द झेल रहे हैं। 2017 से पहले चर्चा गुंडई पर होती थी, आज चर्चा विकास पर होती है। माफियाओं पर चल रही सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री ने दोहराया कि भाजपा सरकार कानून व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं करेगी।उपमुख्यमंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और नारों के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद साक्षी महराज जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विधायक सदर पंकज गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अपराधियों को बुलाया थाने भविष्य में अपराध न करने की दी चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में अपराध पर सख़्त अंकुश लगाने व सक्रिय अपराधियों की निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए थाना कोतवाली पर एक विशेष पहल की गई। जिसमें थाना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के विगत पांच वर्षों से सक्रिय, चिन्हित अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर तथा गोकशी से जुड़े अपराधियों को थाने पर बुलाया।

उन्हें कानून का पालन करने तथा भविष्य में अपराध न करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह ने चिंहित अपराधियों को कानूनी दंड, न्यायिक प्रक्रिया, संभावित गिरफ्तारी एवं कठोर दंडात्मक परिणामों की जानकारी दी। कहा कि अपराध का दुष्प्रभाव केवल अपराधी पर ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार की सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर रूप से पड़ता है। वहीं, अपराधियों ने भी स्वीकार किया कि अपराध करने के बाद उनके परिवारों को गंभीर मानसिक, सामाजिक व आर्थिक कष्ट सहने पड़े हैं और उन्होंने भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि से दूर रहने का वचन दिया तथा अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस की मदद करने का आश्वासन भी दिया।

# संदिग्ध मौत से आत्महत्या तक: दलित विधवा की हत्या केस में उठे बड़े सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




धौरहरा खीरी। धौरहरा क्षेत्र के ग्राम माधोपुरवा में 15 अक्टूबर 2025 को एक दलित विधवा महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी के आंचल से गला कसकर हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में मृतका के परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी थी, जिसके आधार पर धौरहरा पुलिस ने जांच शुरू की थी।जांच के दौरान पुलिस को तथ्यों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर गांव के ही निवासी सुरेश वर्मा का नाम सामने आया। सूत्रों के अनुसार मृतका और सुरेश वर्मा के बीच कथित अवैध संबंध बताए जा रहे थे। आरोप है कि घटना के दिन मृतका शौच के लिए गई थी, तभी आरोपी ने उसी की साड़ी के आंचल से गला कसकर उसकी हत्या कर दी।पुलिस ने जांच पूरी कर 27 नवंबर 2025 को सुरेश वर्मा को गिरफ्तार कर हत्या के आरोप में जेल भेज दिया। लेकिन इसके अगले ही दिन 28 नवंबर 2025 को जिला जेल के शौचालय में सुरेश वर्मा ने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद मामला और भी संदिग्ध हो गया है।

**परिजनों का आरोप—वह निर्दोष था**

सुरेश वर्मा की मौत के बाद उसके परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि सुरेश निर्दोष था और उसे गलत तरीके से फंसाया गया था।

**बड़ा सवाल— असली हत्यारा कौन?**

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कियदि सुरेश वर्मा निर्दोष था, तो फिर दलित विधवा महिला की हत्या किसने की?क्या इस पूरे मामले में किसी और की संलिप्तता है?

**ग्रामीणों की मांग —हो निष्पक्ष जांच**

स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। यदि कोई और दोषी है तो उसे तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

**मृतक दलित विधवा को न्याय दिलाना आखिर किसकी ज़िम्मेदारी?**

सबसे बड़ा सवाल अब यही खड़ा हो रहा है कि मृतक दलित विधवा महिला को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी आख़िर किसकी है, क्या सिर्फ पुलिस की, क्या प्रशासन की या फिर समाज की भी?

**राजनीति और समाज की जिम्मेदारी**

जहां एक तरफ राजनीतिक पार्टियां दलित शोषित का नारा लेकर हर मंच पर बड़े-बड़े भाषण देती हैं, तो क्या इस दलित महिला के पक्ष में बोलने वाला कोई भी राजनीतिक दल नहीं है।किसी भी दल, नेता या संगठन की चुप्पीभी सवालों के घेरे में आती है जब बात एक दलित विधवा की हत्या की हो।यह मामला अब सिर्फ एक हत्या या आत्महत्या का नहीं रहा, बल्कि न्याय प्रणाली और पुलिस जांच की विश्वसनीयता पर सवाल बन गया है।

# झोलाछाप नोडल, बाबू के संरक्षण और भ्रष्टाचार से मरीजों की जान से खिलवाड़

**अवैध अस्पतालों को नोडल, बाबू दे रहे संरक्षण, कमाई का बना जरियाअवैध अस्पताल मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में कई तहसीलों और कस्बों में बिना पंजीकरण के अवैध अस्पताल और क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। ये अवैध संस्थान बिना योग्य डॉक्टर और मानकों के मरीजों की जान के लिए खतरा बन चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते इनकी संख्या बढ़ रही है और लोग लगातार शिकायतें कर रहे हैं।

यह शिकायतें भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रही है, जहां झोलाछाप नोडल और पटल बाबू द्वारा अवैध अस्पतालों को संरक्षण दिया जा रहा है और उनके लिए यह कमाई का एक जरिया बन गया है। जिससे वह बिना किसी डर के संचालित हो रहे हैं, भले ही उनके पास आवश्यक अनुमति और सुविधाएं न हों। नोडल और बाबू अवैध अस्पतालों से रुपए लेकर उन्हें कानूनी और नियामक जांच से बचाते हैं, जिससे दोनों पक्षों को आर्थिक लाभ होता है। जिले में धड़ल्ले से चल रहे बिना पंजीकरण के अवैध अस्पताल और क्लिनिक अब खुलेआम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह बात किसी से छुपी नहीं जग जाहिर हो गई है हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि बिना योग्य डॉक्टर, बिना प्रशिक्षित स्टाफ और बिना किसी मानक के संचालित अवैध संस्थान मरीजों के लिए मौत का जाल बनते जा रहे हैं।कई जगहों पर वर्षों से अवैध तरीके से इलाज, डिलीवरी, ऑपरेशन और खून की जांच का काम किया जा रहा है, लेकिन विभाग सिर्फ कागजी कार्रवाई तक ही सीमित है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जिसको अनदेखी कर रहे है।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। बल्कि झूठी आख्या लगाकर शिकायतों का निस्तारण कर रहे। बिना लाइसेंस वाले अस्पतालों में इलाज के नाम पर लापरवाही की जा रही है। तथा प्रशिक्षित डॉक्टरों के बजाय अप्रशिक्षित स्टॉफ से डिलीवरी और इलाज कराया जा रहा है। इतना ही नहीं आपात स्थिति में मरीजों को बड़े हॉस्पिटल रेफर कर जिम्मेदारी से पीछा छुड़ा लिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से दर्जनों अवैध अस्पताल और क्लीनिक बिना डर के चल रहे हैं। रजिस्ट्रेशन और मानकों की जांच सिर्फ कागजों में होती है। छापेमारी की कार्रवाई पहले ही लीक हो जाती है। अवैध अस्पताल,क्लीनिक मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे है जिले के कस्बों में चल रहे अवैध अस्पताल मरीजों की मौत की दुकानें साबित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना पंजीकरण, बिना योग्य डॉक्टर और बिना किसी मेडिकल मानक के संचालित यह अस्पताल इलाज के नाम पर मरीजों को भर्ती कर मोटी रकम वसूलने का धंधा संगठित तरीके से चल रहा है। निजी अस्पताल इलाज कराने आने वाले मरीजों को भर्ती के नाम पर 15 से 20 हजार रुपये पहले ही जमा करा लिए जाते है। बिना जरूरत ड्रिप, इंजेक्शन और टेस्ट कराकर बिल बढ़ाना आम बात हो गई है। प्रसूताओं की बिना अनुभव वाले स्टाफ से डिलीवरी कराई जा रही है। दवाइयां अपने मेडिकल स्टोर से महंगे दामों पर मरीजों से खरीदने को मजबूर किया जाता है। मरीज और परिजनों को यह भरोसा दिलाया जाता है कि इलाज यहीं हो जाएगा, लेकिन अंदर की हकीकत विपरीत है। हालत गंभीर हालत होते ही रेफर कर जिम्मेदारी से बचते संचालक हैं। सबसे चिंताजनक बात तो यह है कि जब मरीज की हालत गंभीर होने लगती है तो हालत संभालना मुश्किल हो जाती है, तो अवैध अस्पताल संचालक किसी अन्य अस्पताल में इलाज कराने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते है।

उसी बीच मरीज दम तोड़ देता है। हालत यह है कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग की टीम कोई कठोर कदम नहीं उठा पा रही हैं।जबकि जिले में उझानी, कछला, कुल्याई, सहसवान, दहगवा, इस्लामनगर,बिसौली, खेड़ा नवादा, बिनावर, कुंवरगांव, दातागंज, उसैहत,अलापुर, ककराला समेत कई कस्बों में बिना मानक, बिना तकनीकी योग्यता और बिना लाइसेंस के खुली कई क्लीनिक अब लोगों की सेहत के साथ मज़ाक कर रही हैं। जांच के नाम पर मनमानी वसूली, फर्जी रिपोर्ट और असुरक्षित तरीके से घर-घर जाकर लिए जा रहे ब्लड सैंपल ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

# आत्मविश्वास की एक मिशाल थे वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु: आचार्य भोलेनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। विद्या भारती विद्यालय शिव देवी सरस्वती शिशु मन्दिर सिविल लाइन्स बदायूँ में वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भैया-बहिनों ने जगदीश चन्द्र बसु के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं मुख्य वक्ता भोलेनाथ पाठक ने विस्तार से वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बसु के जीवन वृतांत को रखा।

कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष आचार्य लालाराम वर्मा, मुख्य वक्ता भोलेनाथ पाठक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने सर जगदीश चन्द्र बसु के चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के अनेक भैया बहिनों ने सर जगदीश चन्द्र बसु के जीवन से संबंधित गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए। मुख्य वक्ता भोलेनाथ पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जगदीश चंद्र बसु देश के महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने पौधों में जीवन होता है, यह दुनिया को बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने भैया बहिनों से आग्रह किया कि वह भी मेहनत से पढ़ाई कर वैज्ञानिक बन सकते है। लेकिन इसके लिए सर जगदीश चन्द्र बसु के जैसा आत्मविश्वास होना आवश्क है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष लालाराम वर्मा ने सभी को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि जगदीश चन्द्र बसु को उनके कार्यों के लिए सदैव याद किया जाएगा। हम भी उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन में कुछ ऐसा अवश्य करें जिससे आने वाली पीढ़ियाँ हमें भी याद रखें। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य कौशल किशोर पाठक एवं शिशु भारती के पदाधिकारी भैया बहिनों ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य भोलेनाथ पाठक, रूपेंद्र सिंह, सुबोध कुमार, नरेश पाल सिंह, राकेश मिश्रा, अविलेश यादव, निरंजन सिंह, मुकेश तिवारी, जयप्रकाश, राजकुमार गोला, राजीव कुमार सिंह, पुष्पा श्रीवास्तव, आयुषी, रिया राजपूत, ज्योत्सना सिंह, प्रियंका सिंह, पूजा शर्मा, कंचन गुप्ता, आंचल पाठक, सुमन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिस टैंकर से उतरा शख्स उसी से कुचलकर मौत

**मृतक की पहचान 55 वर्षीय अब्दुल वाहिद के रूप में हुई है। वह बरेली के आंवला क्षेत्र के मनौना गांव के रहने वाले थे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कस्बा बगरैन में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। यहां गौरी शंकर इंटर कॉलेज के सामने टैंकर से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। दर्दनाक हादसा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बदायूं के वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक शख्स जिस टैंकर से उतरा, चंद सेकंड बाद उसी टैंकर से कुचलकर उसकी मौत हो गई।

हादसा आंवला-बिसौली रोड स्थित गौरी शंकर इंटर कॉलेज के सामने हुआ। हादसा सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय अब्दुल वाहिद के रूप में हुई है। वह बरेली के आंवला क्षेत्र के मनौना गांव के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार सुबह गौरी शंकर इंटर कॉलेज के सामने डीजल टैंकर रुका। उसके केबिन से अब्दुल वाहिद नीचे उतरे और पैदल आगे चलने लगे। इसी दौरान चालक ने टैंकर चला दिया, जिसकी चपेट में अब्दुल आ गए। उनके ऊपर से टैंकर का पहिया गुजर गया। हादसा पास के भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया। उसके चालक को भी हिरासत में लिया गया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# सिविल लाइंस कोतवाली के दरोगा पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

**पीड़ित के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि एक मामले में उच्च न्यायालय से पीड़ित को स्टे प्राप्त है, जबकि दूसरे मामले में पीड़ित हाजिर है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। सीजेएस मोहम्मद तौसीफ रजा ने कोर्ट को भ्रामक जानकारी देकर गुमराह करने व कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सिविल लाइंस कोतवाली के दरोगा पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुराना बर्फखाना निवासी विक्रम सिंह पुत्र बलवीर सिंह ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि सिविल लाइन कोतवाली के दरोगा द्वारा उसे परेशान किया जा रहा है। थाना पुलिस उसे झूठे मुकदमे में गिरफ्तार करना चाहती है। कोर्ट ने इस मामले में दरोगा से आख्या तलब की। कोर्ट को भेजी आख्या में दरोगा ने कहा कि थाने के अभिलेखों में विक्रम वांछित है। इसके समर्थन में दरोगा ने डीसीआरबी रिपोर्ट भी संलग्न की है। इस दौरान पीड़ित के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि एक मामले में उच्च न्यायालय से पीड़ित को स्टे प्राप्त है, जबकि दूसरे मामले में पीड़ित हाजिर है। कोर्ट में दाखिल अपनी आख्या में दरोगा ने कहा कि विक्रम ने कई लोगों से लोन दिलाने के नाम पर रकम हड़प ली है। लोगों ने इसकी शिकायत थाने पर आकर की है। दरोगा का कहना है कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए विक्रम उसकी झूठी शिकायत कर रहा है। कोर्ट ने दरोगा से पूछा कि इस संबंध में कब-कब और किसने शिकायत की और उन शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई। कोर्ट ने माना कि इस बारे में दरोगा ने कोर्ट में भ्रामक आख्या दी। इसके बाद कोर्ट ने दरोगा को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया, लेकिन दरोगा कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। सीजेएम ने कोर्ट को भ्रामक जानकारी देने पर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को दरोगा पर रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट को अवगत कराने के आदेश दिए हैं।

## झूठे मुकदमों के नाम पर रंगदारी मांगने का आरोपी बबराला से गिरफ्तार

संभल, बबराला। रंगदारी और धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।थाना प्रभारी बबराला नरेन्द्र कुमार नें बताया विनोद आर्य पुत्र कृष्ण आर्य, निवासी वार्ड 4, मों साहूकारा, बबराला को मीरमपुर बांध तिराहा से गिरफ्तार किया। अभियुक्त को रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया जा रहा है। घटना के अनुसार, 26 नवंबर को पीड़ित व्यापारी ने तहरीर देकर बताया था कि विनोद आर्य व उसके साथी द्वारा झूठे मुकदमे लिखवाकर पहले 2 लाख रुपये वसूले जा चुके हैं और दोबारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही थी। इस पर थाना बबराला में मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके विरुद्ध थाना धनारी में भी झूठे साक्ष्य गढ़ने का मामला दर्ज है। अन्य मामलों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## आमने-सामने की भिड़ंत में पांच लोग घायल

बदायूँ। बिल्सी थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। यह हादसा बैन भट्टे के पास हुआ। सूचना पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को बिल्सी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।अलापुर थाना क्षेत्र के म्याऊं निवासी दीवान अली ने बताया कि वह धनारी में फ़ेरी का काम करते हैं। रविवार दोपहर करीब 1 बजे वह अपने बेटे और भतीजे के साथ बाइक से अपने घर म्याऊं लौट रहे थे। बिल्सी थाना क्षेत्र के बेन भट्टे के निकट उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से टकरा गई। इस हादसे में दीवान अली, आरिफ, तारिफ और सद्दामघायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति भी चोटिल हुआ है। बिल्सी सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि बाइक सवार तीन लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने घटना के संबंध में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ठंड बढ़ने की संभावना, कोहरे की चेतावनी

बदायूँ। उत्तर प्रदेश में ठंड का असर बढ़ने लगा है, खासकर पश्चिमी यूपी में। मौसम बैज्ञानिकों के अनुसार एक दिसंबर से तापमान में गिरावट शुरू होगी, जिससे अगले दो दिनों में दो से चार डिग्री तक पारा लुढ़क सकता है। इस समय दिन में धूप निकलने से ठंड में राहत है। मौसम बैज्ञानिकों की मानें तो कल से कोहरा पड़ सकता है। इससे ठंड बढ़ने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में तापमान दो डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। वहीं एक दिसंबर से ठंड बढ़ेगी, तापमान में गिरावट शुरू होगी। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी और बारिश का असर मैदानी इलाकों में होगा। दिसंबर के पहले हफ्ते में कड़ाके की सर्दी की संभावना व्यक्त की है। उत्तर-पश्चिमी हवाएं ठंड को और बढ़ाएंगी। लोगों को सुबह-शाम गर्म कपड़ों का उपयोग करना चाहिए। खासकर बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचने को अपना खास ख्याल रखना चाहिए। अचानक मौसम बदलने से वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## झांसा देकर हड़पे 92 लाख, पीड़ित परेशान ठगी से टूटता कारोबार



लखनऊ/अयोध्या। अयोध्या निवासी और वर्तमान में बैगलौर में कारोबार करने वाले साईनाथ कपिल देव तिवारी ने ज़मीन दिलाने के नाम पर 92 लाख 93 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है लखनऊ पहुंचकर मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि दूर की रिश्तेदारी का झांसा देकर सत्यम पाण्डेय तथा उसके साथी रवि मौर्य और भूपेंद्र मौर्य ने उनसे बड़ी रकम ले ली। पीड़ित का कहना है कि रुपये या जमीन मांगने पर उसे गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में उसने अयोध्या में तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित ने आरोपियों को माफिया किस्म का बताते हुए कहा कि वे पहले भी कई लोगों से इसी तरह पैसे ले चुके हैं। मामले के कारण उसका कारोबार भी बंद होने के कगार पर है। उसने सरकार से मांग की है कि उसके पैसे वापस दिलाए जाएं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## प्रत्यक्ष कर संबंधी शोधकार्य पर राहुल गुप्ता को पीएचडी उपाधि



लखनऊ । भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष कर पर शोध Analytical Study on Direct taxes in India and its impact in Indian economy मे संबंधित नियमों और भारत की अर्थव्यवस्था में उनकी उपयोगिता पर किये गये महत्वपूर्ण शोधकार्य के लिये राहुल गुप्ता को पीएचडी उपाधि प्रदान की गयी है। सत्य साईं विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर गजराज सिंह के दिशानिर्देशन में संबंधित शोधकार्य को पूरा करने वाले राहुल गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि उनकी यह रिसर्च आर्थिक शोधार्थियों और अर्थव्यवस्था पर कार्य करने वाले विशेषज्ञों के लिये बहुत उपयोगी साबित होगी।

## 40 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध मौत, पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे तालेवंत सिंह ज्योना गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब 40 वर्षीय दीपक पुत्र राम केवल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं, जिसमें दाहिना पैर और दाहिना हाथ फैक्चर है, साथ ही सिर में भी चोट के निशान पाए गए हैं।?शव मिलने की सूचना पर चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने बारीकी से मुआयना किया। शव से लगभग छह मीटर की दूरी पर दो देशी शराब की शीशियां, दो गिलास और पानी के पाउच पड़े मिले, जो प्रथम दृष्टया मृतक के नशे की आदत की ओर इशारा करते हैं। सूत्रों के अनुसार, मृतक पर पांच मुकदमे दर्ज थे। वह शराब और गांजे का आदी था। पुलिस ने बताया कि लगभग 15 साल पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन शादी के एक महीने बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद वह अक्सर घर से बाहर ही रहा करता था। गांव के कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि मृतक दीपक रात में पास के गांव गुरुदत्त सिंह के पुरवा में राम देव पाल के यहां आई बारात में मौजूद था। बच्चों के अनुसार, दीपक शराब के नशे में डीजे के आगे लाठी लेकर हंगामा कर रहा था। यह जानकारी घटना की रात की गतिविधियों पर सवाल खड़े करती है।?थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि मृतक के बड़े भाई संतोष ने थाने में जो तहरीर दी है, उसमें उन्होंने किसी अज्ञात गाड़ी की टक्कर से दीपक की मौत होने की बात कही है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। शासन की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बड़ा मैदान निकट कलक्ट्रेट परिसर बहजोई में प्रातः 10 बजे से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री माननीय राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव तथा भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह, पूर्व दर्ज़ा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडग़वंशी एवं भुवनेश राघव ने प्रतिभाग किया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि मा. प्रभारी मंत्री जी तथा विशिष्ट अतिथि गणों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक तथा जनपद सम्भल प्रशासन की नयी परम्परा पंचोपचार के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गया गया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत सामूहिक विवाह के लिए हुए पंजीकरण एवं विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, उन्होंने शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन की सराहना की तथा उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बहुत ही संवेदनशील है सरकार के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनकल्याण से संबंधित योजनाएं चलायी जा रही हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। प्रत्येक योजना को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मा. प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति द्वारा विवाह के बंधन में बंधने वाले जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं तथा उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही बड़ा समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अब बेटियों के विवाह पर 51 हजार रुपये के स्थान पर एक लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। प्रत्येक जिला में इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है यह शासन की सोच को दिखाता है कि सरकार गरीब परिवारों के हित के लिए कितना सोच रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई परिवार अपने घर पर शादी करता है तो उसमें परिवार एवं उसके आसपास के लोग ही सम्मलित हो पाते हैं।

# गृह विज्ञान परिषद के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जकीय महिला महाविद्यालय में गृह विज्ञान परिषद के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना की अध्यक्षता तथा गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. भावना सिंह के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता तथा संसाधनों के पुनः उपयोग (रिसाईकिल) की भावना को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं ने अपनी नवाचारी सोच और रचनात्मक कौशल का परिचय देते हुए घर की पुरानी एवं अनुपयोगी वस्तुओं—जैसे प्लास्टिक बोतलें, कपड़े के टुकडों, पुराने कार्डबोर्ड, धातु के टुकडों, टूटे खिलौने और लकड़ी के स्क्रैप—का उपयोग कर आकर्षक, सजावटी और उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया। इन स्वनिर्मित वस्तुओं में होम-डेकोर आइटम की अनेक अभिनव सामग्री शामिल थीं, जो छात्राओं की कल्पनाशीलता और कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करती हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित निर्णायकों एवं शिक्षकों ने छात्राओं की रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, बल्कि छात्राओं में कौशल-विकास एवं आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. वंदना ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'कबाड़ से जुगाड़' जैसी प्रतियोगिताएँ आज के समय की आवश्यकता हैं, जो ल्लरिड्यूस रियूज़, रिसायकल की अवधारणा को मजबूत करती हैं तथा विद्यार्थियों को नवाचार की ओर प्रेरित करती हैं। प्रतियोगिता में मुस्कान, अलीशा सहित 26 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बल्ला रायबरेली में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बल्ला रायबरेली में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक विद्यालय के नवनियुक्त प्राचार्य श्री एसपी त्रिपाठी के नेतृत्व में संपन्न किया गया बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।

बैठक में विद्यालय के पूर्व विद्यालय कप्तान आशीष पटेल द्वारा विद्यालय के नए कप्तान जितेंद्र और स्नेहा तथा उनकी टीम को शपथ दिलाया गया बैठक में प्राचार्य जी द्वारा शिक्षक अभिभावक परिषद का गठन किया गया जिसमें अभिभावकों की ओर से 15 सदस्यों को मनोनीत किया गया और 10 शिक्षकों को मनोनीत किया गया चयनित शिक्षकों में श्री ओपी सिंह श्री सुनीत कुमार त्रिपाठी धीरज प्रताप सिंह रीना रानी संतोष कुमार मौर्या शशि सिंह मनोज पांडेय अनिल विक्रम सिंह मनोज नाथ तिवारी आशुतोष कुमार आनंद आदि को चयनित किया गया अभिभावक की तरफ से संजय कुमार सिंह प्रशांत सिंह राजू मिश्रा विद्याधर त्रिपाठी कल्पना विनीता सिंह अजय कुमार अनिल कुमार शिवानी मौर्य राजेश्वरी राममिलन कमलेश कुमार कांति रामदीन मीना सुनीता आदि को चयनित किया गया। इस अवसर पर उप प्राचार्य यज्ञ नाथ मिश्रा विनीत कुमार पाठक शफक शमसी शिवम अवस्थी रघुवीर मिश्रा विजय प्रकाश अभय त्रिपाठी राधेश्याम अवनीश सिंह सीमा सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# काशी सांसद रोज़गार महाकुंभ 2025'' में बीस हजार से अधिक नौकरियों का अवसर

**दो दिवसीय रोजगार महाकुंभ में अधिकतम वार्षिक पैकेज 3.60 लाख रुपये होगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी । मिशन रोज़गार के तहत उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में ल्लकाशी सांसद रोज़गार महाकुंभ-2025ङ्क का आयोजन 9 और 10 दिसंबर के बीच करौंदी स्थित राजकीय आईटीआई कॉलेज परिसर में किया जाएगा। यह पूर्वांचल के युवाओं के लिए रोज़गार के नए द्वार खोलेगा। यह जानकारी जिले के मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने रविवार को दी।उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय मेगा जॉब फ़ेयर में देश-विदेश की लगभग 300 राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिस्सा लेंगी और 20,000 से अधिक युवाओं को मौके पर नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकतम वार्षिक पैकेज 3.60 लाख रुपये तक होगा।सीडीओ के अनुसार, इस दो दिवसीय मेला में प्रमुख रूप से एलएंडटी, इफ्को, एक्सिस बैंक, वर्धमान टेक्सटाइल, स्विगी लिमिटेड, ब्लिंकिट, क्वेस कॉर्प, एमआरएफ चेन्नई, एसआईएस इंडिया लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग, एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा, होटल ताज, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, टीवीएस, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, ओरबेल इलेक्ट्रॉनिक्स, आरके सोलर, यूपी राज्य परिवहन निगम (संविदा चालक भर्ती), डिक्सन इंटरनेशनल नोएडा, विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक, ऑटोमोबाइल, सिक्योरिटी, टेक्सटाइल, फुटवियर, रियल एस्टेट, सेल्स-मार्केटिंग, आईटी सॉफ्टवेयर, एजुकेशन आदि सेक्टर की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेगी। रोजगार मेला में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, एमबीए, बीबीए, होटल मैनेजमेंट, एलएलबी, डी.फार्मा, बी.फार्मा, एम.फार्मा सहित सभी शैक्षणिक एवं प्रोफ़ेशनल डिग्री धारक निःशुल्क भाग ले सकते हैं।उन्होंने बताया कि रोज़गार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। आयोजन स्थल पर ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी होगा। जिला प्रशासन द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन करके भी निःशुल्क पंजीकरण संभव होगा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार बेहतर औद्योगिक नीति, कानून-व्यवस्था, कनेक्टिविटी और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण बड़ी कंपनियां खुद वाराणसी आकर युवाओं को रोज़गार दे रही हैं। यह महाकुंभ पूर्वांचल के बेरोज़गार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित होगा।

# कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र में नेता जी के नाम पर चल रहा अवैध मिट्टी खनन, जिम्मेदार बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कोल्हमपुर पुलिस चौकी में शनिवार की रात से जेसीबी मशीन के सहारे अवैध मिट्टी खनन कर बिक्री किए जाने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि यह सब होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लग रही है, या फिर वे अनदेखा कर रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, जब इस अवैध खनन के बारे में पुलिस से बात की गई तो पुलिस कर्मियों ने बताया कि यह कार्य थानाध्यक्ष के आदेश पर किया जा रहा है और मिट्टी को नंदिनी नगर ले जाया जा रहा है, जो कथित रूप से नेताजी से जुड़ा स्थान बताया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी गरीब या आम नागरिक को अपने घर पर थोड़ी-सी मिट्टी की भी चाहिए होती है तो उसे प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन प्रशासन स्वयं चाहे तो बिना किसी परमिशन के जितना चाहे उतना खनन करवा देता है।इस संबंध में स्थानीय लेखपाल बलवंत गुप्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।बताया जा रहा है कि क्षेत्र के हरिवंशपुर और चौबेपुर गांवों में भी बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। लगातार हो रहे इस अवैध कारोबार को लेकर गांव और बाजारों में तरह-तरह की चर्चाएँ तेज हो गई हैं। इस मामले में हरिबंशपुर गांव के लेखपाल कृष्णा कुमारी ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वही इस पूरे मामले पर राजस्व निरीक्षक टिकरी जावेद अख्तर ने बताया कि मामला उप जिला अधिकारी तरबगंज के जानकारी में है खनन रात से ही हो रहा है।

# अशोक पाण्डेय बने आकाशवाणी वाराणसी के सहायक निदेशक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । कौड़िया थाना क्षेत्र के बेलवाभान निवासी अशोक पाण्डेय को आकाशवाणी वाराणसी में सहायक निदेशक (कार्यक्रम) पद पर पदोन्नति मिली है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। अनेक लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है। चंद्रभान पांडेय और सरस्वती पांडेय के पांच बच्चों में अशोक पांडेय सबसे बड़े पुत्र हैं। अशोक पांडेय की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर और विद्या मंदिर बेलरायां लखीमपुर खीरी से हुई। उच्च शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय से प्राप्त की और लखनऊ में ही रहकर सिविल सेवाओं की तैयारी करने लगे। इस दौरान इन्होंने यूपीएससी की सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा और असिस्टेंट कमांडेंट की परीक्षाओं में सफलता भी प्राप्त की। वर्ष 2013 में आपका चयन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत प्रसार भारती में कार्यक्रम अधिशासी के रूप में हुआ। मार्च 2015 में नियुक्ति के बाद से वे आकाशवाणी के वाराणसी केंद्र में कार्यक्रम अधिशासी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में 01 अगस्त 2025 को आकाशवाणी महानिदेशालय द्वारा उन्हें कार्यक्रम प्रमुख नियुक्त किया गया था। बीते 27 नवंबर को महानिदेशालय द्वारा जारी आदेश में आपको आकाशवाणी वाराणसी केंद्र पर सहायक निदेशक के रूप में पद्दोन्नति दी गई है। इसके साथ ही अब आप सहायक निदेशक के रूप में कार्यक्रम प्रमुख के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अशोक पांडेय ने अपनी इस उपलब्धि और सफलता पर ईश्वर को धन्यवाद देते हुए इसका श्रेय अपने माता-पिता के संघर्ष और गुरुजनों को दिया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को निश्चित ही प्रेरणा मिलेगी। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए लागू हुई बिल राहत योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं होंगे लाभान्वित**

बहराइच । उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ द्वारा 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक एलएमवी-1 (घरेलू) अधिकतम 02 किलोवाट भार तक तथा एलएमवी-2 (वाणिज्यिक) 01 किलोवाट भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिलों में तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतु ''बिजली बिल राहत योजना 2025-26'' लागू की जा रही है। पात्र उपभोक्ताओं द्वारा इस योजना में पंजीकरण कराने हेतु तीन चरण निर्धारित किये गये हैं। प्रथम चरण में 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025, द्वितीय चरण में 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 व तृतीय चरण में 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक पंजीकरण कराया जा सकता है।

डीएम द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभिन्न माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। ग्रामीण अंचलों के विद्युत उपभोक्ताओं लिए गांव-गांव में मुनादी करायी जाय जिससे अधिक से अधिक संख्या में उपभोक्ताओं को इस योजना के सम्बन्ध में जानकारी मिल सके ताकि वह बिजली बिल राहत योजना का अधिकाधिक लाभ उठा सके। विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि मा. जनप्रतिनिधियों तथा जिले के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी योजना की जानकारी दी जाय। वर्तमान 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की एक विशेषता यह है कि पूर्व में आबद्ध कलेक्शन एजेन्सी हेतु प्रोत्साहन की विशेष व्यवस्था की गयी है, जिसे नेवर पेड उपभोक्ताओं एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर दिया जायेगा। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि समस्त कलेक्शन एजेन्सीज यथा जनसेवा केन्द्र, विद्युत सखी, फिनटेक कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं मीटर रीडर्स/बिलिंग ऐजेन्सियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें बिजली बिल राहत योजना में प्रोत्साहन धनराशि की व्यवस्था से भलीभाँति अवगत कराया जाये साथ ही उन्हें नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं की सूची भी उपलब्ध करा दी जाये।

## शांतिभंग में 09 गिरफ्तार

नानपारा, बहराइच। नानपारा पुलिस ने अलग–अलग स्थान से शांति भंग के आरोप में 09 लोगों गिरफ्तार किया है कोतवाल नानपारा राजनाथ सिंह ने बताया कि अपराधियों एद्ववं शांति भंग करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा । अखिलेश कुमार यादव, विजय कुमार, संभु को अहिरनपुरवा बंजरिया से गिरफ्तार किया गया द्य अल्लन खा, पिंटू, रोहित कुमार को छोटी मैनाहिया, बहादुरपुरवा से गिरफ्तार किया गया जबकि श्याम नारायण, रूप नारायण, रजत कुमार को बाईपास के पास से गिरफ्तार किया गया सभी अभियुक्तों पर शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की गई है

# खड़ाऊं राज महिला चेयरमैन के बजाय पति संभाल रहे नगर पालिका परिषद की कुर्सी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । करनैलगंज नगर पालिका में नियम-काय दों को ताक पर रखकर खुलेआम ़खड़ाऊं राजङ्क चलने की चर्चा ज़ोरों पर है। नाम मात्र की महिला चेयरमैन रामलली घर की ड्योढ़ी तक सीमित हैं, जबकि उनके पति रामजी लाल खुलेआम चेयरमैन की कुर्सी व अधिकारों का इस्तेमाल करते नज़र आ रहे हैं। शासन व जिला प्रशासन की ओर से जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद चेयरमैन प्रतिनिधि का इस तरह कुर्सी पर बैठना अवैध है, लेकिन नगर पालिका में मानो नियमों की धज्जियां उड़ाने को ही परंपरा बना दिया गया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा हो गया जब एडीएम गोंडा के ठीक बगल में नगर पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल की बैठे हुए तस्वीर वायरल हो गई, जो बीते 23 नवंबर 2025 को नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित सरकारी बैठक की बताई जा रही है जो जीपीएस कैमरे से खींची गई तस्वीर में साफ तौर पर देखी जा सकती है। यह तस्वीर देखते ही देखते चर्चा का बड़ा विषय बन चुकी है, जो जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है। सूत्र बताते हैं कि महिला चेयरमैन रामलली महज़ पद नाम बनकर रह गई हैं। अधिकांश सरकारी पत्रावली, प्रस्ताव और विभागीय फाइलों में चेयरमैन के हस्ताक्षर तक उनके पति व परिजन खुद करते हैं। इतना ही नहीं, अधिकांश बैठकों में महिला चेयरमैन की गैरमौजूदगी रहती है और उनके पति ही चेयरमैन के तौर पर कुर्सी पर आसीन दिखाई देते हैं। हैरत की बात यह है कि ऐसे कार्यक्रमों और बैठकों में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों की न तो कुर्सी पर इस अवैध कब्जे पर नजर जाती है, न ही कोई आपत्ति दर्ज की जाती है। आखिर यह अनदेखी है या जानबूझकर की जा रही अनदेखी – यह बड़ा सवाल बनकर उभर रहा है। नगर पालिका के इस 'खड़ाऊं राज' ने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की मूल भावना और शासन के निर्देशों को खुली चुनौती दी है। अब देखना यह है कि वायरल तस्वीर के बाद प्रशासन क्या कदम उठाता है।

# नरेंद्र मधुर के भजनों से गूंज उठा पंडाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैरीघाट बहराइच । पिपरिया स्थित श्री चंडी माता मंदिर परिसर में रविवार शाम भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें प्रख्यात भजन गायक नरेंद्र मधुर ने अपने भजनों से श्रोताओं का मन मोह लिया। उन्होंने गाया जहां हर दिल हर मजबह में इंसान है वो हिंदुस्तान है। कार्यक्रम आयोजक मंदिर के पीठाधीश पंडित मुकुंदराम मिश्र ने बताया कि प्रतिदिन सायंकीलन भजन संध्या के साथ ही संतो का जमघट रहेगा। पड़ोसी देश नेपाल से भी संतो का आना प्रारंभ हो गया है। सोमवार को कवि सम्मेलन में देश के सुप्रसिद्ध कवि भी मंच इस धार्मिक अनुष्ठान की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राम बाबू द्विवेदी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र योगी,भाजपा जिला मंत्री रामनिवास जायसवाल,राजेश पाण्डेय,अंबिका प्रसाद,उदयभान मिश्र,मनोज मिश्र समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इंजीनियर विजय शंकर यादव ने कैबिनेट मंत्री से किया शिष्टाचार भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। बृहस्पतिवार को इंजीनियर विजय शंकर यादव उर्फ मुन्नू निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैविनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद से पादरी बाजार स्थित केंद्रीय कार्यालय पर शिष्टाचार मुलाकात किया । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इंजीनियर विजयशंकर यादव उर्फ मुन्नू का पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर स्वागत करते हुए पार्टी की जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन का उम्मीद किया । इंजीनियर विज

यशंकर यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पार्टी की रीतिनीति का पूर्णतः पालन करने का भरोसा दिलाया । इस दौरान पत्रकार रमेश मणि त्रिपाठी, देवराज चौहान उर्फ भोला ,इंजीनियर अशोक कुमार यादव, विद्या चरण शुक्ला, अनंत कुमार,गिरजेश यादव,शिवेंद्र सिंह, नरेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, विनय पांडेय आदित्य शंकर यादव, डॉक्टर शैलेश ओझा, राम लखन यादव, यशवंत कुमार आदि मौजूद रहें।

## गोरखपुर विश्वविद्यालय में साप्ताहिक संवाद: ़जो हार गया, वह पत्रकार नहीं : रत्नाकर सिंह

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पत्रकार कभी हार नहीं मानता, जो हार गया वह पत्रकार नहीं हैङ्क। यह बात दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा एवं पत्रकारिता विभाग में आयोजित 'साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम' में बतौर मुख्य वक्ता गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार रत्नाकर सिंह ने कही। उन्होंने भारतीय मीडिया की विश्वसनीयता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज पत्रकारिता अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रही है और विश्वसनीयता का जो संकट दिखाई देता है, वह पत्रकारों के कारण नहीं बल्कि संस्थाओं एवं उनके संचालकों की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज सूचना का प्राथमिक स्रोत वास्तविक घटनास्थल पर जा कर देखने के बजाय न होकर व्हाट्सएप द्वारा फारवर्ड संदेश बन गया है, जिससे वास्तविक समाचार ठीक से नहीं मिल पा रहा है। रत्नाकर सिंह ने स्पष्ट किया कि पत्रकार केवल समाचार लिखने वाला नहीं होता, बल्कि समाज को दिशा देने वाला मार्गदर्शक भी होता है। इसलिए एक पत्रकार को न किसी पक्ष में खड़ा होना चाहिए, न विपक्ष में — उसे सदैव निष्पक्ष रहना चाहिए। उन्होंने कहा, ़विश्वसनीयता हर व्यक्ति के भीतर होती है, लेकिन उसे बनाए रखना पत्रकार की जीवटता पर निर्भर करता है। जब तक पत्रकार मानवीयता, समावेशी दृष्टि और जनपक्षधरता को अपनी लेखनी में जीवित रखेगा, उसकी विश्वसनीयता पर कोई संकट नहीं आएगा। उनके उद्बोधन के बाद प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने छात्र–छात्राओं के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का उत्तर दे कर उन्हें समृद्ध किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए पत्रकारिता पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. राजेश मल्ल ने कहा कि लगभग 50 वर्षों के कार्यकाल में रत्नाकर सिंह पत्रकारों के अधिकारों, उनके परिवारजनों की समस्याओं और जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर संघर्षरत रहे हैं। उनकी कलम हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज़ को प्रमुखता देती रही है। कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन विभाग के शिक्षक डॉ. रजनीश कुमार चतुर्वेदी ने किया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता पाठ्यक्रम के सहायक समन्वयक डॉ. रामनरेश राम के अतिरिक्त विभाग के शिक्षक गण डॉ. अन्वेषण सिंह, डॉ. नरगिस बानो, अभय शुक्ला उपस्थित रहे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। विधानसभा-283 नानपारा के सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक तहसील कार्यालय नानपारा में आहूत की गई जिसमें अब तक ए.एस.डी. मतदाता के रूप में ऑनलाइन किए गए कुल मतदाताओं की बूथवार सूचना से सभी को अवगत कराया गया इसके अतिरिक्त नानपारा नगर क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे मतदाता जो अभी तक चिन्हित नहीं हो सके है उनके संबंध में भी सभी को अवगत कराया गया तथा अपील की गई कि सभी राजनीतिक दल अपने-अपने बूथवार नामित बीएलए को अंट्रेस मतदाताओं को चिन्हित किए जाने हेतु बीएलओ के सहयोग के लिए सूचित कर दे। आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार 11 दिसंबर तक कार्य पूर्ण होना है। लोगो के सहयोग के लिए बूथ लेवल एजेंट को सक्रिय करने एवं प्रत्येक बीएलओ के साथ सामंजस्य बैठाकर जो मतदाता नहीं मिल रहे हैं उन मतदाताओं को ट्रेस कराते हुए उनका गणना प्रपत्र जमा कराने हेतु अपील की गई। राजनीतिक दलों के पदाधिकारी से स्वयं तथा परिवार के सदस्यों का प्रपत्र भरने के संबंध में उपजिलाधिकारी नानपारा ने जानकारी प्राप्त कर कहा कि आमजन को इस बात के लिए जागरूक करें कि अंतिम तिथि का इंतजार ना करें शीघ्र अति शीघ्र सभी लोग अनिवार्य रूप से प्रपत्र जमा करा दें।

इसी के साथ-साथ एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सभी नगरवासियों एवं ग्रामवासियों से अपील की कि कल तहसील प्रशासन द्वारा एक महाअभियान चलाया जा रहा है जो मतदाता नहीं मिल रहे हैं जिनको ट्रेस नहीं किया जा सका है या जिनके द्वारा अभी तक गणना प्रपत्र भरकर अपने बीएलओ को नहीं दिया गया है वह कल सुबह 10:00 बजे संबंधित बूथ पर आकर अपना फार्म भरकर जमा कर सकते हैं प्रत्येक बूथ पर बी.एल.ओ व बी.एल.ए उपस्थित रहेंगे। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कहा कि कोई पात्र मतदाता ना छूटे अगर आपको इन्युम्रेशन फॉर्म नहीं मिला है या गायब हो गया है या मिल नहीं रहा है तो आप भी बूथ पर आइए और जितने लोग हमें नहीं मिल पा रहे उनके लिए इस महाअभियान में जुड़कर हर उस पात्र मतदाता को ढूंढने में आप सभी बीएलओ का सहयोग करें। बैठक में भाजपा से रेखा पाण्डेय नगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी से अयोध्या प्रसाद सोनी, अनिल पांडे जिला संयोजक, आशीष पांडे विधानसभा संयोजक भाजपा, देशराज सोनकर बसपा, सलमान कुरेशी, आईएनसी, तहसीलदार नानपारा और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बड़हलगंज में ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता, 15 दिसंबर 2025 से मिनी ग्रामीण स्टेडियम में शुरू होगी प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । बड़हलगंज के ग्रामीण मिनी स्टेडियम में शनिवार को ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। मुख्य अतिथि आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि यह प्रतिष्ठित फुटबॉल प्रतियोगिता 15 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 22 दिसंबर 2025 तक इसी स्टेडियम में चलेगी।

आयोजन समिति के अनुसार, इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 8 टीमें भाग लेंगी। फुटबॉल के प्रति युवाओं में बढ़ते उत्साह को देखते हुए इस बार प्रतियोगिता को और अधिक भव्य, प्रतिस्पर्धात्मक और आकर्षक बनाने की तैयारी की जा रही है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। इसका लक्ष्य युवाओं में ऊर्जा और खेल भावना का विकास करना तथा बड़हलगंज को राष्ट्रीय स्तर की खेल गतिविधियों से जोड़ना भी है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए मैदान की मरम्मत, खिलाड़ियों की सुरक्षा, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था और मैच संचालन संबंधी सभी तैयारियाँ तेजी से जारी हैं। इस दौरान आयोजन समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में संरक्षक इम्तियाज अहमद, डाक्टर मनोज यादव, डॉ. संजय और पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सरवन जायसवाल , योगेश राय अध्यक्ष, रामनगीना यादव संयोजक, मोहम्मद यूसुफ महासचिव, तीर्थराज,रामदास कोषाध्यक्ष चून्नू, जय सिंह एवं मीडिया प्रभारी सरफराज अहमद उपस्थित रहे। स्थानीय खेल प्रेमियों में इस टूर्नामेंट को लेकर भारी उत्साह है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष का आयोजन दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक और यादगार साबित होगा।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।कल देर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में कैलेंडर वर्ष 2025 की जिला सड़क सुरक्षा समिति की 11वीं बैठक का आयोजन गांधी सभागार में किया गया। बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विभाग समीक्षा की गई जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली के अवर अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि विगत बैठक में बीसलपुर बरेली मार्ग पर पटरी के किनारे बाढ़ में बह चुकी मिट्टी का कार्य कराये जाने के निर्देशों के अनुपालन में मार्ग की पटरी पर मिट्टी का कार्य कर दिया गया है साथ ही उक्त मार्ग जोकि वर्तमान में 7 मीटर चौड़ा है को 10 मीटर चौड़ीकरण हेतु डीपीआर बनाई जा रही है जिसके शासन से स्वीकृत होने पर उक्त मार्ग चौड़ीकरण का कार्य करने का आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पूरनपुर मार्ग पर उनकी संस्था द्वारा बनाए जा रहे हरदोई ब्रांच नहर पुल का कार्य पूर्ण कर दिया गया है साथ ही जन सामान्य के लिए पुल खोल दिया गया है जिससे उक्त स्थान पर लगने वाले जाम की समस्या का निराकरण हो चुका है। उन्होंने असम चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर की प्रगति के बारे में अवगत कराया की यह फ्लाईओवर फरवरी 2026 में पूर्ण कर दिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय द्वारा फ्लाईओवर के कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे बताए गए समय फरवरी 2026 तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए साथ ही उक्त निर्माण कार्य पर धूल उड़ने की शिकायतो के समाधान के लिए प्रत्येक दिन पानी का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि उनके क्षेत्राधिकार में केंचुआ पुल और बमरौली तिराहा ब्लैक स्पॉट्स के रूप में चिन्हित है बमरौली तिराहा पर अपेक्षित सुधारात्मक कार्रवाई कराई गई है जबकि केंचुआ पुल पर एक टी -पॉइंट पर 100 मी क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम कराए जाने हैं जिस पर वन विभाग द्वारा दो बार आपत्ति लगाई जा चुकी है जिससे कार्य बाधित हो रहा है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड को डीएफओ के साथ उनके समझ एक बैठक कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत पूरनपुर टनकपुर मार्ग के बाईपास के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त बाईपास संचालन के लिए तैयार है जिसका औपचारिक उद्घाटन किया जाना है। शीघ्र ही माननीय जनप्रतिनिधि से संपर्क कर इसका उद्घाटन करवाया जाएगा। एआरटीओ द्वारा उक्त मार्ग पर सड़क सुरक्षा संबंधी रोड साइनेज, प्रकाश व्यवस्था एवं कैट्स आई इत्यादि लगवाने की आवश्यकता बताये जाने पर अध्यक्ष महोदय द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया गया कि उक्त बाईपास पर खतरनाक मोड़ एवं व्यस्ततम चौराहा भी है अतः सुरक्षित परिवहन के दृष्टिगत उद्घाटन से पूर्व सड़क सुरक्षा संबंधी समस्त प्रावधान पूर्ण कर लिए जाएं। एआरटीओ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में हो रही सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण करने पर यह ज्ञात हुआ है कि अधिकांश दुर्घटनाएं मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल के टकराने या अन्य वाहनों के मोटरसाइकिल से टकराने के फलस्वरुप हो रही है जनपद में कोई भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर नहीं बनाए गए हैं। जिससे आमने-सामने से टकराने की दुर्घटनाएं बढ़ रही है साथ ही सड़के पूर्व की स्थिति में अच्छी हो जाने से वाहन चालक ओवर स्पीडिंग भी कर रहे हैं। ओवर स्पीडिंग पर नियंत्रण के लिए पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा चालान की कार्यवाही की जा रही है उन्होंने बताया कि नवंबर माह में मनाए गए यातायात माह के अंतर्गत जन सामान्य को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन हेतु जागरूक करने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का चालान की प्रभावी कार्रवाई भी की गई है, किंतु जनपद के किसी भी मार्ग पर ऑटोमेटिक चलान सिस्टम प्रणाली स्थापित नहीं है यदि यह ऑटोमेटिक चालान प्रणाली स्थापित हो जाए तो वाहन चालक चालान के दर से ओवर स्पीडिंग करने से बचेंगे उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा सभी जनपदों में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस स्थापित किए जाने हेतु सड़क निर्माण संस्थाओं से सूचनायें एकत्रित की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी लागू कराई गई थी किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में इसका पूर्णतया अनुपालन नहीं कराया जा रहा है जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को समस्त पेट्रोल पंपों को नो हेलमेट नो फ्यूल पॉलिसी का पूर्णतया अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए।

एआरटीओ द्वारा राहवीर योजना के विषय में अवगत कराते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना के घायलों को अस्पताल पहुंचने वाले नेक व्यक्तियों को शासन ने राहवीर नाम दिया है तथा इनको प्रोत्साहित व सम्मानित किए जाने हेतु ?25000 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। महोदय द्वारा संबंधित विभाग पुलिस चिकित्सा एवं परिवहन के अधिकारियों को राहवीर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं घायलों को अस्पताल पहुंचने वाले व्यक्तियों को इसका लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

जनपद में गन्ना सीजन के दौरान में गन्ना वाहनों में के सुरक्षित परिवहन कराए जाने एवं वाहनों में ओवर हाइट एवं ओवरलोडिंग गाना परिवहन न किए जाने हेतु चीनी मिल के प्रबंधक एवं ट्रांसपोर्टरों को निर्देशित किया गया उन्होंने गन्ना परिवहन करने वाले ट्रांसपोर्टर से कहा कि निर्धारित सीमा तक ही वाहनों में गन्ना परिवहन किया जाए ऐसी कोई स्थिति न बनने पाए जिससे कि कोई गन्ना वाहन से कोई दुर्घटना घटित हो। साथ ही उन्होंने गन्ना परिवहन करने वाले सभी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप एवं वाहनों से गन्ना बाहर ना गिरे इसके लिए बेल्ट का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आए ट्रांसपोर्टर दिनेश पटेल द्वारा मुख्य मार्गों पर वृक्षों की छटाई की आवश्यकता बताई गई उन्होंने कहा कि वृक्षों की टहनियां वाहनों से टकराती हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है जिस पर महोदय द्वारा वन विभाग के रेंजर को सभी मार्गों का सर्वे कराकर वृक्षों की छँटाई कार्य कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। एआरटीओ द्वारा शीत ऋतु में कोहरे की दृष्टिगत ऐसे सभी मार्गों पर जिन पर सफ़ेद पट्टी धुंधली पड़ चुकी है या मिट गई है उसे पर पुनः सफ़ेद पट्टी का कार्य कराये जाने की आवश्यकता बताई गई जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को सफ़ेद पट्टी का कार्य कराई जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि कोहरे में वाहन चालक सफ़ेद पट्टी के सहारे अपने वाहन मार्ग पर सुगमतापूर्वक चला सके। बैठक में आए ट्रांसपोर्टर सतनाम सिंह द्वारा जहानाबाद में गन्नक्र के प्लांट के पास स्पीड ब्रेकर हटाए जाने की आवश्यकता बताई गई उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्पीड ब्रेकर सही नहीं है जिससे एकदम से चालकों के ब्रेक लेने पर पीछे चलने वाले वाहन टकरा रहे हैं। जिस पर महोदय द्वारा उक्त स्थान से स्पीड ब्रेकर हटाकर रम्बल स्ट्रिप स्थापित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद के माधोटांडा मार्ग पर वन क्षेत्र में भी ओवर स्पीडिंग का संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा वन विभाग से आए रेंजर को उक्त मार्ग के वन क्षेत्र मैं प्रवेश करने वाले दोनों स्थानों पर कैमरा सिस्टम लगाए जाने के लिए निर्देशित किया गया ताकि वाहनों के एक तरफ से दूसरी तरफ तक पहुंचने में लगने वाले समय की स्थिति को देखते हुए यदि वाहन द्वारा ओवर स्पीडिंग की गई है तो उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी लोक निवास विभाग निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता, गन्नक्र के अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, वन विभाग के क्षेत्राधिकारी, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, रोडवेज के एआरएम सहित सड़क सुरक्षा से संबंधित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि चीनी मिलों के प्रबंधक एवं ट्रांसपोर्ट ट्रांसपोर्ट उपस्थित रहे।

## दुकान के बाहर खड़े वाहनों से राहगीर परेशान:प्रशासन से दुकानदारों ने की यातायात व्यवस्था सुधारने और बेवजह खड़े वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग

पूरनपुर।शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों-दिन बदतर होती जा रही है. मुख्य सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सुबह से शाम तक जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाता है, जिससे आवश्यक कार्य को निकले नगरवासी कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, स्कूली बच्चे और आम नागरिक घंटों जाम में फंसे रहते हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों के किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़ी गाड़ियां और टुकटुक चालक कहीं भी वाहन रोककर सवारी उतारने-चढ़ाने की प्रवृत्ति इस समस्या को और गंभीर बना रही है बाजार इलाकों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं, जहां पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती मोहल्ला चौक के एक बड़े सर्राफा व्यवसायी की दुकान के आगे सर्राफा व्यवसायी ने इस तरह से अतिक्रमण कर रखा है और बाइको की अवैध पार्किंग बना रखी जहां से राहगीरों का निकलना दुर्लभ है और शहर की सड़कों पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने के कारण जाम को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है कई बार एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना चुनौती बन जाता है शहरवासियों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और और सर्राफा व्यवसायी के दुकान के सामने से अव्यवस्थित ढंग से खड़ी बाइक और पार्किंग को खत्म करने और प्रमुख चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है बोले शहरवासी शहर में लगातार जाम की समस्याएं बढ़ रही है लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है. जाम को नियंत्रण करने के लिए भी किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं की जा रही है बाजार जाने में काफी परेशानी होती है पैदल चलने की भी जगह नहीं मिलती प्रशासन को ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करना चाहिए।

## जामो पुलिस ने बीस ग्राम स्मैक के साथ महिला को भेजा जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना जामो पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बीस ग्राम स्मैक के साथ एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान नाजमा बानो पत्नी स्वर्गीय शकील मोहम्मद निवासी ग्राम गोरियाबाद थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब अडतालीस वर्ष को बीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार की गई महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## बैनामा की भूमि पर कब्जा करने पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । थाना फुरसतगंज पुलिस की अनसुनी की शिकार महिला को न्याय के लिये जिलाधिकारी के दरबार में गुहार लगाई गई तो उसे न्याय मिल सका और बेशकीमती बैनामा की भूमि पर कब्जा करने और मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो सका। उक्त मामला क्षेत्र के गांव पूरे रिबई मजरे तेंदुआ का है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे रिबई निवासिनी फातिमा पत्नी रमजान ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में जिलाधिकारी को सौंपे गये पत्र में लिखा है कि उसकी भूमि पर तीस अक्टूबर को गांव के ही सुबेदार पुत्र मुनीर व उनके अनीस के साथ ही ललऊ पुत्र जान मोहम्मद आदि के द्वारा निर्माण करने के लिये नींव खोद रहे थे जब विधवा महिला और उसके बेटे ने मना किया तो विपक्षीगण लाठी डण्डा व धारदार हथियार से उसके बेटे ननहई पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया और उसे भी धक्का देकर गिरा दिया गया।विपक्षीगण जबरिया विधवा महिला की बैनामा शुदा भूमि पर कब्जा करना चाह रहे है। पीड़िता ने जब स्थानीय थाना फुरसतगंज पहुंचकर आपबीती सुनाई गई तो पुलिस ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया तो उसने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में पहुंचकर जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई तो आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

## प्रवेश परीक्षा के सेंटरों का बीएसए ने किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी के निर्देशन मे विद्या ज्ञान स्कूल की कक्षा 06 मे प्रवेश परीक्षा जनपद पीलीभीत के 3 सेंटरों पर ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत, पब्लिक इंटर कॉलेज पुरनपुर एवं एसआरएम इंटर कॉलेज बीसलपुर में दो पालियो में परीक्षा आयोजित हुई प्रथम पाली बालिका वर्ग 338 के सापेक्ष 173 उपस्थित हुई एवं द्वितीय पाली में बालक वर्ग 229 के सापेक्ष 125 उपस्थित हुए। संपन्न हो रही परीक्षा का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया एवं छात्रों को परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि कहीं पर कोई भी समस्या आए तो तत्काल ही संपर्क कर समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करें। परीक्षा सेंटर पर किसी भी समस्या के लिए कार्यालय के बरिष्ठ सहायक राजीव रतन अवस्थी उपस्थित रहे है।

## जनसेवा केंद्र और सिम विक्रेताओं के साथ अहम बैठक साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए फर्जी दस्तावेजों पर सिम न बेचने के दिए निर्देश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली परिसर मे रविवार दोपहर 2 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता मे आयोजित हुई वर्तमान समय में बढ़ रही साइबर क्राइम की घटनाओं के मद्देनजर पूरनपुर थाना प्रभारी ने मोबाइल सिम कार्ड विक्रेताओं और जन सेवा केन्द्र संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के मार्गदर्शन में रविवार को आयोजित बैठक में क्राइम इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने सिम कार्ड विक्रेताओं से बात करते हुए कहा कि अधिकांश साइबर क्राइम की शुरूआत मोबाइल सिम कार्ड खरीदने से होती है किसी भी व्यक्ति को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड न बेचा जाए उन्होंने कहा कि कोई भी अपराधी अपराध करने से पहले फर्जी पहचान पत्र पर सिम कार्ड जरूर खरीदता है जिसे ट्रेस करने में पुलिस को भी काफी परेशानी होती है उन्होंने कहा कि भले ही वर्तमान समय में बायोमेट्रिक सिस्टम के जरिए सिम कार्ड बेचे जाते हैं तथा आधार कार्ड स्कैन करने के बाद ही कंपनियां नंबर को एक्टिवेट करती है लेकिन कुछ दुकानदारों ने पुराने समय से ही नंबर एक्टिवेट करवाए हुए हैं ये दुकानदार इन नंबरों को महंगे दामों पर तथा बिना दस्तावेज वेरिफाई करवाए ही सिम कार्ड दे देते हैं और कहा कि पुलिस इस मामले में किसी भी दुकानदार, विक्रेता की कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी यदि किसी दुकानदार ने नियमानुसार सिम कार्ड जारी नहीं किया तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी बैठक में मौजूद दुकानदारों और संचालकों ने कहा कि वे कोई भी गैर-कानूनी काम नहीं करेंगे साथ ही यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति उनके पास सिम कार्ड लेने के लिए आएगा तो वे तुरंत उसकी सूचना पुलिस को देंगे

## गुड सेमेरिटन इंतजार ख़ान को एडीशनल एसपी विक्रम दहिया ने किया सम्मानित

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सड़क दुघर्टना में घायलों को एंबुलेंस एवं पुलिस को सूचना देकर घायलों की बचाई जान दिनांक 27/11/025 को रात्रि 10.20 मिनट पर यसवंतरी मंदिर के गेट के ठीक सामने दो बाईकों के आपसी भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर पड़े रहे। यह दुर्घटना शिक्षक व जिला नोडल सड़क सुरक्षा इंतजार ख़ान के सामने हुई उन्होंने तत्परता दिखाते हुए सबसे पहले एंबुलेंस को फोन किया इसके बाद एडीशनल एसपी विक्रम दहिया को फोन से घटना की जानकारी दी उसी समय एंबुलेंस आ गई तो उन्होंने तीनों घायलों को एंबुलेंस में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया एवं उसी समय एडीशनल एसपी ने सिओ सिटी के द्वारा पुलिस को घटनास्थल पर भेजा जिससे दोनों बाईकों को कोतवाली ले जाया गया। आज यातायात माह के समापन अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने शिक्षक इंतजार ख़ान को गुड सेमेरिटन का नाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य, सिओ सिटी दीपक चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

## पटाखा साइलेंसर की एक बुलेट बाइक सीज:राहगीरों को परेशान करने वालों पर शिकंजा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक बुलेट बाइक को सीज कर दिया इन बाइक में मोडिफाई साइलेंसर लगा था जिनसे पटाखे जैसी तेज आवाज निकल रही थी यह कार्रवाई कोतवाली मे तैनात क्राइम इंस्पेक्टर अशोक सिंह के नेतृत्व में की गई इंस्पेक्टर क्राइम अशोक ने बताया कि उन्हें लंबे समय से ऐसी शिकायतें मिल रही थीं मोडिफाई साइलेंसर वाली बुलेट बाइक से निकलने वाली तेज आवाज से आमजन परेशान हो रहे थे कोतवाल पवन पाण्डेय ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी मोडिफाई किए गए अन्य वाहनों के खिलाफ भी मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पूरनपुर की एक युवती को घर से अगवा कर ले गये गैर समुदाय का युवक और उसके परिजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशगंज पूर्वी में एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है किशोरी की मां सरोज शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है पूरनपुर के मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को बताया सुबह 9 बजे के करीब वह अपनी पुत्री के साथ घर पर अकेली थी उसी वक्त दूसरे समुदाय के सिमरिया निवासी अमन, लालू, फरमूद, अमन की बहन की मदद से अपने साथ ले गया पीड़िता की मां ने अमन उसकी पुत्री को 25 नवम्बर 2024 को इससे पहले भी अगवा कर चुका है जिसकी एफ आई आर थाने मे दर्ज है आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है मामले की शिकायत पर गम्भीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है

## गौरीगंज में यातायात पुलिस द्वारा निकाली गई जागरुकता रैली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । क्षेत्र के कस्बा गौरीगंज में यातायात माह नवम्बर के समापन दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। यातायात माह नवम्बर के समापन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में ई रिक्शा चालकों के माध्यम से कस्बा गौरीगंज में यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें वाहन चालकों के साथ साथ आम जनमानस को यातायात नियमों संकेत के प्रति जागरूक किया गया। यातायात जागरूकता सम्बंधी बैनरों व स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।इस अवसर पर यातायात प्रभारी शोभनाथ राम व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## आनलाइन हाजिरी का ग्राम पंचायत सचिव करेंगे विरोध

### एक दिसम्बर से काली पट्टी बांधने से लेकर डोंगल तक जमा करने की दी चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । शासन द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों के लिये पंचायत भवन पर आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश पर समस्त सचिवों ने एतराज जताया है और काली पट्टी बांधकर विरोध जताने के साथ ही डोंगल तक जमा करने की चेतावनी दी गई है। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अमेठी के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि हम लोग फील्ड के कर्मचारी है हमसे रात दिन अवकाश आदि के समय भी काम लिया जाता है।हम लोगो के पास कई ग्राम पंचायतों का प्रभार भी रहता है और अपने विभागीय कार्य के साथ ही साथ गैर विभागीय दर्जनों कार्य करते है बल्कि इस स्थिति मे अपने बिभाग का कार्य प्रभावित होता है। आनलाइन उपस्थिति आफिस कर्मचारी के लिये होता है फील्ड के कर्मचारियों के लिए नही।ग्राम पंचायत स्तर पर और भी बिभाग के कर्मचारी तैनात है लेकिन उपस्थिति केवल सचिव की ली जाये यह भेदभाव पूर्ण है।सरकार ने किसी भी प्रकार के मोबाइल, डाटा आदि भी नही दिया है न तो कोई भत्ता है इस स्थिति मे अपने निजी मोबइल का प्रयोग करना पड़ता है जो निजता का उलंघन है। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अमेठी के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सचिवों ने एक दिसम्बर से चार दिसम्बर तक काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य करेंगे एवं पांच दिसम्बर को सभी ब्लाक मुख्यालय पर मे धरना देंगे और सरकारी ग्रुपो से अपने को लेफ्ट कर देंगे। उन्होंने बताया कि छह दिसम्बर से चौदह दिसम्बर तक अपने वाहन का प्रयोग करने के बजाय साइकिल से कार्य करेंगे क्योंकि इन कर्मियों को सरकार द्वारा साइकिल भत्ता के रुप मे दो सौ रुपया प्रतिमाह ही भुगतान किया जाता है। उन्होंने बताया कि पन्द्रह दिसम्बर को ब्लाक पर डोंगल भी जमा कर देंगे जिससे सरकारी कार्य और भुगतान दोनों प्रभावित होगा यदि इसके बाद भी कोई निर्णय नही होता तो प्रदेश स्तर पर कार्य बहिष्कार शुरू करेंगे।

## पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को धरदबोचा

अमेठी,थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने 6.90 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उप निरीक्षक बृजेश कुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर राजदीप पुत्र सुरेश निवासी ग्राम कटारी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब तेइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया।तलाशी से उसके कब्जे से 6.90 ग्राम स्मैक बरामद हुई।इस सम्बंध में थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## 1962 सेवा से पशुपालकों को मिल रही बड़ी राहत

सुलतानपुर। प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालकों के हित में शुरू की गई 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में वरदान साबित हो रही है। इस टोल-फ्री नंबर पर कॉल करते ही वेटरनरी टीम पशुओं के इलाज के लिए सीधे घर पहुंच रही है, जिससे पशुपालकों को समय, धन और परेशानियों से बड़ी राहत मिल रही है। ताज़ा मामला अखंडनगर ब्लॉक के अहिरी फिरोजपुर गांव का सामने आया है। गांव के निवासी रवि ने बताया कि उनकी गाय कई दिनों से गंभीर रूप से बीमार थी। गाय के बच्चेदानी में इंफ़ेक्शन हो गया था और वह चारा तक नहीं खा रही थी। कई निजी डॉक्टरों से इलाज कराने के बावजूद कोई सुधार न होता देख रवि निराश हो चुके थे। इसी बीच किसी ने उन्हें 1962 टोल फ्री नंबर पर कॉल करने की सलाह दी। कॉल के कुछ समय बाद ही डॉक्टर मित्रसेन यादव, एमटीएस अनिल यादव और पायलट अनुभव की टीम उनके घर पहुंच गई और गाय का इलाज शुरू किया। टीम द्वारा किए गए उपचार के बाद अब गाय की हालत में काफी सुधार हो चुका है। रवि ने बताया कि ल्यदि यह सेवा न होती तो शायद हमारी गाय बच नहीं पाती। सरकार की यह सुविधा हमारे जैसे पशुपालकों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। ङ्गग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन ही आम लोगों की आय का प्रमुख साधन होता है, ऐसे में सरकार की यह पहल पशुपालकों के

## यूपीडा के सरकारी भूखंड पर अवैध खनन का बोलबाला



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### पूर्व एसडीएम गामिनी सिंगला की कार्रवाई बनी मिसाल

विदित हो कि पूर्व में इसी गाटा पर अतिक्रमण कर बुवाई किए जाने की शिकायत पर तत्कालीन तेजतर्रार उपजिलाधिकारी गामिनी सिंगला ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फसल नष्ट करवाई थी और जमीन खाली करवाई थी। उनके हटने के बाद खनन माफियाओं ने एक बार फिर सक्रिय होकर जमीन को दुबारा खोदना शुरू कर दिया और लाखों की मिट्टी बेचकर सरकारी जमीन को खोखला कर दिया।

प्रश्न बड़ा है क्या जिलाधिकारी के आदेश तहसील में बेअसर हैं?

जिले के सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी के आदेशों को तहसील स्तर पर नजरअंदाज किया जाना गंभीर सवाल खड़ा करता है। यदि यही स्थिति रही तो सरकारी जमीनें माफियाओं के कब्जे और खनन की खुली मंडी बन जाएंगी। शिकायतकर्ता सर्वेश कुमार ने जिला प्रशासन से अवैध खनन मे लिप्त व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की मांग की हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब तक जनहित में ,कार्रवाई नहीं होगी, सरकारी भूखंडों के खनन माफियाओं के हौसले बुलंद रहेंगे और सरकारी जमीनों की क्षति होती रहेगी।

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में अवैध खनन का खेल दिनों-दिन बेकाबू होता जा रहा है। डीह ग्रामसभा के गाटा संख्या 661 जिसे वर्ष 2018 में सरकारी प्रक्रिया के तहत यूपीडा को बैनामा किया जा चुका है में खनन माफिया खुलेआम मिट्टी निकालकर लाखों रुपये की कमाई कर रहे हैं। विभागीय संरक्षण और तहसील प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी ने इस गैरकानूनी धंधे को और ताकत दे दी है।

ग्रामसभा की लगातार शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। भवानीगढ़ गांव के ज्ञान प्रकाश पुत्र राम किशोर पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी भूमि को आठ फीट तक गहराई तक खोदकर मिट्टी बेच दी। शिकायतकर्ता सर्वेश कुमार पुत्र ग़यादत्त यादव निवासी भवानीगढ़ द्वारा इस संबंध में 10/11/2025 को जिलाधिकारी सुल्तानपुर को दिया गया शिकायती पत्र प्रशासन की फाइलों में दबा रह गया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बल्दीराय को जांच एवं कार्रवाई की आख्या मांगी थी, लेकिन राजस्व कर्मियों और खनन विभाग की कथित सांठगांठ के चलते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि राजस्व और खनन विभाग के कुछ कर्मचारी खनन माफिया के साथ मिलकर सरकारी संसाधनों की खुली लूट में शामिल हैं। इन विभागीय कर्मियों की छत्रछाया में उक्त व्यक्ति लगातार अवैध खनन कर रहा है, जबकि तहसील प्रशासन मौन साधे बैठा है।

## सम्पादकीय

# मजहबी हिंसा

भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिया गया वक्तव्य, जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा इसे वास्तव में सिर्फ एक टिप्पणी नहीं माना जा सकता है, यह एक ऐसा कथन है जिसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव दूर तक जाते हैं। खासकर इसलिए क्योंकि जिहाद शब्द आधुनिक समय में एक विवादित और अक्सर हिंसा से जुड़ी अवधारणा बन चुका है। मदनी मानते हैं कि जिहाद एक पवित्र कर्तव्य है, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का नाम है और हिंसा अथवा आतंक से उसका कोई संबंध नहीं, किंतु सवाल यह है कि यदि जिहाद वास्तव में इतना ही पवित्र और नैतिक अवधारणा है तो दुनिया के अनेक इस्लामिक, मजहबी हिंसक समूह उसे हत्याओं का औजार क्यों बनाते आए हैं और अब भी बना रहे हैं सभी समझें कि यह प्रश्न भावनात्मक नहीं है, ऐतिहासिक और भू-राजनीतिक सच्चाइयों का परिणाम है क्योंकि इससे जुड़ा पूरा इतिहास आज मौजूद है। बीते चार दशकों में जितने बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकी आक्रमण हुए, न्यूयॉर्क से लेकर मुंबई, दिल्ली से लेकर पेरिस तक उनमें दोषियों ने अपने कृत्य को अक्सर जिहाद के नाम पर उचित ठहराया है। क्या वे सभी समूह किसी जुल्म का उत्तर दे रहे थे क्या उन पर दुनिया अत्याचार कर रही थी यदि नहीं तो फिर भारत एवं दुनिया भर में सभी इस्लामी नेतृत्व को इस पर खुलकर कहना चाहिए कि हिंसा का यह रूप इस्लाम नहीं है। दुखद यह है कि ऐसा स्पष्ट और साहसी प्रतिरोध 'इस्लाम समूह' के रूप में दिखाई नहीं देता है। अब तक जितने भी इस्लामिक आतंकवादी भारत में पकड़े गए हैं, उनमें अधिकांश से स्वयं से स्वीकार किया है कि वे गैर मुसलमानों के खिलाफ जिहाद एक पवित्र युद्ध कर रहे हैं ! अब इसे कैसे नकारा जा सकता है यह तथ्य तो तमाम जगह पुलिस और न्यायालयो के रिकार्ड में मौजूद है। वस्तुतः The Legacy of Jihad जैसी पुस्तकों में दर्ज विस्तृत शोध यह दिखाता है कि जिहाद की ऐतिहासिक अवधारणा में आध्यात्मिक संघर्ष (नफ्स के खिलाफ), सामाजिक न्याय और अन्याय के विरोध का तत्व तो था, परंतु सदियों में राजसत्ता, राजनीति और कट्टरपंथी नेतृत्व ने इसे कई बार पवित्र युद्ध का रूप भी दिया और इस्लाम के बने रहने और उसके विस्तारवाद के लिए अब भी दे रहे हैं। पुस्तक यह आलोचनात्मक दृष्टि प्रस्तुत करती है कि इस्लाम के मजहबी आदर्श और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मिश्रण ने इसे हिंसक दिशा की ओर मोड़ दिया। इन सभी अध्ययनों से यह सामान्य निष्कर्ष उभरता है कि जिहाद का आध्यात्मिक अर्थ और उसका आधुनिक राजनीतिक-हिंसक अर्थ एक-दूसरे से बहुत भिन्न हैं। यदि मदनी और उनके समर्थक जिहाद को शुद्ध आध्यात्मिक व नैतिक सिद्धांत के रूप में मानते हैं, तो यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि आतंकवाद के नाम पर किया गया जिहाद इस्लाम के विरुद्ध अपराध है। लेकिन प्रश्न यह है कि भारत में यह स्पष्ट विभाजन कौन करेगा भारत का मुसलमान समुदाय बहुसंख्यक रूप से शांतिप्रिय, लोकतांत्रिक व्यवस्था में आस्था रखने वाला और सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न हिस्सा है, पर कट्टरपंथियों द्वारा जिहाद शब्द के दुरुपयोग की जिम्मेदारी भी किसी न किसी को लेनी होगी। क्या यह जिम्मेदारी मौलाना मदनी जैसे प्रभावशाली धार्मिक नेताओं की नहीं है कि वे खुलकर, बिना किसी अस्पष्टता के, यह कहें कि भारतीय उपमहाद्वीप और विश्व स्तर पर सक्रिय कई इस्लामिक आतंकवादी संगठनों में प्रमुख रूप से इंडियन मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी, जमात-उद-दावा, अल-बदर, हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन और लश्कर-ए-झँगवी, हक्कानी नेटवर्क, अल-कायदा, अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट, आईएसआईएस, दाएश, अल-नुसरा फ्रंट और अंसार अल-शरिआ, अल-शबाब, बोको हराम और अंसार अल-इस्लाम जैसे संगठनों द्वारा किया गया कोई भी हिंसक 'जिहाद' इस्लाम विरोधी अपराध है। क्या इन जैसे इस्लामिक नेताओं को सभी आतंकवादी संगठनों से भारत के मुसलमानों को दूर रहने का आह्वान नहीं करना चाहिए।

# भारत का आर्थिक विकास: सहकारिता से समृद्धि की ओर




भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है और हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक आपस में भाई-चारे के साथ मिलजुल कर रहते आए हैं। इस दृष्टि से देखा जाय तो सहकार की भावना हम भारतीयों के डीएनए में है। इसी विषय के दृष्टिगत एक बार पुनः आज भारत के प्रत्येक गांव को खुशहाल एवं समृद्ध बनाने की लिए समस्त गावों को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ल्लसहकार से समृद्धिङ्क का नारा भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर दिया गया है। भारत में आज सहकारी समितियों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि भारत में सहकारी समतियां, स्व-सहायता, स्व-जिम्मेदारी, लोकतंत्र, समानता, न्याय एवं एकजुटता जैसे भारतीय मूल्यों के आधार पर कार्य करती हुई दिखाई देती हैं। साथ ही, जिन 7 सिद्धांतों के आधार पर इन समितियों के कार्य करने की अपेक्षा रहती है, उससे इन समितियों के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। यह 7 सिद्धांत हैं - खुली और स?वैच्छिक सदस?यता; लोकतांत्रिक तरीके से सदस?यों की भागीदारी; सदस?यों की आर्थिक भागीदारी; स?वायत?तता और स?वतंत्रता; शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचनाः कोआपरेटिव के बीच सहयोग; समुदाय के प्रति सरोकार। सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। समृद्धि केवल धन-संपत्ति से कहीं अधिक है, यह तब होती है जब सभी लोगों को फलने-फूलने का अवसर और स्वतंत्रता प्राप्त होती है। समृद्धि एक समावेशी समाज पर आधारित होती है, जिसमें एक मजबूत सामाजिक अनुबंध होता है जो प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करता है। सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है। भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र ही यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब ल्लसहकार से समृद्धिङ्क की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। संचालन और कार्यों की प्रकृति के आधार पर मुख्यतः छह प्रकार की सहकारी समितियां होती हैं। इनमें उपभोक्ता सहकारी समितियां, उत्पादक सहकारी समितियां, विपणन सहकारी समितियां, कृषक सहकारी समितियां, ऋण सहकारी समितियां और सहकारी आवास समितियां शामिल हैं। उक्त वर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं। 29 जून, 2022 को भारत सरकार द्वारा 63,000 क्रियाशील प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ परियोजना को मंजूरी दी गई थी। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था एवं केंद्र सरकार द्वारा अब किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अतः देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा। डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में किसानों की आय को दुगुना करने के लिए सहकारी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना करनी होगी। इससे खाद्य सामग्री की बर्बादी को भी बचाया जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 25 से 30 प्रतिशत फल एवं सब्जियों का उत्पादन उचित रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो जाता है। शहरी क्षेत्रों में गृह निर्माण सहकारी समितियों का गठन किया जाना भी अब समय की मांग बन गया है क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मकानों के अभाव में बहुत बड़ी जनसंख्या झुग्गी झोपड़ियों में रहने को विवश है। अतः इन गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा मकानों को बनाने के काम को गति दी जा सकती है। देश में आवश्यक वस्तुओं को उचित दामों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंज़ूमर सहकारी समितियों का भी अभाव है। पहिले इस तरह के संस्थानों द्वारा देश में अच्छा कार्य किया गया है। इससे मुद्रा स्फीति की समस्या को भी हल किया जा सकता है। देश में व्यापार एवं निर्माण कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से ल्लईज आफ डूइंग बिजिनेसङ्क के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है उसे सहकारी संस्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में भी काम करना आसान हो सके। सहकारी संस्थानों को पूंजी की कमी नहीं हो इस हेतु भी प्रयास किए जाने चाहिए। केवल ऋण के ऊपर अत्यधिक निर्भरता भी ठीक नहीं है। सहकारी क्षेत्र के संस्थान भी पूंजी बाजार से पूंजी जुटा सकें ऐसी व्यवस्था की जा सकती हैं। विभिन्न राज्यों के सहकारी क्षेत्र में लागू किए गए कानून बहुत पुराने हैं। अब, आज के समय के अनुसार इन कानूनो में परिवर्तन करने का समय आ गया है। सहकारी क्षेत्र में पेशेवर लोगों की भी कमी है, पेशेवर लोग इस क्षेत्र में टिकते ही नहीं हैं। डेयरी क्षेत्र इसका एक जीता जागता प्रमाण है। केंद्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में नए मंत्रालय का गठन के बाद यह आशा की जानी चाहिए के सहकारी क्षेत्र में भी पेशेवर लोग आकर्षित होने लगेंगे और इस क्षेत्र को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दे सकेंगे। साथ ही, किन्हीं समस्याओं एवं कारणों के चलते जो सहकारी समितियां निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं, उन्हें अब पुनः चालू हालत में लाया जा सकेगा। अमूल की तर्ज पर अन्य क्षेत्रों में भी सहकारी समितियों द्वारा सफलता की कहानियां लिखी जाएंगी ऐसी आशा की जा रही है। ल्लसहकारिता से विकासङ्क का मंत्र पूरे भारत में सफलता पूर्वक लागू होने से गरीब किसान और लघु व्यवसायी बड़ी संख्या में सशक्त हो जाएंगे।

प्रहलाद सबनानी

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : लौकिक और अलौकिक लक्ष्य प्राप्ति का अद्भुत संदेश

**रमेश शर्मा**

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आरंभ हो गया है। इस वर्ष एक दिसम्बर को दुनियाँ के चालीस देशों में गीता जयंती का मुख्य आयोजन होगा। श्रीमद्भगवत गीता कालजयी है और इतना व्यापक भी कि आधुनिक विज्ञान से जीवन की हर समस्या के समाधान सूत्र हैं। श्रीमद्भगवद्गीता भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच का संवाद है जो महाभारत युद्ध आरंभ होने के कुछ क्षण पहले हुआ था। वह स्थल कुरुक्षेत्र था। कुरुक्षेत्र अब हरियाणा प्रदेश में है। इस संवाद की तिथि मार्गशीर्ष माह शुक्लपक्ष की एकादशी थी। इस वर्ष यह तिथि 30 नवंबर को रात्रि 9 बजकर 29 मिनट से आरंभ हो रही है और एक दिसंबर को शाम सात बजकर एक मिनट तक रहेगी। इसलिए गीता जयंती 01 दिसंबर को है। इस वर्ष गीता जयंती महोत्सव दुनियाँ के चालीस देशों में होगा। इसका समन्वय भारत सरकार का विदेश विभाग कर रहा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसवर्ष श्रीमद्भगवतगीता की 5154 वीं जयंती है। यद्यपि तिथि को लेकर कुछ विद्वानों में मतभेद हैं। लेकिन फिर भी समुद्र में द्वारिका की खोज और कुरुक्षेत्र के उत्खनन में प्रमाणों से महाभारत की घटना ईसा से लगभग 3100 वर्ष पूर्व माना गया है। इसके अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद्भगवतगीता का संदेश कम सेकम पाँच हजार वर्ष पहले तो दिया था। श्रीमद्भगवत गीता में कुल सात सौ श्लोक हैं। इनमें इनमें राजा धृतराष्ट्र द्वारा पूछा गया प्रश्न एक श्लोक, संजय द्वारा उवाच के बयालीस श्लोक, अर्जुन उवाच चौरासी श्लोक तथा पाँच सौ तिहत्तर श्लोक भगवान श्रीकृष्ण उवाच हैं। इन सात श्लोकों को उनके संदर्भ के अनुरूप अठारह अध्याय में विभाजित किया गया है। हर अध्याय का विषय विशिष्ट है। जिन्हें ''योग'' नाम दिया गया है। अर्जुन के मन में उत्पन्न विषाद से प्रश्न उपजे थे। इसलिये पहले अध्याय को विषाद योग नाम दिया गया है। इसके बाद क्रमशः साङ्ख्ययोग, कर्मयोग, कर्म ज्ञानयोग, कर्म संन्यासियोग, आत्मसंयमयोग अर्थात ध्यानयोग, ज्ञान विज्ञानयोग, अक्षर ब्रह्मयोग, राजगुह्ययोग, विभूतियोग, विश्वरूप विराट योग, भक्तियोग, क्षेत्र क्षेत्रज्ञ विभागयोग, गुणत्रय विभागयोग, पुरुषोत्तमयोग, दैवासुर समद्विभागयोग, श्रद्धात्रय विभागयोग और मोक्ष संन्यासयोग के अंतर्गत प्रत्येक विन्दु के विश्लेषण सूत्र हैं। श्रीमद्भगवतगीता कालजयी ग्रंथ है। इसमें हर जिज्ञासा के समाधान सूत्र हैं। समय के साथ चुनौतियाँ बदलती हैं, समस्याओं का स्वरूप बदलता है। जिनका समाधान भी बदलते समय के अनुरूप होना चाहिए। तभी जीवन सार्थक होगा। जीवन की सार्थकता और सफलता व्यक्तित्व निर्माण में है। व्यक्ति ही परिवार, समाज, राष्ट्र और संसार की नींव में होता है। यदि व्यक्ति के चरित्र में आदर्श है, सत्य है, पराक्रम है, पुरुषार्थ है, प्रज्ञा है, दृढ़ता है, समयानुरूप चिंतन धारा है, संकल्पशीलता है तो वह सदैव लोक कल्याण के मार्ग पर चलेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने इन सभी गुणों के साथ आदर्श जीवनशैली पर जोर दिया है। यदि व्यक्ति का चिंतन संकुचित नहीं है, उसका चरित्र आदर्श है, तो वयक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति कोई रोक नहीं पायेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने इन गुणों के साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिये आचरण पर भी जोर दिया है। व्यक्ति का आचरण ऐसा होना चाहिए कि वह स्वयं भी प्रतिष्ठित हो और अन्य लोग भी उसका अनुसरण करें। यह संतुलित जीवन शैली और विचारों के समन्वय, राग द्वेष से परे होना चाहिए। विपरीत परिस्थितयों में भी संतुलित रहे। श्रीमद्भगवद्गीता की एक और विशेषता है। इसमें यदि दृश्यमान शरीर और संसार की समृद्धि के सूत्र हैं तो अदृष्यमान गुणों से लेकर अंतरिक्ष की अनंत ऊर्जा से समन्वय बनाने के सूत्र भी हैं। जिन्हें हम मन की उड़ान, विवेक, चित्त, वृत्ति, स्वभाव से लेकर धरती, आकाश, जल, अग्नि और वायु की केन्द्रीभूत चेतना अर्थात ऊर्जा तक के समन्वय के सूत्र हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता समस्या से पलायन का नहीं रुककर जूझने का संदेश देती है। अर्जुन तो संन्यास लेना चाहता था, भगवत भक्ति के लिये युद्धक्षेत्र से जाना चाहता था। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने रोका। समस्या देखकर घबराना अथवा पलायन करने से समाधान नहीं होता। समस्या से भागना जीवन की अवनति है। इसलिये संकल्प के साथ समस्या का निराकरण करना आवश्यक है। लेकिन उसके लिये पहले समस्या को समझना भी आवश्यक है। पहले समझना फिर पूरी एकाग्रता के साथ समाधान केलिये आगे बढ़ने में ही जीवन ही उनन्ति है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रत्येक वाक्य में यही संदेश है।

## सेहत मंत्र

# चेहरे पर जले के निशानों से निजात दिलाएगा 'सिलिकॉन मास्क'

आग या अन्य किसी कारण से जले मरीजों के बीच 'सिलिकॉन मास्क' के फैब्रिकेशन पर जागरूकता फैलाने को लेकर इन्द्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल ने यहां एक 'फ़ेस मास्क' प्री-कांग्रेस कार्यशाला लगाई, जिसमें चेहरे पर जलने की चोट में 'सिलिकॉन मास्क' के फायदों के बारे में जानकारी दी गई। इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सीनियर कन्सलटेन्ट डॉ. शाहीन नूरेयेज दान ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार हर साल जलने के कारण लगभग 1,80,000 लोगों की मौतें होती हैं, जिनमें से ज्यादातर मौतें निम्न एवं मध्यम आय वर्ग वाले देशों में होती हैं। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल 10,00,000 से अधिक लोग मध्यम या गंभीर रूप से जल जाते हैं। आज इस क्षेत्र में हुई आधुनिक तकनीकों के चलते ये मरीज भी सामान्य जीवन जी सकते हैं, इनका इलाज संभव है। आज हमारे पास ऐसी आधुनिक मशीनें और तकनीकें हैं जिनके द्वारा बेहद सटीकता के साथ इनका इलाज किया जा सकता है।इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के प्लास्टिक सर्जन एवं सीनियर कन्सलटेन्ट डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि जलने के कारण त्वचा और टिश्यूज को नुकसान पहुंचता है। ये मरीज आग, गर्म तरल पदार्थो या रसायनों जैसे एसिड से जलते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों और वयस्कों में इस तरह की चोट की संभावना एकसमान होती है, इन मामलों में प्लास्टिक सर्जरी न केवल चोट को ठीक करती है बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी मरीज को मजबूत बनाती है। कई मामलों में सफल प्लास्टिक सर्जरी से मरीज का आत्मविश्वास बढ़ता है। एसिड अटैक पीड़ितों के लिए काम करने वाले एनजीओ, मरीजों और प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। यह कार्यशाला इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ बर्न इंजरीज (आईएसबीआई) 2018 की पांच दिवसीय 19वीं कांग्रेस एक हिस्सा है।

## धर्म मंत्र

# मोक्षदायनी काशी नगरी में खास है बाबा विश्वनाथ का मंदिर

काशयति प्रकाशयति इदम सर्वम इति काशी। काशी को अविमुक्त, आनंद-कानन, आनंद वन, तीर्थराज्ञी, वाराणसी, तपस्थली आदि नामों से भी जाना जाता है। प्राचीन काल से ही काशी की प्रतिष्ठा एक पावन धार्मिक नगरी तथा तीर्थस्थल के रूप में है। स्कंद पुराण के अनुसार, जो प्रलय काल में भी लय को प्राप्त नहीं होती, आकाश मंडल से देखने पर ध्वज के आकार का प्रकाश पुंज रूप में दिखती है, वह काशी अविनाशी है। पौराणिक मान्यता है कि काशी देवाधिदेव महादेव के त्रिशूल पर स्थित है और इसे शिव कभी छोड़कर नहीं जाते। मोक्षदायिनी सप्त पुरियों में सिरमौर है काशी, जहां लोग जीवन-मरण के बंधन से मुक्त होने आते हैं। कहा गया है 'काश्यां मरणांमुक्ति' अर्थात काशी में देह त्याग मात्र से मुक्ति मिल जाती है। इसका कारण यहां द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख आदि विशेश्वर का स्वतः विराजमान होना है। वह काशीपुराधिपति हैं। ज्योतिर्लिंग स्वरूप शिवजी काशी के वासियों का भरण-पोषण करते हैं। अंतकाल में महाश्मशान पर वे आवागमन से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ रूप में विराजमान देवाधिदेव महादेव को काशी व गंगा प्रिय है, तो सावन और सोमवार मनभावन है। इसलिए यह धरती भक्तों के लिए पावन है। वैसे तो संपूर्ण भारत में लोग श्रावणपर्यंत सनातनी भगवान शिव के नाम व्रत-उपवास, पूजन-वंदन, अभिषेक करते हैं, लेकिन काशी के लिए यह उत्सव आनंद-उल्लास का मास है।

## पर्यटन



# हैदराबाद की वो इमारतें जिनकी दीवारों पर लिखा है वर्षों पुराना इतिहास

हैदराबाद को नवाबों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इस शहर को पर्ल सिटी भी कहा जाता है। हैदराबाद अतीत का एक आकर्षक नज़ारा प्रदान करता है, जिसमें 400 वर्षों तक फैली एक समृद्ध मिश्रित सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपरा है। पर्यटकों के लिए भी ये एक विशेष क्षेत्र है। ये शहर अपने आप में तमाम रंगों को समेटे हुए है। अगर आप इस शहर में घूमने आते हैं तो यहां आपको देखने के लिए बहुत कुछ मिलेगा जैसे हेरिटेज स्मारक, खूबसूरत झील और पार्क, उद्यान, रिसॉर्ट्स आदि। इसके अलावा स्वादिष्ट व्यंजन और सुखद खरीदारी का अनुभव भी आपको मिलेगा। आइये जानते हैं इस शहर में क्या-क्या खास है। चारमीनार - हैदराबाद की मशहूर जगहों में से एक है चारमीनार। अगर आप यहां आते हैं तो चारमीनार के आस-पास घूमने और अनुभव करने के लिए बहुत कुछ है। चारमीनार इस्लामी वास्तुकला का एक बहुत ही बेहतर उदाहरण है, चारमीनारों को विशाल मेहराब द्वारा सहायता प्रदान किया गया है। अगर आप यहां साइट सीन कर रहे हैं तो आप यहाँ के कुछ स्थानीय व्यंजन, विशेष रूप से लाद बाजार में हैदराबादी बिरयानी का लुत्फ उठा सकते हैं या पाथेर गट्टी में दुकानों से सुंदर मोती और स्मृति चिह्नों को खरीद सकते हैं। चारमीनार के पास भाग्यलक्ष्मी मंदिर भी यात्रा करने वाला एक लोकप्रिय स्थान है। गोलकोंडा- हैदराबाद का गोलकोंडा पूरे भारत के प्रसिद्ध फोर्ट में से एक है। गोलकोंडा किले का नाम तेलुगु शब्द ल्लगोला कोंडाङ्क से निकला है जिसका अर्थ है ल्लशेफर्ड हिलङ्क। गोलकोंडा मूल रूप से एक मिट्टी किला था, जो बहमनी वंश में और बाद में कुतुब शाहिस तक पहुंचा परन्तु आज ये किला एक बहुत बड़ा पर्यटन स्थल बन चुका है। सालारजंग म्यूजियम- सालारजंग म्यूजियम हैदराबाद में ऐतिहासिक इमारत चारमीनार से दो किलोमीटर के घेरे में स्थित है। यह देश का शायद अकेला ऐसा संग्रहालय है जिसमे अधिकाँश संकलन एक ही व्यक्ति द्वारा किया गया है। सालार जंग संग्रहालय तेलंगाना राज्य की राजधानी हैदराबाद शहर में मूसा नदी के दक्षिणी तट पर दार-उल-शिफा में स्थित एक कला संग्रहालय है। यह भारत के तीन राष्ट्रीय संग्रहालयों में से एक है।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

## शोधार्थियों ने रखे शोधपत्र, विशेषज्ञों ने दी सारगर्भित व्याख्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज, अर्थशास्त्र विभाग–जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज, बाराबंकी एवं प्रज्ञाप्रवाह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन शोधार्थियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रारूप में अपने शोधपत्रों का वाचन किया।

**प्रथम तकनीकी सत्र : ज्ञान परंपरा और संस्कृति पर चर्चा**

प्रथम सत्र में प्रो. साकेत कुशवाहा, कुलपति–लद्दाख विश्वविद्यालय, ने प्राचीन भारत के क्षेत्र-विस्तार, ज्ञान परंपरा और संस्कृति पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। सत्र में प्रो. मंजुला उपाध्याय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस तकनीकी सत्र का संचालन प्रो. मनीष पांडेय तथा आभार प्रदर्शन प्रो. सुनीता यादव ने किया।






**समांतर सत्र : शोध कार्यों पर विमर्श**

समांतर सत्र का संचालन डॉ. अरविंद पांडेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नीलमप्रभा ने किया, जिसमें शोधार्थियों ने अपने विषयगत निष्कर्ष साझा किए।

**समापन सत्र : भारतीय ज्ञान विश्व के लिए वरदान**

ढसमापन सत्र में मुख्य अतिथि सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को न केवल भारत, बल्कि विश्व के लिए भी वरदान बताया। श्री रामाशीष जी, सदस्य–अखिल भारतीय टोली, प्रज्ञाप्रवाह, ने कहा कि स्वदेशी ज्ञान प्रणाली ही भारत की विविध समस्याओं का सार्थक समाधान प्रस्तुत करती है। इस सत्र में प्रतिवेदन वाचन प्रो. विजय वर्मा ने किया। श्री हरेश प्रताप सिंह, सदस्य, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरित किया।

**आभार व समापन**

संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. अर्चना सिंह ने सभी विद्वान अतिथियों, शोधार्थियों और सहयोगियों का आभार जताया। अंत में प्राचार्य प्रो. डॉ सीताराम सिंह ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों, व्याख्याताओं, शोधार्थियों, पत्रकार बंधुओं और सभी सहयोगियों की सराहना की।

# एसडीएम के सूझबूझ से हुआ अंतिम संस्कार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कस्बा टिकैतगंज मजरे मोहसंड के दशहरबाग निवासी दिलीप उर्फ टोही 40 वर्ष पुत्र राम गुलाम की बीमारी से शनिवार रात मृत्यु हुई। रविवार सुबह परिजन व रिश्तेदार पारंपरिक अंत्येष्टि स्थल टिपेड़ी पुरवा मजरे मोहसंड में अंतिम संस्कार करने श्मशान पहुंचे। गांव की कुछ लोगों ने विरोध किया। बताते हैं कि इससे पूर्व भी लोगों ने अंत्येष्टि करने से मना किया था, और प्रशासन को तब भी हस्तक्षेप करना पड़ा था। गहमागहमी की सूचना प्रशासन तक पहुंची और एसडीएम फतेहपुर कार्तिकेय सिंह व बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा तथा थानाध्यक्ष कुर्सी अनिल कुमार सिंह दलबल समेत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की सूझबूझ से विवाद का निपटारा हुआ और अंतसिम संस्कार संपन्न हुआ। एसडीएम श्री सिंह ने क्षेत्रीय लेखपाल सर्वेश कुमार को निर्देशित किया कि अंत्येष्ठ स्थल क नजरी नक्शा तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि खंड विकास अधिकारी के देखरेख में अस्थाई सुनिश्चित किया जा सके। उप जिलाधिकारी ने मृतक के परिवार को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने तथा वरासत संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करवाने के भी निर्देश दिए।

# कार्यभार स पूर्व लल्लन ने मंदिर में टेका माथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने रविवार को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व हनुमान मंदिर एव मसौली बाजार स्थित दुर्गा मंदिर पर नतमस्तक होकर काफ़िले के साथ जिला मुख्यालय रवाना हुए इस दौरान जिलाध्यक्ष भुल्लन वर्मा का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया।

बताते चले कि गत दिनों प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची मे कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज निवासी पुराने भाजपा नेता रामसिंह वर्मा को भाजपा का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है रविवार को जिला भाजपा मुख्यालय पद भार ग्रहण करने से पूर्व भुल्लन वर्मा ने कस्बा मसौली स्थित भगवत दास हनुमान मंदिर मे दर्शन कर पुजारी रामलला से आशीर्वाद लिया तथा बाजार मे दुर्गा मंदिर मे पूजा की। ग्रह निवास से निकले भाजपा जिलाध्यक्ष का



इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यकर्ताओं के हित में काम करने का वचन दिया। श्री वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की, ताकि भाजपा को आने वाले चुनावों में और भी बड़ी सफलता मिल सके।

इस मौक़े पर ब्लाक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरीकान्त दीक्षित, अनिल वर्मा, आशीष वर्मा, प्रेमनंद वर्मा, मोहित कुमार, जितेंद्र कुमार वर्मा, राजेंद्र कुमार वर्मा राज कुमार सोनी, देविशंकर सोनी मन्नू रावत आदि कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की जिला कार्यकारिणी द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भूललन वर्मा का जोरदार स्वागत किया इस दौरान शिव कैलाश सोनी प्रदेश मंत्री नीरज पांडे जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा जिला मंत्री प्रवीण कुमार सिंह कोषाध्यक्ष देशराज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार जिला मीडिया प्रभारी राम शंकर यादव कुमार यादव अंशु कश्यप अमन कश्यप सत्यप्रकाश शिवहरी वर्मा सहित शिक्षणेत्तर संघ के काफी सदस्य शामिल रहे।

# रामनगर में बढ़ता ट्रैफिक संकट, हाइवे से कस्बे तक रोजाना जाम, आमजन परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। मुख्य हाइवे, फतेहपुर रोड और कस्बे के भीतर इन दिनों ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। मुख्य चौराहा और फतेहपुर मोड़ पर रोजाना लगने वाला लंबा जाम अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। कस्बे के अंदर भी कई स्थानों पर घंटों जाम लगने से राहगीरों, स्कूली बच्चों, ऑफिस आने-जाने वालों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार बताते हैं कि लगातार लगने वाले जाम से उनकी रोजमर्रा की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि फतेहपुर की ओर मुड़ने वाले वाहनों तथा कस्बे में प्रवेश करने वाले चारपहिया व भारी वाहनों का दबाव इतना बढ़ गया है कि फतेहपुर मोड़ पर कई-कई मिनट तक वाहन फंसे रहते हैं। स्थिति यह होती है कि दोनों ओर



वाहनों की कतारें आधा किलोमीटर तक खड़ी हो जाती हैं। कटका पुल की मरम्मत के चलते भारी वाहनों को मरकामऊ मार्ग पर डायवर्ट किया गया है, जिससे यह अतिरिक्त दबाव रामनगर कस्बे की गलियों और मोड़ों पर आ रहा है और जाम की स्थिति को और गंभीर बना रहा है।अगानपुर पुल की कम चौड़ाई भी बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है। पुल इतना संकरा है कि एक समय में केवल एक वाहन ही निकल पाता है, जिसके कारण आवागमन बार-बार बाधित होता है और दोनों तरफ जाम की स्थिति बनती जाती है। सुबह और शाम के समय जब स्कूल और ऑफिस का न्फ्भ्रद्ध रहता है, तब हालात सबसे ज्यादा बिगड़ जाते हैं।व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि फतेहपुर मोड़ और मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए, भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए और अगानपुर पुल के चौड़ीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए, ताकि कस्बे को बढ़ते ट्रैफिक जाम से राहत मिल सके।

## संघ कार्यकर्ताओं ने अर्पित की स्व.राजेंद्र लोहिया को श्रद्धांजलि

सुलतानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख, बाल कल्याण समिति के मंत्री एवं अध्यक्ष, वरिष्ठ संघ कार्यकर्ता, प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं श्री कसौधन वैश्य महासभा के चौधरी रहे राजेंद्र लोहिया का बुधवार सुबह निधन हो गया। संघ के विभाग कार्यालय पर उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। संघ-विचार परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने स्व.लोहिया से जुड़े संस्मरण साझा किए। भोलानाथ अग्रवाल ने कहा कि वह एक समर्पित निष्ठावान आदर्श स्वयंसेवक थे। कृपाशंकर द्विवेदी ने कहा कि उनका समर्पण सराहनीय रहा और वो संघ शाखा के नियमित सहभागी रहे। श्रीनाथ भार्गव ने उन्हें मृदुभाषी, सरल, अनुशासित एवं उत्तम व्यवहार का धनी बताया। डा हृदयराम यादव बोले कि उनका कार्य व्यवहार एवं जीवन सर्वसमाज के लिए अनुकरणीय है। सभी उपस्थित स्वयंसेवकों ने चित्र पर पुष्पार्चन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विचार परिवार के विभिन्न दायित्वों के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर कानूनगो समेत तीन जख्मी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महादेवा रामनगर मार्ग पर बोहनिया पुल के पास दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से राजस्व निरीक्षक समेत तीन लोग घायल हुए। सरकारी कार्य के लिए जा रहे राजस्व निरीक्षक रामप्रसाद शुक्ला 50 को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारा। उसी वाहन ने पास खड़े ऋषिकेश श्रीवास्तव 30 व निखिल सिंह 29 वर्ष को भी ठोकर मारी। ग्रामीणों की सूचना पर तहसीलदार विपुल सिंह व लेखपाल मौके पर पहुंचे तथा घायलों को एंबुलें से सीएचसी भेजा जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गोशाला में गाय की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत सिलौटा स्थित गौशाला में एक गाय की मौत से ग्रामीणों में आक्रोश है।ग्रामीणों ने गौशाला प्रबंधन पर चारा पानी और देखभाल की कमी एवं लापरवाही ग्राम प्रधान व अधिकारियों पर आरोप लगाया है।मामला सामने आने पर बीडीओ जितेंद्र कुमार ने कहा कि गौशाला बड़ी है कई पशु बीमार रहते हैं और चिकित्सा टीम नियमित इलाज करती है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पप्पू यादव ने बताया कि गाय बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था।ग्रामीण अधिकारियों की सफाई से संतुष्ट नहीं हैं और उन्होंने गौशाला की नियमित जांच एवं प्रबंधन में सुधार की मांग की है।

## एडीओ पंचायत ने लिया सूची, अद्यतन कार्य का जायजा

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने रविवार को क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतो मे चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एस आई आर कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे मतदाता सूची अद्यतन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर–घर जाकर किए जा रहे फॉर्म वितरण और प्राप्ति की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली।निरीक्षण किया इस दौरान एड़ीओ पंचायत ने बीएलओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना सुनिश्चित किया जाए और जिन मतदाताओं के नाम, पते या अन्य विवरण में त्रुटियां हैं, उन्हें सही किया जाए। सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने ग्राम पंचायत ज्योरी, मसौली, बड़ागांव, बांसा, देवकलिया, नेवला करसंडा बूथों का निरीक्षण किया।

## दहेज की मांग, विवाहिता को घर से निकाला

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डपुर थाना क्षेत्र के पिपरौली निवासी सूफिया पुत्री मुनीर ने ससुराल जन पर दहेज का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। बताया कि उसका निकाह पांच वर्ष पूर्व सीतापुर जनपद के थाना सदर अंतर्गत कहारपुर निवासी फरियाद पुत्र रफी के साथ हुआ था।निकाह में मायके वालों ने अपनी हैसियत मुताबिक दान–दहेज दिया था। परन्तु ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे।निकाह के कुछ दिनों बाद ही कम दहेज का ताना देते हुए मारने पीटने लगे।और दहेज में कार और सोने की चेन की मांग करने लगे। इसी बीच उसने एक पुत्री को जन्म दिया तो ससुराल वाले और कुपित हुए मारने पीटने लगे।जिसको लेकर कई बार पंचायते हुई लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया।आरोप है कि शनिवार को पति व ससुराल वालों ने उसे मारा–पीटा और घर से भगा दिया धमकी दी कि अगर बिना दहेज के आई तो जान से मार देंगे। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नदियाँ जीवन दायिनी हैं इन्हें बचाइये, गोमती मित्रों के साथ आईये

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमती मित्र मंडल द्वारा हर रविवार आयोजित होने वाला साप्ताहिक श्रमदान रविवार 30 नवंबर को आम जनता को नदियों को बचाने के संदेश के साथ संपन्न किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने धाम पर उपस्थित श्रद्धालुओं से नदियों को बचाने व उसमें अनावश्यक वस्तुओं को प्रवाहित करने से बचने का संदेश दिया तो मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने गोमती मित्रों से घर–घर जाकर लोगों को विशेष कर महिलाओं से नदियों को बचाने की इस मुहीम में शामिल होने का अनुरोध करने को कहा। प्रातः 06:00 बजे से शुरू हुये श्रमदान में गोमती मित्रों ने तट परिसर के साथ–साथ नदी के अंदर से कलश, मूर्तियां, मैले कपड़े, कांच के टुकड़े, तस्वीरों के फ्रेम आदि लगभग एक कुंतल कचरा बाहर निकाला,उपस्थित लोगों का कचरा देखने के बाद यही कहना था कि अगर नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी नदियों को केवल तस्वीरों में ही देख पाएगी। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, सेनजीत कसौधन दाऊ, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, संत कुमार प्रधान, अजय प्रताप सिंह, आलोक तिवारी, राम क्विंचल मौर्या, अरुण, आयुष सोनी आदि उपस्थित रहे।

# गोप एसआईआर के जनपद प्रभारी नियुक्त, बैठक का दौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी नेतृत्व ने अरविंद कुमार सिंह गोप को एसआईआर का जनपद प्रभारी नियुक्त किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देशों को पार्टी पदाधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मे तेजी लाने के लिए हम सभी को अपने-अपने बूथ की जिम्मेदारी मजबूती से संभाल ली होगी साथ ही पार्टी के सभी नामित बूथ लेवल एजेंट इस कार्य मे पूरी तन्मयता से सहभागिता करते हुए मतदाताओं से संपर्क कर कर यह सुनिश्चित करें कि उनके बूथ के सभी मतदाताओं का गणना प्रपत्र सही तरीके से भरकर जमा हो जाए अगर हम सब ने यह काम पूरी मजबूती से कर लिया तो आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका हम सबको सीधा लाभ मिलेगा



इसलिए आप सब से मेरा निवेदन है कि आप सभी लोगों को जो जो भी जिम्मेदारी पार्टी के द्वारा सौपी गई है उसको पूरा करने के लिए आप अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करते हुए उसे कार्य को पूरा करने के हर हाल में कोशिश करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि जिन पदाधिकारियों को पूर्व में जिम्मेदारी सौंप गई थी वह सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने और उनके गणना पर पत्रों को संपूर्ण करने में पूरा सहयोग प्रदान करे।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राम गोपाल रावत ,राम मगन रावत रतनलाल राव, एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, जिला महासचिव हिमांशु यादव , प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान , जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू , नसीम कीर्ति ,कामता यादव ,विजय यादव , राजेश कुमार वर्मा , प्रदुम यादव ,यशवंत यादव ,रिजवान संजय, डॉ एम एल साहू ,हसमत अली गुड्डू ,आशीष सिंह आर्यन ,सुरेश चंद्र गौतम ,विनय यादव , उबेद सानू ,राजेश यादव ,धीरज यादव , अजीत सिंह यादव , मोहम्मद कय्यूम प्रधान ,बृजेश गौतम , अखिलेश यादव , उमेश रावत ,संतोष रावत ,जितेंद्र वर्मा , मोहम्मद मुस्ताक , सुनील कुमार वर्मा , दीपक गुप्ता ,बाबुल मिश्रा ,मोहम्मद आफाक आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोमांचक मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया

## कोहली का ऐतिहासिक 83वां शतक, रोहित ने बनाया छक्कों का वर्ल्ड रिकॉर्ड, कुलदीप के 4 विकेट से भारत ने वनडे सीरीज में ली 1-0 की बढ़त

एजेंसी





रांची। रांची के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) स्टेडियम में खेले गए भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में टीम इंडिया ने रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मुकाबले में विराट कोहली की शानदार शतकीय पारी, रोहित शर्मा का विश्व रिकॉर्ड और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी भारत की जीत के मुख्य आधार रहे।

टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने विराट कोहली के 135 रनों की लाजवाब पारी, रोहित शर्मा के 57 और केएल राहुल के 60 रनों की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में 349 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने 350 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन पूरी टीम 332 रनों पर सिमट गई। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और जीत में निर्णायक भूमिका निभाई।

इस मैच में विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अपना 83वां शतक जड़ा। यह उनका वनडे क्रिकेट में 52वां शतक रहा। इसी के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर के एक प्रारूप में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कोहली ने अपना शतक 102 गेंदों में 7 चौकों और 6 छक्कों की मदद से पूरा किया। वह रांची में तीन शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए। इससे पहले उन्होंने यहां 77, 139*, 45 और 123 रनों की पारियां खेली थीं।

कोहली के शतक के दौरान एक भावुक लम्हा तब देखने को मिला, जब एक प्रशंसक सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में घुस गया और कोहली के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे मैदान से बाहर किया। यह सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक मानी जा रही है। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने भी इतिहास रच दिया। उन्होंने तीन छक्के लगाकर वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोहित अब 277 वनडे मैचों में 352 छक्के लगा चुके हैं और उन्होंने पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी (351 छक्के) का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित शर्मा ने 51 गेंदों में 5 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 57 रनों की शानदार पारी खेली।

रोहित शर्मा अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे करने से मात्र 61 रन दूर हैं। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं। इससे पहले यह कारनामा सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ कर चुके हैं। रोहित के नाम तीनों प्रारूपों को मिलाकर अब कुल 645 छक्के दर्ज हो चुके हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मुकाबलों में रोहित अब 61 छक्के जड़ चुके हैं और इस मामले में वे जल्द ही डेविड वॉर्नर के 64 छक्कों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर भारत की जीत के असली नायक कुलदीप यादव रहे, जिन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की रनगति पर लगाम कस दी। उनकी शानदार गेंदबाजी की बदौलत मेहमान टीम लक्ष्य के करीब पहुंचने के बावजूद जीत हासिल नहीं कर सकी। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। विराट कोहली का ऐतिहासिक शतक, रोहित शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड और कुलदीप यादव की फिरकी ने इस मुकाबले को भारतीय क्रिकेट के यादगार मैचों में शामिल करा दिया है।

## एफआईएच जूनियर विश्व कप

### आयरलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 के लिए शमीम हुसैन बांग्लादेश की टीम में शामिल

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को घोषणा की कि शमीम हुसैन को आयरलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है। सीरीज़ शुरू होने से पहले टी-20 कप्तान लिटन दास ने शमीम को टीम से बाहर रखने पर चयनकर्ताओं पर तंज कसा था, जिसके बाद इस निर्णय ने काफ़ी सुर्खियाँ बटोरी थीं। अब सीरीज़ 1-1 की बराबरी पर है और निर्णायक मुकाबले के लिए शमीम को वापस टीम में शामिल किया गया है।

राष्ट्रीय चयन पैनल के सदस्य और पूर्व तेज़ गेंदबाज़ हसीबुल हुसैन ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, ळशमीम कभी भी हमारी योजना से बाहर नहीं थे। हम बस टी-20 विश्व कप से पहले कुछ अन्य विकल्प आज़माना चाहते थे।ङ्क उन्होंने आगे कहा, ळहमारी अपनी योजना है, और हम उसी के अनुसार आगे बढ़ना चाहते हैं।ङ्क

आयरलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 के लिए बांग्लादेश की टीम

लिटन कुमार दास (कप्तान), सैफ हसन (उप-कप्तान), तंजिद हसन, परवेज हुसैन, तौहीद हिरदॉय, जाकिर अली अनिक, काज़ी नुरुल हसन सोहन, माहिदुल इस्लाम भुइयां, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजिम हसन साकिब, शरीफुल इस्लाम, मोहम्मद शैफ उद्दीन, शमीम हुसैन।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मध्य प्रदेश शूटिंग टीम का शानदार प्रदर्शन

भोपाल। राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में मध्य प्रदेश की शूटिंग टीम ने शनिवार को हुए स्कीट इवेंट्स में दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक अपने नाम किए। मप्र के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और टीम दोनों वर्गों में उत्कृष्ट तालमेल, सटीक निशानेबाज़ी और निरंतरता का परिचय दिया।

स्कीट मिक्स्ड इवेंट में शिवानी रैकवार ने गोल्ड, वंशिकाऽज्योतिरादित्य ने जीता सिल्वरप्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए स्कीट मिक्स्ड इवेंट में मध्य प्रदेश की शिवानी रैकवार ने अपने उत्कृष्ट नियंत्रण और तेज़ रिफ्लेक्सेस के दम पर गोल्ड मेडल जीता। वहीं वंशिका और ज्योतिरादित्य की जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं, मानसी और दुश्यांश की जोड़ी ने शानदार संतुलन दिखाते हुए महत्वपूर्ण ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

स्कीट टीम वूमेन में एमपी की बेटियों का तूफ़ानी प्रदर्शन – गोल्ड मेडलमहिला टीम वर्ग में मानसी, वंशिका और शिवानी की त्रिमूर्ति ने बेहतरीन रिद्म और निरंतरता के साथ सभी राउंड्स में बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीता। टीम की फोकस और तेज़ प्रतिक्रिया ने उन्हें पूरे मुकाबले में बढ़त दिलाई।

स्कीट टीम मैन में ज्योतिरादित्यऽदुश्यंतऽअमन चौहान ने दिलाया ब्रॉन्जपुरुष टीम स्कीट में ज्योतिरादित्य, दुश्यंत और अमन चौहान की टीम ने स्थिर प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। टीम ने कठिन परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखा और अंतिम राउंड्स में शानदार वापसी करते हुए पदक सुनिश्चित किया।

मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शूटिंग टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्कीट इवेंट्स में यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और राज्य की आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली का परिणाम है। एमपी के युवा अब शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना रहे हैं। मध्य प्रदेश की शूटिंग अकादमी में अत्याधुनिक शूटिंग रेंज, अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन और वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धतियों ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की दबाव स्थितियों के लिए पूरी तरह तैयार किया है। खिलाड़ियों की फिटनेस, फोकस और मानसिक मजबूती आज के बेहतरीन नतीजों में साफ दिखाई दी। एमपी के पैडलर्स का दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शनउत्तराखंड के न्यू टिहरी में 28 से 30 नवम्बर तक आयोजित प्रेसिडेंट कप ओपन इंटरनेशनल कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2025 और चौथी टिहरी कैनो चैंपियनशिप 2025 में मध्य प्रदेश के पैडलर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। एमपी के खिलाड़ियों ने ए-4, ख-4, ख-2, ख-1 तथा ए-2 श्रेणियों में तकनीक, गति और टीमवर्क का मजबूत परिचय दिया, जिससे राज्य की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और मजबूत हुई। प्रेसिडेंट कप ऽ सुधीर कुमार, हर्ष शर्मा, वैष्णवराज के., और मिथुन की टीम ने ए-4 500द्व इवेंट में शानदार समन्वय और तेज़ पैडलिंग दिखाते हुए सिल्वर मेडल जीता। पूरे रेस में टीम ने मजबूत लय और निरंतरता बनाए रखी, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर शीर्ष स्थान पर पहुंचाया।

वहीं, चौथी टिहरी कैनो चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता के खऽ4 पुरुष 500 मीटर इवेंट में एमपी के पैडलर्स संतोष, योगेश कुमार, रोहन यादव और आदित्य सिंह ने शानदार टीमवर्क के साथ मजबूत पैडलिंग करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि महिला वर्ग में चंद्रकला, नेलू, रुकमणी और मनवी की चौकड़ी ने तेज़ शुरुआत और स्थिर नियंत्रण के बल पर सिल्वर मेडल हासिल किया।

खऽ2 पुरुष 500 मीटर में सचिन और मयंक शर्मा की जोड़ी ने कठिन प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट तालमेल दिखाते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। खऽ2 महिला 500 मीटर में प्रियांशी राजक, महि रावत ने मजबूत लय और सटीक पैडलिंग के दम पर ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। खऽ1 महिला 500 मीटर में एमपी की प्रतिभाशाली पैडलर रुकमणी डांगी ने बढ़िया गति और नियंत्रण के साथ व्यक्तिगत वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। एऽ2 महिला 500 मीटर में प्रगति और दिव्या डूंगर की जोड़ी ने तेज़ पैडलिंग और सटीक तकनीक के ज़रिए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। एऽ1 पुरुष 500 मीटर में एमपी के उभरते खिलाड़ी कृष्णा जाट ने व्यक्तिगत प्रदर्शन में शानदार पैडलिंग करते हुए सिल्वर मेडल जीता।

### आयरलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 के लिए शमीम हुसैन बांग्लादेश की टीम में शामिल

ढाका । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने रविवार को घोषणा की कि शमीम हुसैन को आयरलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है। सीरीज़ शुरू होने से पहले टी-20 कप्तान लिटन दास ने शमीम को टीम से बाहर रखने पर चयनकर्ताओं पर तंज कसा था, जिसके बाद इस निर्णय ने काफ़ी सुर्खियाँ बटोरी थीं। अब सीरीज़ 1-1 की बराबरी पर है और निर्णायक मुकाबले के लिए शमीम को वापस टीम में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय चयन पैनल के सदस्य और पूर्व तेज़ गेंदबाज़ हसीबुल हुसैन ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, ळशमीम कभी भी हमारी योजना से बाहर नहीं थे। हम बस टी-20 विश्व कप से पहले कुछ अन्य विकल्प आज़माना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा, हमारी अपनी योजना है, और हम उसी के अनुसार आगे बढ़ना चाहते हैं।

# सिद्दी समुदाय की पहलवान शालिना सायर ने खेलो इंडिया में कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी



भरतपुर। कर्नाटक विश्वविद्यालय, धारवाड़ की पहलवान शालिना सायर सिद्दी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) में महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। यह सिद्दी समुदाय से आने वाली शालिना का पहला केआईयूजी पदक है। लोहागढ़ स्टेडियम में हुए मुकाबले में शालिना ने हरियाणा की भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की भानु को 2-1 से हराकर कांस्य हासिल किया। शालिना ने खुशी जताते हुए साई मीडिया से कहा,ळमैं पहले भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा ले चुकी हूं, लेकिन यह मेरा पहला केआईयूजी था। मुझे उम्मीद थी कि मैं पदक जीतूंगी, बस रंग तय नहीं था। पदक जीतकर बहुत खुशी हो रही है।

उन्होंने बताया कि वे तीन दिन की कठिन ट्रेन यात्रा करके भरतपुर पहुंचीं, लेकिन अब अपने प्रयासों को सफल देखकर सारी थकान मिट गई है।शालिना ने मुस्कुराते हुए कहा, ळहमारी यात्रा मुश्किल थी, लेकिन अब जीत से सब सार्थक लग रहा है।ङ्क भारत में रंगभेद जैसी सामाजिक चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, लेकिन शालिना ने बताया कि उन्हें कभी ऐसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा, ळमैं धारवाड़ में बड़ी हुई हूं और स्थानीय बच्चों के साथ खेलते हुए कभी भेदभाव महसूस नहीं किया। खेल की वजह से लोग सम्मान देते हैं।

साक्षात्कार के दौरान शालिना ने प्रो कबड्डी लीग में बंगाल वॉरियर्स के खिलाड़ी सुशील मोतेश कांबरेकर का भी ज़िक्र किया, जो उसी समुदाय से आते हैं। उन्होंने कहा, ळवे हमारे समुदाय के लिए बड़ी प्रेरणा हैं। मैं भी उनका जैसा नाम कमाकर सबको गर्व महसूस कराना चाहती हूं।

शालिना की बहन बेंगलुरु पुलिस में कार्यरत है, जिससे उन्हें परिवार से भी प्रेरणा मिलती है। शालिना की इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि खेलो इंडिया का मंच न केवल प्रतिभा को निखारता है बल्कि समाज के हाशिये पर खड़े समुदायों को भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता है।

## फ्लेमिंगो ने कोपा लिबर्टाडोरेस जीता, पाल्मेरास को 1-0 से हराया

लिमा। फ्लेमिंगो ने शनिवार को पाल्मेरास को 1-0 से हराकर कोपा लिबर्टाडोरेस का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही दक्षिण अमेरिका की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता में फ्लेमिंगो चौथी बार चैंपियन बना और यह उपलब्धि हासिल करने वाली ब्राज़ील की सबसे सफल टीम बन गई। लिमा के एस्टादियो मोन्यूमेंटल में खेले गए इस मुकाबले में सेंटर-बैक डैनिलो के दूसरे हाफ में लगाए गए हेडर ने मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल बनाया। यह पिछले छह सीज़न में पांचवीं बार था जब फाइनल में दो ब्राज़ीलियाई क्लब आमने-सामने थे। फ्लेमिंगो ने इस जीत के साथ 2021 के फाइनल में पाल्मेरास से मिली 1-2 की हार का बदला भी चुका लिया और 2025 में ट्रॉफियों की हैट्रिक की राह पर मज़बूती से आगे बढ़ गया है। टीम ने साल की शुरुआत ब्राज़ीलियन सुपर कप जीतकर की थी और अब घरेलू लीग खिताब पर कब्ज़ा करने के लिए केवल दो मैचों में दो अंकों की जरूरत है।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल करियर को कहा अलविदा, केकेआर सपोर्ट स्टाफ से जुड़ेंगे

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 ऑक्शन से ठीक पहले वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने भारतीय लीग से संन्यास की घोषणा कर सभी को चौंका दिया है। 37 वर्षीय रसेल को हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिलीज किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिए साफ कर दिया कि वे अब किसी और फ्रेंचाइज़ी के लिए नहीं खेलेंगे और आगामी सीजन में केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में एक 'पावर कोच' के रूप में जुड़ेंगे। रसेल ने अपने बयान में कहा, ळआईपीएल में मेरे कुछ शानदार पल और यादें रही हैं–छक्के लगाना, मैच जिताना, मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर बनना। यह फैसला मेरे लिए सही समय पर लिया गया फैसला है। मैं फैंस के यह कहने पर जाना चाहता हूं कि 'क्यों? आप अभी और खेल सकते थे,' न कि इस पर कि 'आपको सालों पहले ही संन्यास ले लेना चाहिए था।' रसेल का आईपीएल रिकॉर्ड किसी भी दिग्गज से कम नहीं है। उन्होंने 140 मैच खेले और 174.18 की स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए। इसके अलावा उनके नाम 123 विकेट भी हैं, जिसमें 5/15 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनके नाम दो आईपीएल खिताब (2014, 2024) हैं और दो बार आईपीएल मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर (2015, 2019) बने हैं। उन्होंने 223 छक्के लगाए हैं और इस मामले में ऑल-टाइम लिस्ट में सातवें स्थान पर हैं। रसेल ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया था, लेकिन 2014 में केकेआर से जुड़ने के बाद उनका करियर नई ऊंचाई पर पहुंचा। उन्होंने केकेआर के लिए 133 मैच खेले और टीम का सबसे भरोसेमंद फिनिशर बने। आईपीएल 2025 रसेल के लिए निराशाजनक रहा। उन्होंने सिर्फ 167 रन बनाए और 8 विकेट लिए, वह भी 11.94 की इकॉनमी से। फॉर्म और फिटनेस से जूझ रहे रसेल को रिलीज़ कर केकेआर ने 12 करोड़ रुपये की पर्स वैल्यू बचा ली। रसेल ने खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर खुद को दूसरी टीमों की जर्सी में देखकर वे असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा, ळमैंने खुद को किसी और रंग की जर्सी में कभी सोचा नहीं। इसने कई रातों की नींद छीन ली। केकेआर मेरे लिए परिवार की तरह है। श्री वेंकी मैसूर और शाहरुख खान के साथ मेरी कई बातचीत हुई है।

## मैच को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह

एजेंसी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शुरू हो गया है। मैच को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह होते ही स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई और माहौल क्रिकेट रंग में रंग गया। विराट कोहली और रोहित शर्मा की झलक पाने के लिए हजारों प्रशंसक जर्सी पहनकर लाइन में खड़े नजर आए। स्टेडियम के भीतर और बाहर नीली जर्सियों का सागर उमड़ पड़ा। खास बात यह है कि इस मैच को देखने देश के कई राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी दर्शक पहुंचे हैं।

सुबह 9 बजे से ही दर्शकों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। पूरा स्टेडियम परिसर पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। लगभग 5000 पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। हर प्रवेश द्वार पर सख़्त जांच की व्यवस्था की गई है। ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। क्विक रिस्पॉन्स टीम लगातार गश्त पर है। सुरक्षा व्यवस्था की खुद रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। स्टेडियम के बाहर बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कई लोग अपने चेहरे पर तिरंगा पेंट करवा रहे हैं। दुकानों पर टीम इंडिया की जर्सी, झंडे और बैंड की खूब बिक्री हो रही है। अंदर स्टेडियम में भी भारतीय तिरंगा लगातार लहराता दिखाई दे रहा है।

साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने बताया कि टीम पूरी तरह तैयार है और पहले बल्लेबाज़ी का फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि रात में ओस पड़ने की संभावना रहती है।

इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली लगभग 9 महीने बाद भारतीय घरेलू मैदान पर इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं, जिससे दर्शकों में उत्साह और बढ़ गया है।

## क़तर ग्रां प्री: पियास्त्री ने नॉरिस को पछाड़ किया पोल पर कब्ज़ा, वेरस्टापेन तीसरे स्थान पर

एजेंसी

दोहा। ऑस्कर पियास्त्री ने शनिवार को क़तर ग्रां प्री की क्वालिफाइंग में अपने मैकलेरन टीममेट और चैम्पियनशिप लीडर लैंडो नॉरिस को पीछे छोड़ते हुए पोल पोज़िशन अपने नाम कर ली। फ़ॉर्मूला वन की खिताबी दौड़ में शामिल शीर्ष तीन चालक ग्रिड के पहले तीन स्थानों पर रहे, जिससे रविवार को होने वाली रेस रोमांचक होने की उम्मीद है। नॉरिस रविवार को ही चैंपियन बन सकते हैं, लेकिन अगर पियास्त्री रेस जीतते हैं तो खिताबी मुकाबला अगले सप्ताह अबू धाबी में होने वाली अंतिम रेस तक जाएगा। मैकलेरन के फ्रंट-रो लॉकआउट के बीच रेड बुल के चार बार के विश्व चैम्पियन मैक्स वेरस्टापेन तीसरे स्थान पर रहे और क़तर में लगातार तीसरी जीत की उम्मीदों के साथ रेस में उतरेंगे। नॉरिस ने अंतिम फ़ेज़ में 1:19.495 के लाप के साथ सर्किट रिकॉर्ड तोड़ा था, लेकिन पियास्त्री ने उससे भी तेज़ 1:19.387 का समय निकालकर पोल अपने नाम किया। नॉरिस ने अंतिम प्रयास में गलती के चलते लैप छोड़ दिया।


पियास्त्री ने कहा, ळहमने कार में कोई बदलाव नहीं किया। शुरुआत से सब कुछ बेहतरीन महसूस हुआ। अगर चीज़ें ठीक चल रही हों तो उन्हें बदलने की ज़रूरत नहीं। नॉरिस ने माना कि उनकी कार में अंडरस्टियर था और इस कारण उन्हें अंतिम प्रयास छोड़ना पड़ा।

वेरस्टापेन ने फिर से शिकायत की कि उनकी कार तेज़ रफ्तार पर बाउंस कर रही है और वे पियास्त्री के समय से 0.264 सेकंड पीछे रहे। उन्होंने कहा, ळक्वालिफाइंग थोड़ा बेहतर रहा, लेकिन अभी भी कई सीमाएँ थीं। रेसिंग बुल्स के इसाक हद्जार छठे, विलियम्स के कार्लोस सैंज़ सातवें और एस्टन मार्टिन के फर्नांडो अलोंसो आठवें स्थान पर रहे।

अल्पाइन के पियरे गैस्ली नौवें और फ़ेरारी के चार्ल्स लेक्लेर दसवें स्थान पर रहे। लेक्लेर अंतिम चरण में घूम गए, जिसके बाद सैंज़ की कार से निकले मलबे को हटाने के लिए सत्र को लाल झंडी दिखानी पड़ी।

# घरेलू सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी का रुख बरकरार, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को जोरदार तेजी का रुख बना है। सोना आज 1,240 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में आज 8,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की उछाल दर्ज की गई है।

सोने की कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,29,820 रुपये से लेकर 1,29,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,19,000 रुपये से लेकर 1,19,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,980 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 3,650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी इस सप्ताह जबरदस्त तेजी आई है। इस सप्ताह के कारोबार में ये चमकीली धातु पिछले सप्ताह की तुलना में 21,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,29,970 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,29,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,29,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,29,820 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,19,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,29,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,29,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत औपनिवेशिक 'मैकॉले मानसिकता' से मुक्त होकर वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



कुरुक्षेत्र। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत अब औपनिवेशिक 'मैकॉले मानसिकता' को त्यागकर अपनी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था के साथ वैश्विक नेतृत्व की ओर तेजी से बढ़ रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020 ने देश को इस परिवर्तनशील यात्रा पर नई दिशा दी है।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने शनिवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि यह संदेश देती है कि धर्म सदैव अधर्म पर विजय प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की साधना का परिणाम और नये दायित्वों की शुरुआत है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जैवप्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में हो रहे वैश्विक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक का वास्तविक उद्देश्य 'उद्देश्यपूर्णप्रगति' होना चाहिए। उन्होंने डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों को भारत की मजबूत उद्यमिता संस्कृति का आधार बताते हुए कहा कि अगला गूगल, अगला टेस्ला और अगला स्पेस एक्स भारत से ही निकलना चाहिए। ऐसे संस्थान एनआईटी कुरुक्षेत्र से यह सम्भव है। शिक्षा नीति मैकॉले द्वारा थोपी गई औपनिवेशिक शिक्षा व्यवस्था से देश को मुक्त करती है, जिसका उद्देश्य केवल क्लर्क तैयार करना था। उपराष्ट्रपति ने संस्थान में स्थापित 'समग्र व्यक्तित्व विकास केंद्र' की सराहना की, जो भगवद्गीता, सार्वभौमिक मानव मूल्य, संज्ञान विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित समग्र विकास को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि एनआईटी कुरुक्षेत्र 64 पेटेंट प्राप्त कर चुका है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध तकनीक, रक्षा अनुसंधान तथा इसरो के चंद्रयान और मंगलयान अभियानों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल आशीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, निदेशक बीवी रमण रेड्डी, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की अध्यक्ष तेजस्विनी अनंता कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ब्रिटेन के साथ सैन्य अभ्यास 'अजेय वारियर' में भारत ने बढ़ती रक्षा निर्माण क्षमताओं का किया प्रदर्शन

एजेंसी



बीकानेर। राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत-यूके संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वारियर-25' रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पंद्रह-दिवसीय प्रशिक्षण दोनों सेनाओं के बीच बढ़ते सामरिक तालमेल, पेशेवर क्षमता और संयुक्त ऑपरेशनल तैयारी का प्रभावशाली प्रमाण रहा।

जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार संयुक्त राष्ट्र द्वारा परिभाषित परिदृश्यों के अनुरूप अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित अभ्यास के आठवें संस्करण में दोनों सेनाओं के कुल 240 चयनित सैनिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस संयुक्त अभ्यास में भारतीय सेना की सिख रेजिमेंट तथा यूके सेना की रॉयल गोरखा रेजिमेंट के सैनिकों ने उन्नत सामरिक युद्धाभ्यास, हेलीबोर्न ऑपरेशन, रूम-इंटरवेंशन, कॉर्डन-एंड-सर्च ड्रिल, संयुक्त योजना सत्र और ऑपरेशनल चर्चाओं में हिस्सा लिया। वेलिडेशन फ़ेज के दौरान दोनों टुकड़ियों द्वारा प्रदर्शित उच्च स्तरीय इंटर ऑपरेबिलिटी, सटीकता और संयुक्त ऑपरेशनल क्षमता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैनिकों के सम्मान ने दोनों सेनाओं के बीच विकसित हुई सौहार्दपूर्ण भावना और आपसी विश्वास को और प्रगाढ़ किया। आत्मनिर्भर भारत की भावना को बल देते हुए स्वदेशी हथियार प्रणालियों की एक विशेष उपकरण प्रदर्शनी भी समारोह का हिस्सा रही, जिससे भारत की बढ़ती रक्षा-निर्माण क्षमता का प्रदर्शन हुआ। अजेय वारियर-25 ने भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मजबूत और दीर्घकालीन रक्षा सहयोग को नई ऊर्जा प्रदान की है, साथ ही वैश्विक शांति, स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों राष्ट्रों की साझा प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया है।

# कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में फंसाने का झूठा आरोप लगा रही है : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फंसाने का झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है।

यह दावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष किया।

श्री प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर कांग्रेस पार्टी के झूठे और बेबुनियाद बताने के दावे को सिरे से खारिज करते हुये कहा कि यह सीधा लूट और भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार आने से पहले का है। ईडी ने जो कार्रवाई की, उसमें नेशनल हेराल्ड के पूरे इतिहास को देखा गया। श्री प्रसाद ने कहा कि जब शिकायत की गई तब ये लोग (कांग्रेस) मामले को समाप्त कराने के लिए गए थे, लेकिन उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय नहीं माना और ट्रायल फ़ेस करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इसी मामले आय कर विभाग ने भी इनके आवेदन को खारिज कर दिया था। श्री प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच में पाया गया कि इसमें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जुड़ा है। इसी वजह से दिल्ली पुलिस से पुलिस से एफआईआर दर्ज करने को कहा गया।

श्री प्रसाद ने बेहद तल्ख लहजे में कहा कि आप (कांग्रेस) लूट करेंगे, फर्जीवाड़ा करेंगे और कहेंगे कि हमें फंसाया जा रहा है। ये सीधा लूट का मामला है। श्री प्रसाद ने कहा कि यह सभी को पता है कि 90 करोड़ की संपत्ति को कैसे 50 लाख रुपये में नयी कंपनी के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि जब सरकार और कानून अपना काम कर रही है तब कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर मामले में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बांझपन पर अपने पहले वैश्विक दिशा-निर्देश जारी किये

एजेंसी

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बांझपन के निदान और उपचार के लिये अपने पहले वैश्विक दिशानिर्देशों में देशों से प्रजनन देखभाल को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने का आह्वान किया है।

अनुमान है कि औसतन 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में प्रजनन आयु के दौरान कभी न कभी बांझपन से प्रभावित होता है। इससे संबंधित सेवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है लेकिन इसके उपचार तक फिलहाल बहुत ही कम लोगों की पहुंच है। बहुत से देशों में बांझपन की जांच और उपचार का खर्च लोगों को ज्यादातर अपनी जेब से वहन करने से प्रभावित व्यक्ति पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है। कुछ मामलों में तो 'इनविट्रो फर्टिलाइजेशन' (आईवीएफ) की एक स्टेज पर ही औसत वार्षिक घरेलू आय से दोगुनी लागत आ सकती है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा '' बांझपन हमारे समय की उन सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है, जिसकी सबसे ज़्यादा अनदेखी की गयी है और वैश्विक स्तर पर यह एक बड़ा मुद्दा है। इसका निदान और उपचार आर्थिक रूप से लाखों लोगों की पहुंच से बाहर होता है जिस वजह से वे सस्ते लेकिन अप्रमाणित उपचारों को अपनाने पर मजबूर हो जाते हैं। हम और अधिक देशों को इन दिशानिर्देश को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जिससे ज़्यादा लोगों को किफ़ायती, सम्मानजनक और विज्ञान-आधारित देखभाल तथा उपचार तक पहुंचने का अवसर मिल सके। इन दिशानिर्देशों में 40 सुझाव शामिल हैं जो बांझपन के निदान और उपचार को मज़बूत बनाने का प्रयास करते हैं। यह हर स्तर पर लागत-प्रभावी विकल्पों को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य रणनीतियों, सेवाओं तथा वित्तपोषण में प्रजनन देखभाल को एकीकृत करने के समर्थक हैं। 12 महीने या उससे अधिक समय तक नियमित यौन संबंध के बाद भी गर्भधारण न कर पाने की स्थिति को बांझपन के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह एक बड़े तनाव, सामाजिक दर्द और वित्तीय कठिनाई का कारण बन सकता है तथा लोगों की मानसिक और मनोसामाजिक स्थिति को भी प्रभावित कर सकता है। ये दिशानिर्देश बांझपन के प्रभावी नैदानिक प्रबंधन के लिए आवश्यक कदमों पर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इनमें स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और प्रजनन स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रजनन क्षमता और बांझपन और उम्र जैसे कारकों पर जानकारी प्रदान करने और रोकथाम पर निवेश बढ़ाने का भी आह्वान किया गया है। ये बांझपन के प्रमुख जोखिम कारकों, जिनमें अनुपचारित यौन संचारित संक्रमण और तंबाकू का सेवन आदि से निपटने की आवश्यकता पर बल देतें हैं। स्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि और तंबाकू सेवन से परहेज जैसी जीवनशैली में बदलाव की सलाह उन व्यक्तियों और जोड़ों को दी जाती है जो गर्भधारण की योजना बना रहे हैं या गर्भधारण का प्रयास कर रहे हैं। लोगों को प्रजनन क्षमता और बांझपन के बारे में पहले से जानकारी देने से उन्हें प्रजनन संबंधी योजनाएं बनाने में मदद मिल सकती है। ये दिशानिर्देश पुरुष और महिला बांझपन के सामान्य जैविक कारणों के निदान के लिए नैदानिक मार्गों की रूपरेखा पेश करते हैं। क्लीनिकल परीक्षणों के निष्कर्षों और रोगी की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए ये मार्गदर्शन प्रदान करते हैं कि कैसे उपचार विकल्पों को सरल प्रबंधन रणनीतियों से आगे बढ़ाया जाए । ये उन मामलों में लाभकारी साबित होंगे जहां चिकित्सक ज्यादा जटिल उपचार जैसे अंतर्गर्भाशयी गर्भाधान या आईवीएफ जैसे सक्रिय उपचार के बिना प्रजनन अवधि और प्रजनन क्षमता बढ़ाने पर सलाह देते हैं। अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव की भावनाएं बांझपन जन्म दे सकती है। ये दिशानिर्देश सभी प्रभावित लोगों के लिए मनो सामाजिक सहायता उपलब्ध कराने की जरूरत पर बल देते हैं। डब्ल्यूएचओ देशों को इन सिफारिशों को अपने स्थानीय संदर्भों के अनुसार ढालने और प्रगति की निगरानी करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

# हमारे कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली पुलिस कर रही है मारपीट: उदित

नयी दिल्ली। दलित, ओबीसी, माइनॉरिटी और आदिवासी संगठनों के डोमा परिसंघ के अध्यक्ष डॉ उदित राज ने कहा है कि उनके संगठन की रविवार को यहां रामलीला मैदान में आयोजित रैली अनुमति नहीं मिलने के कारण रद्द की गई थी, इसके बावजूद संगठन के कार्यकर्ता रैली के लिए आ रहे हैं, जिनके साथ दिल्ली पुलिस मारपीट कर रही है।

डॉ उदित राज ने कहा कि पहले इस रैली के आयोजन की अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में अनुमति को सरकार ने रद्द कर दिया था। रैली रद्द होने की सूचना संगठन के सभी पदाधिकारी तक पहुंचा दी गई थी, इसके बावजूद कार्यकर्ता रैली के लिए आ रहे हैं। इसमें सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि पुलिस उनके साथ मारपीट कर रही है।

उन्होंने बताया ''रामलीला मैदान में रैली नहीं करने दी गयी, कोई बात नहीं है। कुछ लोग भूले भटके पहुँच गए तो उनके साथ मार-पीट करना कहाँ तक उचित है।

## संसदीय परंपरा को खत्म करने पर तुली है सरकार : गोगोई

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा है कि सरकार लोकतंत्र की मर्यादा को तोड़ रही है और जानबूझकर संसदीय परंपरा को ध्वस्त करने का कार्य कर रही है। श्री गोगोई ने कहा कि सरकार जिस तरह से लोकतंत्र के विरुद्ध काम कर रही है उसे देखकर विपक्ष का कहना है कि संसद को मर्यादित ढंग से चलाना चाहिए और लोकतंत्र के मंदिर में लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ देश और जनता के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार संसदीय मर्यादा को पटरी से उतारकर लोकतांत्रिक परंपरा की कब्र खोद रही है। इस कार्यशैली का पूरा विपक्ष विरोध करता है और इस मुद्दे पर एक साथ है। संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले श्री गोगोई ने रविवार को सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वह लोकतंत्र और संसदीय परंपरा को ख़त्म करने पर तुली है। संसद का शीतकालीन सत्र सिर्फ़ 19 दिन का है, जिसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा हो पाएगी। शायद यह सबसे छोटा सत्र होगा। लेकिन विपक्ष चाहता है कि इस सत्र में देश के मुख्य मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। उनका कहना था कि दिल्ली में हुए धमाके गृह मंत्रालय की नाकामी है और इस पर चर्चा हो। इसी तरह से चुनाव आयोग राजनीतिक पक्षपात कर रहा है ऐसे में मतदाता सूची और चुनावी सुरक्षा पर भी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य सुरक्षा को अहम बताया और कहा कि वायु प्रदूषण देश के हर कोने में बढ़ रहा है, जो काफी गंभीर मामला है। किसान को फसलों के सही दाम नही मिल रहे हैं और श्रमिक कारखानों में सुरक्षा न मिलने से परेशान है। देश में बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ ही विदेश नीति पर भी चर्चा होनी चाहिए।

# सरस फूड फ़ेस्टिवल - 62 स्टॉलों पर 300 से ज्यादा लखपति दीदीयां भाग लेंगी, शिवराज करेंगे शुभारंभ

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को यहां सरस आजीविका फूड फ़ेस्टीवल 2025 का उद्घाटन करेंगें। इस फ़ेस्टिवल में राजधानी के लोगों को एक बार फिर भारतीय संस्कृति व खान पान की झलक दिल्ली की सुंदर नर्सरी में दिखाई देगी।

सरस फूड फ़ेस्टिवल 2025, महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण है जो देश की राजधानी में आयोजित हो रहा है। इसका उद्देश्य न केवल देश की खाद्य संस्कृति से लोगों को परिचित कराना है बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित करना भी है।

फ़ेस्टिवल में 62 स्टॉलों पर क़रीब 300 से ज्यादा लखपति दीदीयां (महिला उद्यमी) व स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित देश भर के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में कुशलता हासिल है बल्कि विभिन्न राज्यों के परंपरागत पकवान बनाने में उनको दक्षता और महारथ हासिल है। सरस फूड फ़ेस्टिवल में देश के 25 राज्यों की संस्कृति और स्वाद के संगम के संगम से न केवल रूबरू हो सकेंगे बल्कि इन राज्यों के सामाजिक ताने बाने के बारे में भी जान सकेंगे और इन राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजनों से भी परिचित हो सकेंगे और उसका स्वाद ले सकेंगे।

सरस फूड फ़ेस्टिवल में 62 स्टॉलों में जहां 50 खाने के स्टॉल होंगे वहीं 12 स्टॉल प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के होंगे। इस बार सरस फूड फ़ेस्टिवल में लोग 500 से अधिक व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसमें मुख्य रूप से हिमाचली सीडडू, उत्तराखंड का तंदूर चाय, जम्मू कश्मीर का मशहूर कलारी कुल्चे, हैदराबादी दम बिरयानी, नॉर्थ ईस्टर्न मोमो, बंगाली फ्राइड मछली समेत राजस्थान की कैर सागरी, गट्टे की सब्ज़ी, बाजरे की रोटी , बंगाल की हिलसा , फ़िश करी , तेलंगाना का चिकन , केरल की मालाबार बिरयानी, बिहार का लिट्टी चोखा , पंजाब का सरसों का साग और मक्के की रोटी सहित अन्य राज्यों के बेहतरीन स्वादिष्ट पकवान उपलब्ध रहेंगे। इसमें हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और गुजरात सहित अन्य राज्य भी हिस्सा ले रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## संसद सत्र...

जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। विपक्ष की ओर से कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी, टीएमसी नेता डेरेक ओ'ब्रायन सहित कई दलों के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में विपक्ष ने सरकार से एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग रखी। हालांकि इस मांग पर अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच संसद सत्र के ठीक पहले जमीयत उलमा-ए-हिंद के नेता मौलाना महमूद मदनी के एक बयान ने राजनीतिक माहौल को और गर्म कर दिया है। उन्होंने 'जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा' और 'वंदे मातरम के सामने नहीं झुकने' जैसी बातें कही हैं। इसके अलावा उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए हैं। सत्ता पक्ष इस बयान को लेकर विपक्ष को घेरने की तैयारी में है और संभावना जताई जा रही है कि सत्र के दौरान यह मुद्दा भी जोरशोर से उठेगा। सरकार इस मुद्दे पर विपक्ष को उसी के पाले में घेरने की रणनीति बना रही है। उधर, विपक्षी दलों के दबाव के चलते सरकार को पहले ही एक प्रस्ताव से पीछे हटना पड़ा है, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के दायरे में लाने की बात थी। इस प्रस्ताव के तहत राष्ट्रपति को चंडीगढ़ के लिए सीधे नियम और कानून बनाने का अधिकार मिल जाता। विपक्ष के विरोध के बाद सरकार ने फिलहाल इस प्रस्ताव को आगे न बढ़ाने का फैसला किया है। सरकार की प्राथमिकता इस सत्र में विधायी कार्यों को तेजी से निपटाने की है, जबकि विपक्ष सत्र को पूरी तरह से सरकार को घेरने के मंच के रूप में इस्तेमाल करना चाहता है। एसआईआर, बिहार चुनाव, लोकतंत्र की निष्पक्षता, और हालिया विवादित बयानों जैसे मुद्दे सत्र के दौरान लगातार गरमाए रह सकते हैं। कुल मिलाकर, संसद का यह शीतकालीन सत्र सरकार के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने की परीक्षा होगा, जबकि विपक्ष इसे सरकार के खिलाफ राजनीतिक दबाव बनाने के अवसर के रूप में देख रहा है। ऐसे में आगामी सत्र के दौरान तीखी बहस, हंगामा और राजनीतिक संघर्ष के लंबे दौर के आसार साफ दिखाई दे रहे हैं।

## लव जेहाद और...

विजयी ध्वजा लहरा रही है, वैसे ही हर सनातनी के घर पर धर्मध्वजा दिखनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा भी डबल इंजन सरकार की बदौलत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है। उन्होंने लोगों के सुख-शांति, प्रगति और खुशहाली की कामना की। नशे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ह्लसीमा पार से नशे के कारोबार को फैलाने की साजिशें लगातार हो रही हैं। नशा नाश का कारण है और यह समाज की सोचने की क्षमता को नष्ट कर देता है। यदि हम जागरूक नहीं हुए तो भावी पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। योगी आदित्यनाथ ने संतों से आग्रह किया कि हर धार्मिक आयोजन में धर्मांतरण, लव जेहाद और नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की जाए। उन्होंने बताया कि नाथ संप्रदाय के योगी पारंपरिक रूप से सारंगी बजाकर गांव-गांव जाकर जनजागरण करते थे, जो समाज को जागृत करने की प्रभावी पद्धति थी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म दुनिया की सबसे प्राचीन परंपरा है, जिसकी साधना और सिद्धांतों ने मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। आदिनाथ भगवान शिव की उपासना उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक भारत की एकात्मता का प्रतीक है। नाथ सिद्धों ने 12 उपपंथों के माध्यम से सनातन की शिक्षाओं को सर्वसुलभ किया है। भंडारे की व्यवस्था और विशाल जनसमूह को देखकर मुख्यमंत्री ने इसे अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि यह आयोजन प्रयागराज महाकुंभ की स्मृति दिलाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने, योग और ध्यान की परंपरा को आगे बढ़ाने और स्वस्थ व सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने वाले हैं। कार्यक्रम में सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ, बाबा पालनाथ और उनके गुरु भाई सहित शिव परिवार एवं बजरंग बली की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस मौके पर बाबा मस्तनाथ पीठ के महंत व विधायक योगी बालक नाथ, महंत नरहरिनाथ, चेताईनाथ, राजनाथ सहित अनेक संत एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चुनाव आयोग ने ...

दिसंबर 2025 तक पूरी की जाएगी। नियंत्रक तालिका के अद्यतन और ड्राफ्ट मतदाता सूची की तैयारी का कार्य 12 से 15 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा, जबकि ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर 2025 को होगा। दावों और आपत्तियों को जमा करने की अवधि 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। नोटिस चरण, जिसमें जारी करना, सुनवाई, सत्यापन तथा गणना प्रपत्रों और दावों-आपत्तियों पर निर्णय शामिल हैं, 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक चलेगा। मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जांच और अंतिम प्रकाशन की अनुमति 10 फरवरी 2026 तक पूरी की जाएगी, जबकि अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग देश के 12 राज्यों जिसमें पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शामिल है, में मतदाता सूची को अपडेट कर रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग नागरिकता और स्थानीय निवास के आधार पर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और हटाने की विशेष जांच पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया चला रहा है। दूसरी ओर विपक्ष इसको लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर हमलावर है। विपक्ष की ओर से आज सर्वदलीय बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार बड़ी जल्दबाजी में एसआईआर की प्रक्रिया संचालित कर रही है। आज इसकी तारीखों को एक सप्ताह आगे बढ़ाया गया है। हमें लगता है कि कोई मतदाता सूची से छूटे नहीं इसके लिए इसमें और अधिक समय लिया जाना चाहिए।

## सोनिया और...

जुड़ी कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को धोखाधड़ी से अपने कब्जे में लेने के लिए आपराधिक साजिश रची गयी । प्राथमिकी अक्टूबर को ईडी की शिकायत पर दर्ज हुयी । ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट दिल्ली पुलिस के साथ साझा की थी। पीएमएलए की धारा 66(2) के तहत ईडी किसी एजेंसी से 'अनुसूचित अपराध' दर्ज करने को कह सकती है। आरोप के अनुसार डोटेक्स कोलकाता की कथित शेल कंपनी बताई जाती है, जिसने यंग इंडिया को एक करोड़ दिए थें। इस लेन-देन की मदद से यंग इंडिया ने कांग्रेस को 50 लाख देकर करीब 2,000 करोड़ की संपत्ति वाली एजेएल पर नियंत्रण पा लिया ।

## नए साल की...

महिला टी-20 वर्ल्ड कप की ऐतिहासिक जीत के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि पूरे महीने भारतीय खेलों का दबदबा रहा और महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियां विशेष रूप से चर्चा में रहीं। प्रधानमंत्री ने टोक्यो में आयोजित बधिर ओलंपिक खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भारत ने 20 पदक जीते। इसके अलावा महिला खिलाड़ियों ने क्रिकेट और कबड्डी में विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। मुक्केबाजी के विश्व कप में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 पदक अपने नाम किए। प्रधानमंत्री ने ब्लाइंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप जीत को देश के खेल इतिहास की सबसे प्रेरक उपलब्धियों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि यह टीम बिना एक भी मैच हारे टूर्नामेंट जीतने में सफल रही। उन्होंने प्रधानमंत्री निवास पर टीम से मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों का हौसला और जज़्बा देश के युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा है। साथ ही उन्होंने देश में मैराथन और बायकोथन जैसी सहनशक्ति वाले खेलों की बढ़ती लोकप्रियता का भी उल्लेख किया। उन्होंने आयरनमैन ट्रायथलॉन का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे कठिन खेल आज देश में फिटनेस संस्कृति को मजबूत कर रहे हैं। युवाओं पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की लगन ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने इसरो द्वारा आयोजित ड्रोन प्रतियोगिता का उल्लेख किया, जिसमें युवा टीमें मंगल जैसी परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने का प्रयास कर रही थीं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ड्रोन कई बार गिरते, क्रैश होते और फिर दोबारा प्रयास किया जाता था। पुणे की एक टीम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि लगातार प्रयासों के बाद उसका ड्रोन मंगल जैसी स्थिति में कुछ देर तक उड़ने में सफल रहा। प्रधानमंत्री ने इसे चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान-3 की सफलता से जोड़ते हुए युवाओं की जिजीविषा और वैज्ञानिकों के समर्पण की मिसाल बताया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज देश शहद उत्पादन में नये रिकॉर्ड बना रहा है। 11 वर्ष पहले जहां देश में शहद का उत्पादन 76 हजार टन था, वहीं अब यह डेढ़ लाख टन से भी अधिक हो चुका है। शहद का निर्यात भी तीन गुना से ज्यादा बढ़ गया है। प्रधानमंत्री ने 'हनी मिशन' के तहत खादी ग्रामोद्योग द्वारा 2.25 लाख से अधिक बी-बॉक्स वितरित किए जाने की जानकारी दी, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके के सफ़ेद शहद 'सुलाई हनी' को जीआई टैग मिलने का उल्लेख किया। इसके अलावा कर्नाटक के पुत्तुर और तुमकुरु जिलों में शहद उत्पादन से जुड़े किसानों की सफलता की कहानियों का जिक्र किया। नागालैंड के चोकलांगन गांव की खियामनि-यांगन जनजाति द्वारा जोखिम भरे तरीके से शहद संग्रह करने की परंपरा का भी उन्होंने उल्लेख किया और इसे प्रकृति के प्रति सम्मान का उदाहरण बताया। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री का यह 'मन की बात' संदेश स्वदेशी, खेल, युवा शक्ति और किसान समृद्धि के चारों स्तंभों पर केंद्रित रहा, जिसमें उन्होंने देशवासियों से सामूहिक प्रयास और आत्मनिर्भरता की भावना को और मजबूत करने का आह्वान किया।

## ए 320 परिवार...

का काम पूरा कर लिया है। एयर इंडिया ने 100 विमानों पर अपडेट पूरा कर लिया है जबकि उसके चार विमान बेस मेंटेनेंस के लिए गये हुए हैं और नौ अन्य पर यह अपडेट लागू नहीं होता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 25 में से 23 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है जबकि दो अन्य मरम्मत के लिए गये हुए हैं। अपडेट से पहले इन विमानों के उड़ान भरने पर प्रतिबंध के कारण शनिवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की कम से कम चार उड़ानें रद्द हुई थीं जबकि एयर इंडिया और इंडिगो ने किसी उड़ान के रद्द होने की सूचना नहीं है हालांकि कुछ उड़ानों में देरी जरूर हुई है। जेटब्लू का कानकुन से नेवार्क जा रहा विमान उड़ान के दौरान अचानक कुछ देर के लिए काबू से बाहर हो गया जिससे 15 यात्री घायल हो गये। पायलट ने बताया कि विमान के कंट्रोल उस तरह से काम नहीं कर रहे थे जैसे करने चाहिये।

# टिहरी झील बनेगी अंतरराष्ट्रीय एडवेंचर स्पोर्ट्स हबः मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**टिहरी झील पर 'इंटरनेशनल प्रेसिडेंट कप-2025' व 'चतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप-2025' का समापन**

**राज्य में बनेगी 23 नई खेल अकादमियां, हर साल 920 इंटरनेशनल एथलीट तैयार होंगे**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'इंटरनेशनल प्रेसिडेंट कप-2025' व 'चतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप-2025' को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि टिहरी झील अब केवल ऊर्जा उत्पादन या जल प्रबंधन का केंद्र नहीं रह गई है, बल्कि पर्यटन, साहसिक खेलों और स्थानीय लोगों की आजीविका के नए अवसरों का सबसे बड़ा आधार बन चुकी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को टिहरी झील तट पर आयोजित ल्लइंटरनेशनल प्रेसीडेंट कप-2025'' एवं ल्लचतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप-2025'' समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर का और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है और टिहरी झील को वैश्विक साहसिक खेल मानचित्र पर स्थापित करती है। मुख्यमंत्री ने भारत और विभिन्न देशों से आए खिलाड़ियों से संवाद भी किया और उनके उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और खेल प्रेमियों का स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने के लिए टीएचडीसी, एशियन कायकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन, उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन सहित सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि यहां समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहें, ताकि साहसिक खेलों के साथ-साथ पर्यटन गतिविधियों को भी निरंतर बढ़ावा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल न केवल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और संघर्षशीलता जैसी आवश्यक जीवन मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय खेलों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा 2023 में चीन में हुए एशियाई खेलों में भारत ने रिकॉर्ड 107 पदक जीतकर नया इतिहास रचा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत 2030 में अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा केंद्र सरकार ने खेल बजट को भी तीन गुना बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की सफलता ने राज्य को ल्लदेवभूमिङ्क के साथ-साथ ल्लखेलभूमिङ्क के रूप में भी स्थापित किया है। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि राज्य के खिलाड़ियों ने पहली बार राष्ट्रीय खेलों में 103 पदक जीतकर 7 वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना तैयार करने की दिशा में लगातार कार्य किया है, जिसके परिणामस्वरूप उत्तराखंड अब अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने में सक्षम हो चुका है। उन्होंने बताया कि हाल ही में देहरादून स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्थित आइस रिंक में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसने भारत में शीतकालीन खेलों के एक नए युग का द्वार खोला है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य में शीघ्र ही स्पोर्ट्स लेगेसी प्लानङ्क लागू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियाँ स्थापित की जाएँगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार हल्द्वानी में राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने के लिए भी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि नई खेल नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है, वहीं स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रशिक्षण और शिक्षा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, उदीयमान खिलाड़ी योजना, खेल-किट योजना, मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, खेल छात्रवृत्ति, उत्तराखंड खेल रत्न पुरस्कार, हिमालय खेल रत्न पुरस्कार और प्रशिक्षकों के लिए देवभूमि उत्तराखंड द्रोणाचार्य अवार्ड जैसी व्यवस्थाएँ राज्य में खेलों के व्यापक विकास के लिए प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं। इसके साथ ही राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए चार प्रतिशत खेल-कोटा भी पुनः लागू किया गया है।

समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना है और यह प्रसन्नता की बात है कि सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से सकारात्मक खेल-भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने राज्य के युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करते रहें। उन्होंने आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार उनके सपनों को पंख देने और हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। उत्तराखंड और देश के खिलाड़ी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम और अधिक ऊँचा करेंगे।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक किशोर उपाध्याय, जिलाधिकारी सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, आयोजन समिति टीएचडीसी के सीएमडी सीपन गर्ग , देश और विश्व भर से आए हुए खिलाड़ी व स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## सड़क हादसे में एक महिला की मौत, पांच घायल

नई दिल्ली । बाहरी उत्तरी जिले के नरेला–बवाना रोड स्थित घोगा क्रॉसिंग के पास रविवार तड़के सड़क हादसे में एक 21 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तड़के करीब 5:14 बजे हुआ, जब कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। पुलिस के मुताबिक, एक राहगीर संजीव ने दुर्घटना की जानकारी दी। घायलों को तुरंत सरोज अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान ज्योति (21) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान खरखौदा निवासी प्रशांत, नरेला निवासी अमित, एक महिला, एक छह साल बच्चा और अज्ञात महिला के रूप में हुई है। हादसे के कारणों की जांच जारी है।

## परवाहा में आयोजित शिविर में 25 नए युवाओं ने किया रक्तदान,निशु केसरी हुए सम्मानित

अररिया। फारबिसगंज के परवाहा हाट पर एक निजी विद्यालय में लाइफ सेवियर फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक के तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण मेहता एवं प्रखंड प्रमुख ओमप्रकाश पासवान ने किया। कैंप में कुल 25 नए रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। पिछले 15 महीने में पांच बार रक्तदान करने के लिए परवाहा वार्ड संख्या 09 निवासी युवा निशु केसरी को आयोजकों द्वारा प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निशु केसरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से जागरूकता बढ़ती है, और समाज में सौहार्दपूर्ण संदेश जाता है। निशु ने युवाओं से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। मौके पर एचडीएफसी बैंक के रोहित झा, विजन वैली एकेडमी के डायरेक्टर उज्वल चौधरी, प्रिंसिपल तरंग वर्मा, देवजीत रे, प्रसन्न चौधरी, संजय तालुकदार, नवल राही,अवनीश रंजन, गौरव चौधरी, विभाष केसरी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सैदाबाद में एसएसबी ने तस्करी के 26.4 लीटर नेपाली शराब किया जब्त

अररिया। एसएसबी 52वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी सैदाबाद को विशेष गश्ती टीम ने रविवार को नेपाल से तस्करी कर लाए जा रहे 26.4 लीटर नेपाली शराब को जब्त किया। भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों के द्वारा की जा रही विशेष गश्ती के दौरान टीम ने देखा कि नेपाल साइड से तस्करी का शराब लाया जा रहा है।जिसके बाद एसएसबी जवानों ने दौड़ लगाई तो तस्कर शराब को छोड़कर नेपाल की ओर भाग गया।जिसे एसएसबी जवानों द्वारा शराब को जब्त कर कागजी कार्रवाई करने के बाद अररिया मद्य निषेध विभाग को जब्त शराब सौंप दिया।

## खिदमत फाउंडेशन के स्थापना पर 26 युवाओं ने जरूरतमंदों के लिए किया रक्तदान

अररिया। फारबिसगंज में समाज सेवा को लेकर तत्पर युवाओं के द्वारा सामाजिक संगठन खिदमत फाउंडेशन की स्थापना रविवार को की गई। संस्था के कार्यकलापों का आगाज जरूरतमंदों के लिए रक्तदान से किया गया।लायंस नेत्रालय के लायंस ब्लड सेंटर में अध्यक्ष शौकत अंसारी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाया गया,जिसमें 26 युवाओं ने जरूरतमंदों के लिए अपना रक्त फाउंडेशन के माध्यम से दान दिया। मामले की जानकारी देते हुए संस्था के सदस्य एवं पार्षद इरशाद सिद्दीकी ने बताया कि आज रक्तदान शिविर में 26 युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। पहली बार रक्तदान को लेकर युवा काफी उत्साहित दिखे। सदस्य राशिद जुनैद ने बताया कि खिदमत फाउंडेशन की नींव समाज सेवा के उद्देश्य से की गई है।आज रक्तदान शिविर से संगठन का शुभारम्भ हुआ है। भविष्य में फाउंडेशन बुजुर्गों, महिलाओं, निर्धनों, लाचारों के उत्थान के लिए कई स्तर पर कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है। रक्तदाता सौरव कुमार ने कहा कि हम नियमित रक्तदाता है, रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि रक्तदान से कॉलेस्ट्रॉल बाहर आता है, आयरन की मात्रा संतुलित होती है। ब्लड का गाढ़ापन कम हो जाता है और तरलता बढ़ती है। रक्तदान से खून का थक्का या ब्लड क्लोटिंग नही होती, जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। वही कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। सदस्य मजहर अफरोज ने कहा कि पिछले दिनों कई बार रक्त की कमी से मरीजों को हमलोगों ने जूझते देखा इसलिए नियमित तौर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने की योजना है। मौके पर रक्तदान करने वालों में मो. इलताफ, फारूक खान, सौरभ कुमार, रब्बान आलम, मुबारक हुसैन, मो. आसिफ, शहजादा अंसारी, मेराज अंसारी, अब्दुल रहमान, रिजवान आलम, मो0 रिजवान, तबारक हुसैन, अब्दुल माजीद, शाहबाज अंसारी, साहेब रजा, कामरान अंसारी, ओसामा अनवर, मो. हसन, राशिद अली, आशिफ अंसारी, मो.शौकत, मो. सुलेमान, मिराज अंसारी, मो. तालीम, मो. आशिक, मो. शाहिद ने रक्तदान दिया। वही इस मौके पर सैफ अली खान, इम्तियाज भारती , सादिक जुनैद,कलाम, मुखिया प्रतिनिधि कफ़ील अंसारी,सन्नी, बिक्की,डॉक्टर महताब आलम आदि मौजूद थे।

## हरिद्वार जिले के पुलिस उपाधीक्षक विवेक कुमार एवं नरेन्द्र पंत अपर पुलिस अधीक्षक पद पर प्रोन्नत

हरिद्वार। राज्य सरकार ने हरिद्वार में नियुक्त दो पुलिस उपाधीक्षक का प्रोन्नत कर अपर पुलिस अधीक्षक बना दिया है। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार ने दोनों अधिकारियों के कंधों पर अशोक स्तम्भ पहना कर अलंकृत किया। पुलिस मुख्यालय ने वरिष्ठता के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक से अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए पुलिस उपाधीक्षक मंगलौर विवेक कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक रुड़की नरेंद्र पंत को एसएसपी कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में अशोक स्तंभ से अलंकृत कर पदोन्नति की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा, समर्पण और कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि कर्तव्य के प्रति उम्मीदों का विस्तार भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों अधिकारी अपने अनुभव, कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता से जनपद की कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

# वाइस एडमिरल संजय साधु युद्धपोत उत्पादन और अधिग्रहण के नियंत्रक नियुक्त, कार्यभार संभाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मौजूदा सीडब्ल्यूपीएंडए राजाराम स्वामीनाथन 38 साल की सेवा के बाद 30 नवंबर को रिटायर हुए**

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल संजय साधु को युद्धपोत उत्पादन और अधिग्रहण का नियंत्रक (सीडब्ल्यूपीएंडए) नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस पद पर कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने वाइस एडमिरल राजाराम स्वामीनाथन का स्थान लिया, जो देश के लिए 38 साल की शानदार सेवा के बाद 30 नवंबर को रिटायर हुए हैं। राजाराम स्वामीनाथन के कार्यकाल के दौरान भारतीय नौसेना में आठ जहाज शामिल किए गए।

भारतीय नौसेना में 1987 में कमीशन हुए वाइस एडमिरल संजय साधु मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएट और डिफेंस और स्ट्रेटेजिक स्टडीज में एमफिल हैं। वह एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विराट पर अलग-अलग क्षमताओं में और फ्रंट लाइन फ्रिगेट आईएनएस ब्रह्मपुत्र और आईएनएस दूनागिरी पर तैनात रहे हैं। फ्लैग रैंक पर प्रोन्नति से पहले उन्होंने नेवल डॉकयार्ड (मुंबई) में एडिशनल जनरल मैनेजर (प्रोडक्शन), नेवल शिप रिपेयर यार्ड (कारवार) के कमोडोर सुपरिंटेंडेंट और नई दिल्ली के नौसेना मुख्यालय में प्रिंसिपल डायरेक्टर मरीन इंजीनियरिंग सहित कई महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं।? यह पद संभालने से पहले उन्होंने नई दिल्ली में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल प्रोग्राम के प्रोग्राम डायरेक्टर के तौर पर काम किया।

नौसेना के मुताबिक वे रूस से एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रमादित्य के मॉडर्नाइजेशन और एक्विजिशन में भी शामिल थे।? इस प्रोजेक्ट में वह अलग-अलग पदों पर रहे हैं, जिसमें वॉरशिप ओवरसीइंग टीम (सेवेरोडविंस्क), रूस में सीनियर नेवल इंजीनियर ओवरसियर, डायरेक्टर एयरक्राफ्ट कैरियर प्रोजेक्ट्स और नेवल हेडक्वार्टर, नई दिल्ली में प्रिंसिपल डायरेक्टर एयरक्राफ्ट कैरियर प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। फ्लैग रैंक पर प्रोन्नति के बाद उन्होंने एडिशनल डायरेक्टर जनरल वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो (सबमरीन डिजाइन ग्रुप), चीफ स्टाफ ऑफिसर (टेक्निकल), ईस्टर्न नेवल कमांड, एडमिरल सुपरिंटेंडेंट डॉकयार्ड (विशाखापत्तनम) और चीफ स्टाफ ऑफिसर (टेक्निकल), वेस्टर्न नेवल कमांड के तौर पर काम किया। वाइस एडमिरल संजय साधु को भारत के पश्चिमी और पूर्वी तट पर दो बड़े डॉकयार्ड को हेड करने और वेस्टर्न और ईस्टर्न नेवल कमांड के चीफ स्टाफ ऑफिसर (टेक्निकल) होने का खास सम्मान मिला है। वह गोवा के नेवल वॉर कॉलेज के छात्र रहे हैं। बेहतरीन सेवा के लिए उन्हें राष्ट्रपति ने अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल से सम्मानित किया है। अपने 38 साल से? ज्यादा के करियर के दौरान फ्लैग ऑफिसर ने कई जरूरी ऑपरेशनल, स्टाफ और यार्ड अपॉइंटमेंट्स पर काम किया है।

## छुट्टी में घर आए एसएसबी जवान का गड्ढे में संदिग्ध हालत में मिला शव

अररिया। जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय एसएसबी जवान अजित कुमार उर्फ सूरज की गड्ढे में संदिग्ध हालत में रविवार को शव मिला। उनके मौत के पीछे पानी में डूबने की आशंका व्यक्त की जा रही है। उनका शव बथनाहा थाना क्षेत्र के सीता धार के निकट एक गड्ढे से बरामद किया गया। अजित अपने पीछे पत्नी, एक बेटे और एक बेटी को छोड़ गया है।बथनाहा थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेजा है। मृतक अजित कुमार की पत्नी का नाम कल्पना है। उनके 10 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार और 3 वर्षीय पुत्री बन्दना कुमारी हैं।संदिग्ध हालत में शव मिलने के बाद से परिवार में शोक का माहौल है। अजित कुमार नरपतगंज के पलासी पंचायत वार्ड नंबर 2 के निवासी थे। उनकी पोस्टिंग जोगबनी थाना क्षेत्र के भेड़ियारी कैंप में थी। वे छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। शनिवार रात को वह दोस्तों के साथ बाहर गए थे, जिसके बाद वह देर रात तक घर नहीं लौटा।परिवार वालों ने उनकी काफी खोजबीन की,लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया और बाद में सीताधार के निकट गड्ढे में संदिग्ध हालत में शव मिला।

# राष्ट्रीय अधिवेशन की गंभीर चिंताएं: एक भारत-श्रेष्ठ भारत की राहों में विध्वंसकारी ताकतों के अंत का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन न सिर्फ आत्मनिर्भर भारत की सुंदर तस्वीर सामने रखता है बल्कि देश को प्रगति के पथ से पृथक करने की कोशिश जैसे गंभीर मुद्दे भी रखें गये। इसके अलावा तमिलनाडु में हिन्दी का विरोध, कई प्रांतों में कलमधारी और बंदूकधारी माओवाद, बंगाल में रोहिंग्या व बंगलादेशी घुसपैठ और भारत के कई प्रांत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लागू न होने पर चर्चा हुई। राष्ट्र चिंतन का यह महायज्ञ अधिवेशन छात्रों को राष्ट्र उन्नति के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता है। अखिल भारती विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए सजे बिरसा मुंडा नगर में प्रवेश करते ही भारत की गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिलती है। नगर में सब कुछ है, भारत की उपलब्धियां, क्रांतिकारी रानी अब्बक्का, भगवान बिरसामुंडा, विवेकानंद के विचार, डॉ हेडगेवार की संगठनात्मक शक्ति, ज्ञान-विज्ञान सब कुछ लेकिन शनिवार शाम को खुला अधिवेशन में कई राष्ट्र की गंभीर चिंता को भी सामने लाया है। खुला अधिवेशन में विद्रव की एक बेटी ने माओवाद पर चिंता जताई। उनकी चिंता वाकई गंभीर थी। असल में छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र के कई क्षेत्र नक्सल वाद से प्रभावित है। यहां माओवादी और वामपंथी उग्रवाद राष्ट्र के विकास चक्र के पहिए को रोक रहा है। बंदूकधारी और कलमधारी गैंग लगातार भारत की अखंडता, संप्रभुता को छिन्न-भिन्न करना चाहते हैं। ऐसे में भारत सरकार इन राज्योंमें ऑपरेशन कागार के जरिए माओवाद और वामपंथी उग्रवाद का समाप्त कर रही है। ऑपरेशन से अब माओवादी आत्म समर्पण करने को मजबूर हैं। ऑपरेशन कागार का अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में खुला समर्थन किया गया और छात्र कार्यकर्ताओं ने इसे मिटाने का संकल्प भी लिया। अभाविप के खुला अधिवेशन में तमिलनाडु के प्रति एक गंभीर चिंता सामने आए। तमिलनाडु हिंदी का विरोध कर रहा है और इस आंदोलन को देश की विभाजनकारी ताकतें समर्थन दे रही है। हिन्दी राष्ट्रीय भाषा है और हिन्दुस्तान में हिन्दी का विरोध किसी गंभीर समस्या से कम नहीं है। यहां भाषाई संघर्ष 21वीं सदी में भी जारी है। अभाविप इसे गंभीर समस्या मानती है और इस समस्या के हल को लेकर ठोस पहल की आवश्यकता पर खुला अधिवेशन में जोर दिया गया।

# बनेखखाल के कुंड गांव में बंजर भूमि को फिर से किया आबाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल। विकासखण्ड कल्जीखाल के बनेखखाल क्षेत्र के ग्राम कुण्ड ने सहकारिता के माध्यम से सामूहिक कृषि का एक ऐसा प्रेरणादायक मॉडल विकसित किया है, जिसने पूरे जनपद में ग्रामीण नवाचार की नयी मिसाल कायम की है। साधन सहकारी समितियों ने मिलकर 'वीर माधो सिंह भण्डारी संयुक्त सहकारी खेती' की स्थापना की और 133.14 नाली बंजर और वर्षों से अनुपयोगी पड़ी भूमि को पुनः कृषि योग्य बनाकर एक जीवंत कृषि क्लस्टर में परिवर्तित कर दिया। इस कार्य में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, प्रगतिशील कृषकों और सहकारी समितियों के सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके अथक प्रयासों से यह क्षेत्र आज फूलों और सब्जियों की सुवास से महक रहा है। परियोजना में कुल 22 कृषक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। फ्लोरीकल्चर के अंतर्गत ग्लेडियोलस, गुलदाउदी और डेज़ी के फूलों की सफल खेती की जा रही है। इसके साथ ही पॉलीहाउस आधारित उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियों का उत्पादन भी आरंभ हो चुका है, जिसने किसानों की नियमित आय को एक मजबूत आधार प्रदान किया है।

# बिहार के पूर्वी चंपारण में बेकाबू ट्रक ने 8 बाईक और एक ई-रिक्शा को रौदा,5 की मौत आधा दर्जन घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र स्थित एनएच-27 के दीपऊ मोड़ पर रविवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल है,जिनमे कई लोगो की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर बताया गया कि एक तेज रफ्तार अनियंत्रित यूपी नंबर के ट्रक ने आठ बाइक और एक ई-रिक्शा को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि सड़क पर कई शव क्षत-विक्षत अवस्था में बिखर गये। प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक के नीचे बाइक फंसने के कारण ही ट्रक कुछ दूरी पर रुक पाया,वरना हादसे में कई और मारे जाते। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। प्रशासन की मदद से घायलों को सदर अस्पताल और अन्य निजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा गया। हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया और एनएचएआई की एक गाड़ी में आग लगा दी। लोगों का कहना है इसी गाड़ी के चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। इधर, हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर कैंप कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे है। प्रत्यक्षदर्शी हरिशंकर ने बताया कि ट्रक काफी तेज गति में था और अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया था। ट्रक ने पहले सड़क पार कर रही पांच बाइकों को रौंदा, इसके बाद एक ई-रिक्शा को भी ठोकर मारते हुए आगे की ओर निकलता जा रहा था,तभी ट्रक के चक्का में एक बाइक फंस गयी और ट्रक रूक गया अन्यथा हादसा और बड़ा हो सकता था। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस गाड़ी के निबंधन से उसके मालिक से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। फिलहाल मौके पर लोगो की भारी भीड़ जुटी है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063